मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024

वर्ष 5, अंक 247, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 16

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 15


## हाइब्रिड मॉडल नहीं तो पाक के बिना ही होगी चैंपियंस ट्रॉफी : आईसीसी

- पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं, भारत के बिना टूर्नामेंट खेलने पर नहीं मिलेगा पैसा

**नई दिल्ली/दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अड़ियल रुख पर कड़ा रवैया अपनाते हुए कहा है कि वह या तो हाइब्रिड मॉडल अपनाए या फिर इस प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए तैयार रहे। पीसीबी ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड की आपात बैठक में हाइब्रिड मॉडल के अनुसार प्रतियोगिता की मेजबानी करने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत के पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करने के बावजूद पीसीबी ने एक बार फिर हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया, जिसके बाद आम सहमति नहीं बन सकी। आईसीसी के सूत्र ने कहा कोई भी प्रसारणकर्ता आईसीसी की ऐसी किसी भी प्रतियोगिता के लिए पैसा नहीं देगा जिसमें भारत शामिल न हो। पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के बाद ही शनिवार को आईसीसी की बैठक होगी। यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं करता है तो चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन एक अन्य देश में किया जा सकता है और उसमें पाकिस्तान शामिल नहीं होगा।

### पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बीसीसीआई के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब नियमित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी। नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। शाह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

## राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर प्रवर्तन निदेशालय का छापा

### कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी, पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में ईडी ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था। सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने पोर्न फिल्म बनाने के ठिकाने पर छापेमारी की और कुंद्रा समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। ताजा कार्रवाई में ईडी ने 27 नवंबर को नोटिस दिया था।

### 40 प्रतिष्ठानों पर आयकर की छापेमारी जारी

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं। टैक्स चोरी, मुखौटा कंपनियां व खरीद-फरोख्त में बड़ी गड़बड़ियों के साक्ष्य मिलने की सूचना है।

## एक नजर

### डॉ. रतन पाल सिंह बने स्वास्थ्य महानिदेशक



**लखनऊ।** प्रदेश में महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को नया स्वास्थ्य महानिदेशक बनाया गया है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी आदेश में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण बनाया गया है। अन्य आदेश में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। अपर निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. सुशील गुप्ता को बलरामपुर अस्पताल का निदेशक नियुक्त किया गया है।

### मप्र में करंट लगने से जंगली हाथी की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कुंआ गांव में करंट लगने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 केवी की विद्युत लाइन के तार के छू जाने के कारण गुरुवार की रात एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु हाथी को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

### नौसेना ने पकड़ा 500 किग्रा क्रिस्टल मेथ

**मदुरै।** भारतीय और श्रीलंकाई नौसेनाओं ने एक संयुक्त अभियान में अरब सागर में श्रीलंकाई ध्वज वाले दो मछली पकड़ने वाले जहाजों से लगभग 500 किलोग्राम क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त किया। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि नौसेना ने श्रीलंकाई नौसेना से अरब सागर में श्रीलंकाई ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाजों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में करीब 500 किग्रा नशीला पदार्थ जब्त किया गया।

### टीएमसी के पूर्व नेता कुंतल घोष को बेल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व युवा नेता कुंतल घोष को जमानत (बेल) दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले में निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की संभावना नहीं है, जबकि घोष पिछले 19 महीनों से हिरासत में हैं।

# निचली अदालत मस्जिद सर्वे पर आगे न बढ़े

### संभल विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा, तब तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है। वादीगण के अनुसार, शाही जामा मस्जिद का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने श्री हरिहर मंदिर को ध्वस्त कर 1526 में करवाया था।




चंदौसी में कोर्ट के बाहर मौजूद भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल में हुई हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका में संभल के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, संबंधित एसएचओ तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से यह याचिका दाखिल की गई। इसके अलावा पुलिस की गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन कुमार यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई है।

### सुनवाई टली, अब 8 जनवरी को होगी

- कड़ी सुरक्षा के बीच पेश हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ता
- सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया 10 दिन का समय

**चन्दौसी।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी। अदालत ने कहा कि इस बीच जामा मस्जिद में कोई सर्वे नहीं होगा। सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष से विष्णु शंकर जैन के स्थान पर श्रीगोपाल शर्मा और मुस्लिम पक्ष की ओर से शकील वारसी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट में दिन में 11.20 बजे सुनवाई शुरू हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने प्रार्थना पत्र देकर सर्वे रिपोर्ट तैयार नहीं होने की बात कही। रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने 10 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने मंदिर पक्ष के दावे की कापी नहीं मिलने की बात कही। कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को दावे की कापी देने के निर्देश दिए।

### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज के समक्ष सुनवाई की तिथि 8 जनवरी तय है।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विस्तार से विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

## दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 5.4 प्रतिशत पर आई

- दो साल के निचले स्तर पर, एक साल पहले 8.1 % पर थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जीडीपी एक निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मुल मूल्य को बताता है।

आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था धीमी होकर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत रहा था। जीडीपी वृद्धि में आई इस सुस्ती के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर (सकल मूल्य वर्धन) पिछली तिमाही में 3.5 प्रतिशत हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.7 प्रतिशत थी। हालांकि आलोच्य अवधि में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले साल की समान अवधि में 14.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

### चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 6 % की वृद्धि

दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि छह प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी हुई है। एनएसओ ने एक बयान में कहा कि 2024-25 की दूसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 44.10 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 2023-24 की दूसरी तिमाही में यह 41.86 लाख करोड़ रुपये थी। यह जीडीपी में सालाना आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

## पार्टी की मजबूती को लेंगे कठोर निर्णय



- पार्टी वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाद्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उसे हरियाणा में भी आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा था। खरगे ने कहा हमें तुरंत चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश हैं। उन्होंने कई प्रदेशों में पार्टी के भीतर गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए कहा कि सबसे अहम बात जो मैं बार-बार कहता हूं कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। खरगे ने कहा कि जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे?

### बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

**रांची।** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

## संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

- गतिरोध बरकरार, विपक्ष के हंगामे से नहीं चले दोनों सदन

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

अब कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर को शुरू होगी। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया। लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और सपा के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

### सज्जन कुमार के एक मामले में 16 को फैसला

- 1984 के सिख विरोधी दंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत 1984 के सिख-विरोधी दंगों के सिलसिले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के एक मामले में 16 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगी। यह मामला सिख-विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की कथित हत्या से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को शुक्रवार को आदेश पारित करना था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया कि फैसला तैयार नहीं है। अदालत ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## महाराष्ट्र में बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत

- गोंदिया जिले में दोपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में हादसा

गोंदिया, एजेंसी

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बस 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन सड़क अर्जुनी तालुका के खजरी गांव में अचानक सामने आए दोपहिया वाहन से टकराने से बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगाया जिससे बस पलट गई। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। शिंदे ने कहा कि जरूरत पड़ने पर घायलों को विशेष उपचार के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया जाए जिसका खर्च राज्य सरकार देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपये की मदद देने की घोषणा की।

### सात हत्यारोपियों को मौत की सजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के चुचुरा में जिला सत्र न्यायालय ने 2020 में एक व्यक्ति की जघन्य हत्या के मामले में सात लोगों को मौत की सजा सुनाई है। सभी पर बिष्णु मल की हत्या करने और शव को क्षत-विक्षत करने का दोष सिद्ध हुआ तथा एक अन्य को मृतक के अंग को नष्ट करने का दोषी पाया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चुचुरा ने मल की हत्या के लिए गुरुवार को विशाल दास और उसके छह अन्य साथियों को मौत की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार, दास और उसके सहयोगियों ने 11 अक्टूबर 2020 को मल को उसके घर के पास से अगवा कर उसकी हत्या कर दी और शव के टुकड़े कर फेंक दिए।

**विडंबना** लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बना बड़ी वजह, अमृत विचार ने वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर जाना सर्जरी का भविष्य

## सर्जिकल विशेषज्ञता लेने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर्स

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन्स की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं।

पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।



"विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सरजन्स की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

– **प्रो. निशा सिंह**, क्वीन मेरी, केजीएमयू



"मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

– **डॉ. अंकित पचौरी**, पूर्व उपाध्यक्ष आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ



"जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– **प्रो. जेडी रावत**, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जरी, केजीएमयू



"सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी करने का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं। इतना ही नहीं नॉन क्लीनिकल ब्रांचों में भी मेडिकल छात्र बढ़ रहे हैं। – **डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल**, बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली।

## एक नजर

### सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी मस्जिद पर रहा पुलिस बल तैनात

**संभल, अमृत विचार :** जामा मस्जिद प्रकरण को लेकर व जुमे की नमाज को लेकर जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर को जुमे की नमाज भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। वहीं सीओ व प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों की गश्त करते रहे। नमाज शांति से संपन्न होने पर पुलिस ने राहत महसूस की।

### जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

**गुन्नौर, अमृत विचार :** संभल में बवाल के बाद पहले जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट रही। मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ ही पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मोहल्ला इटाली स्थित सुन्नी नूरानी मदीना मस्जिद, जामा मस्जिद, जुलेपुरा स्थित मक्की मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद और बेरी वाली मस्जिद के आसपास पुलिस चौकसी रखी गई। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, कोतवाल ओपी गौतम ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल गश्त की।

### असमोली क्षेत्र में भी अलर्ट रही पुलिस, ड्रोन से निगरानी

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** जामा मस्जिद सर्वे के विरोध में रविवार को हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया। असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी व शहबाजपुर कला में जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। इसी के साथ पुलिस ने मस्जिदों व सड़क के किनारे बसे घरों की छतों पर ड्रोन से निगरानी की। मस्जिदों के मौलानाओं व ग्रामीणों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देकर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।



भ्रमण कर हालात का जायजा लेते कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी। साथ में हैं डीएम व एसपी।



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

## संभल में कमिश्नर व डीआईजी संभाले रहे मोर्चा, डीएम, एसपी भी बनाए रहे निगाह, इंटरनेट चालू

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में जुमे की नमाज को लेकर शहर छावनी बना रहा। बेहद कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच जामा मस्जिद में सीमित संख्या में मुसलमानों ने नमाज अदा की। संभल में पुलिस बल की तैनाती के साथ सतर्कता अभी जारी रहेगी। शुक्रवार शाम को छठे दिन इंटरनेट से पाबंदी हटी तो लोगों ने राहत की सांस ली। संभल में माहौल बिगड़ने की आशंका से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि शनिवार से बाजार में चहल पहल की उम्मीद जताई की जा रही है। समाजवादी पार्टी के शिष्टमंडल ने आज संभल आने की घोषणा की है लेकिन प्रशासन सपा नेताओं को आने देगा ऐसा अभी नजर नहीं आ रहा है।

जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान रविवार को हुई हिंसा के बाद से संभल में तनाव के माहौल के बीच भारी पुलिस बल तैनात है। बवाल के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने संभल को छावनी में तब्दील कर दिया। डीआईजी मुनिराज जी सुबह 9 बजे सड़क पर उतर आए थे। उन्होंने सबसे पहले जामा मस्जिद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस कर्मियों को उनकी जिम्मेदारी समझाई। इसके बाद वह आरएएफ के जवानों की बड़ी टुकड़ी लेकर संभल में पैदल मार्च के लिए निकल पड़े। डीआईजी ने शहर के तमाम इलाकों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह रुक कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से बातचीत कर शांति व्यवस्था बनाए रखने व बेखौफ होकर अपने प्रतिष्ठान खोलने का आह्वान किया। कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने भी रविवार को हुई हिंसा वाली जगहों पर जाकर हालात देखे।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सुबह पहले चंदौसी न्यायालय परिसर में पहुंचे। वहां अदालत में मुकदमे की सुनवाई के लिए 8 जनवरी की तारीख दे दी तो दोनों अधिकारी संभल आ पहुंचे। रविवार को जामा मस्जिद के सामने टंकी वाले रास्ते पर जहां भीड़ ने पथराव, फायरिंग व आगजनी की थी वहां शुक्रवार को हरेक 10 मीटर के अंतराल में पुलिस जवानों की टुकड़ियां तैनात की गई थीं। हिंदूपुरा खेड़ा क्षेत्र में जहां पथराव हुआ था वहां भी इसी तरह पुलिस मुस्तैद थी। सुबह से पुलिस की टुकड़ियां इधर से उधर गश्त करती नजर आईं तो कारोबारी सहम गए। असर यह हुआ कि बाजार में अधिकांश दुकानों के शटर गिरे नजर आए और सुबह से शाम तक सड़कों पर सन्नाटे जैसा माहौल रहा। जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन से लगातार निगरानी की जाती रही। वहीं सीसीटीवी कैमरे से मानीटरिंग कर आने जाने वालों पर नजर रखी गई।



संभल में जामा मस्जिद गेट पर मौजूद पुलिस जवान व कमेटी के लोग।

● **जामा मस्जिद में सीमित संख्या में ही लोगों ने अदा की नमाज**



संभल में ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### छत से पत्थर नहीं हटाने पर पुलिस ने पाबंद कराए मुचलके

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जामा मस्जिद प्रकरण व पुलिस के सामने जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। जिसको लेकर गुरुवार को सीओ संतोष कुमार व प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने ड्रोन से बड़ी मस्जिद व मिश्रित आबादी में निगरानी कराई थी। जिसमें कुछ छतों पर पत्थर रखे नजर आए थे। इन लोगों से शीघ्र ही छतों से पत्थर हटाने को कहा गया था। शुक्रवार की सुबह तक पत्थर नहीं हटाने पर पुलिस ने कुछ लोगों को मुचलके पाबंद करा दिए।

# कामयाब रही पुलिस की योजना नमाज अदा करने पहुंचे चंद लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शुक्रवार को संभल में पुलिस प्रशासन के सामने हालात को शांतिपूर्ण बनाए रखने के साथ ही इस बात की थी कि जामा मस्जिद में नमाजियों की ज्यादा भीड़ न पहुंचे।

इसके लिए एक दिन पहले ही उलेमाओं व गणमान्य नागरिकों को संदेश दे दिया गया था कि वह लोगों को समझाएं कि वह अपने आसपास की मस्जिदों में नमाज अदा करें और जामा मस्जिद का रुख न करें। बाहरी लोगों को रोकने के लिए उनकी जांच पड़ताल की तैयारी भी की गई थी। पिछले शुक्रवार को सुबह 10 बजे से ही जामा मस्जिद में नमाजी पहुंचने शुरू हो गए थे और दोपहर होने तक उनकी संख्या तीन हजार से ज्यादा हो गई थी। वहीं इस शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक भी नमाजी जामा मस्जिद की तरफ जाते नजर नहीं आए। 12 बजे के बाद एक एक कर लोग जामा मस्जिद की तरफ बढ़े। दोपहर 2 बजे यहां नमाज हुई। नमाजियों की संख्या बेहद सीमित और पुलिस प्रशासन की मंशा और रणनीति के अनुसार ही रही। कहा जा रहा है कि जामा मस्जिद में 500 से भी कम लोगों ने नमाज अदा की। मौलाना ममलूकुर्रहमान बर्क के अलावा कोई राजनीतिक चेहरा जामा मस्जिद में नजर नहीं आया। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने कहा कि उन्होंने पहले ही लोगों को संदेश दे दिया था कि वह अपने आसपास की मस्जिद में ही नमाज अदा करें और जामा मस्जिद न आएं।

### कमेटी के वालंटियर व्यवस्था बनाने में जुटे रहे

**संभल, अमृत विचार :** जामा मस्जिद पर नमाज के लिए जहां पुलिस प्रशासन की तरफ से इंतजाम किए गए थे वहीं जामा मस्जिद कमेटी के दो दर्जन से ज्यादा वालंटियर भी अपनी भूमिका निभा रहे थे। जामा मस्जिद की तरफ जाने वाले रास्तों पर वालंटियर की टुकड़ियां खड़ी थीं जो बाहरी और स्थानीय लोगों को पहचान रही थीं। जामा मस्जिद के गेट पर भी कमेटी से जुड़े लोग मौजूद थे। जब नमाज संपन्न हुई तो इन्हीं वालंटियर ने नमाजियों को बिना किसी परेशानी के वापस भेजने का भी काम किया।

# सपा के शिष्टमंडल को संभल आने की अनुमति नहीं देगा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के 15 सदस्यीय शिष्टमंडल ने संभल हिंसा मामले की सच्चाई जानने के लिए शनिवार को संभल पहुंचने का ऐलान किया है लेकिन प्रशासन फिलहाल समाजवादी पार्टी या किसी दूसरे नेता को संभल में प्रवेश की अनुमति देने के मूड में नहीं है। सपा के शिष्टमंडल को लेकर कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि डीएम ने आदेश जारी कर रखा है कि अभी कोई बाहरी व्यक्ति यहां नहीं आएगा। अभी समय दें, सब सामान्य हो जाए तब लोग आ सकते हैं। किसी के आने से माहौल बिगड़ेगा तो यह सही नहीं है। वह भी जिम्मेदार आदमी हैं। वह नहीं चाहेंगे कि उनकी वजह से शहर का माहौल फिर से बिगड़े। वहीं कहा यह जा रहा है कि सपा के शिष्टमंडल को संभल जनपद ही नहीं बल्कि मुरादाबाद मंडल की सीमा से बाहर ही रोक दिया जाएगा।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा संभल

**राज्य ब्यूरो,लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय सपा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को संभल जायेगा। प्रतिनिधिमंडल संभल में हुई हिंसा की विस्तृत जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करेगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेगा। यह जानकारी शुक्रवार को देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, सांसदों में हरेन्द्र मलिक, रूचि वीरा, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, नीरज मौर्य, विधायकों में कमाल अख्तर, रविदास मेहरोत्रा, नवाब इकबाल महमूद, पिंकी सिंह यादव, साथ ही संभल के जिला अध्यक्ष असगर अली, मुरादाबाद के जयवीर सिंह यादव और बरेली के शिव चरण कश्यप शामिल हैं।

# जामा मस्जिद सर्वे मामले में सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष के अधिवक्ता मौजूद रहे

कार्यालय संवादाता ,चन्दौसी

**अमृत विचार :** मुस्लिम पक्ष ने बाहर आकर मीडिया को बताया कि न्यायालय ने सुनवाई की अगली तारीख 8 जनवरी तय की है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक संभल की जामा मस्जिद में कोई सर्वे नहीं किया जाएगा।

मुस्लिम पक्ष से शकील वारसी, नासिर जमाल, जमाल पाशा, आमिर हुसैन, सगीर सैफी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्र सरकार और एएसआई के अधिवक्ता विष्णु शर्मा, प्रदेश सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रिंस शर्मा मौजूद रहे।

कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने बताया कि कम समय होने के कारण सर्वे की रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी थी। न्यायालय से रिपोर्ट तैयार कर पेश करने का समय मांगा था। न्यायालय ने 10 दिन का समय दिया है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने मीडिया से कहा कि न्यायालय ने 8 जनवरी की तारीख तय की है। कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे की रिपोर्ट पेश नहीं की। उनको 10 दिन का समय दिया गया है। हमारी ओर से पुनः सर्वे की मांग नहीं की गई है। दूसरी ओर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता शकील वारसी ने बताया कि उन्होंने मस्जिद पक्ष की ओर से बहस की थी। हिन्दू पक्ष से दावे की कॉपी मांगी थी। न्यायालय ने स्वीकृत दे दी है। कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट पेश नहीं हुई। कोर्ट ने आगे सर्वे की इजाजत नहीं दी है।



न्यायालय से बाहर आते कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव।



मीडिया से रुबरु होते मंदिर पक्ष के अधिवक्ता गोपाल शर्मा।



मीडिया से बात करते मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता शकील वारसी व नासिर जमाल।

### अधिवक्ताओं को आईडी कार्ड व तलाशी लेने के बाद न्यायालय परिसर में प्रवेश मिला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला न्यायालय में संभल की जामा मस्जिद सर्वे लेकर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस बीच चन्दौसी बार एसोसिएशन के सचिव सचिन गोयल ने शुक्रवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल का ऐलान कर दिया था और रजिस्ट्रेशन वाले अधिवक्ताओं को ही न्यायालय में प्रवेश देने की बात कही थी। सुबह 10 बजे से अधिवक्ता न्यायालय पहुंचना आरंभ हो गए। न्यायालय के मुख्य गेट से अधिवक्ता की तलाशी व आईडी कार्ड देखकर प्रवेश दिया जा रहा था। शुक्रवार को न्यायालय का मेन गेट ही खोला गया था। इसी गेट से आवागमन हो रहा था। मीडिया का न्यायालय में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। सीओ संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### डीएम व एसपी ने किया न्यायालय का निरीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला न्यायालय में जामा मस्जिद प्रकरण को लेकर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी। जिसको लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाकचौबंद कर दी गई थी। शुक्रवार की सुबह 10 .45 बजे डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई न्यायालय पहुंचे। इसके अधिकारियों ने न्यायालय के अंदर व बाहर की सुरक्षा का जायजा लिया। सीओ संतोष कुमार से जानकारी की। करीब 5 से 7 मिनट रुकने के बाद दोनों अधिकारी चले गए।

### न्यायालय परिसर के आस-पास ड्रोन से हुई निगरानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय में मस्जिद प्रकरण की सुनवाई को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। सुबह दस बजे प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह न्यायालय के बाहर पहुंचीं। यहां ड्रोन उड़ाकर न्यायालय के आसपास क्षेत्र की निगरानी की गई। साथ ही आसपास के भवनों की छतों पर जवान तैनात रहे।

### अदालत के आस-पास लगायी गई बैरिकेडिंग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला न्यायालय के आसपास शुक्रवार की सुबह आठ बजे से ही बैरिकेडिंग कर दी गई। इसके बाद अधिवक्ता, पुलिस व मीडिया को प्रवेश दिया जा रहा था। न्यायालय के पास लायंस कॉलोनी के तिराहा व भगत सिंह कॉलोनी बाहर बैरिकेडिंग लगाई गई। इसके अलावा मयूर विहार कॉलोनी में जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया। जिसके लिए आवास विकास चौराहा पर दो स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। ताकि असामाजिक तत्व प्रवेश न कर सके। इसी क्रम में न्यायालय के बराबर संचालित चन्दौसी बाल विद्या मंदिर का शुक्रवार को अवकाश रखा गया।

# संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को जमीयत देगी 5-5 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर में गुरुवार को हुई जमीयत उलमा-ए-हिंद की बैठक में संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा में मारे गए पांच लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया गया।

इसमें जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमदू मदनी ने संभल के जिम्मेदारों से हिंसा के बारे में जानकारी ली। बैठक में घायलों के बेहतर उपचार के लिए प्रबंध कराने का निर्णय लिया गया। जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन के जरिये जो अमानवीय कृत्य किया गया है, वह किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। हम न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। पीड़ित और निर्दोष लोगों को इंसाफ दिलाएंगे। बैठक से पहले मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में जमीयत उलमा-ए-हिंद का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा में घायल हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात करने के लिए टीमएमयू के अस्पताल पहुंचा। यहां मौलाना महमूद मदनी ने भी घायलों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद संभल की घटना में जान गंवाने वालों और घायलों के बेहतर उपचार के लिए प्रबंध कराने के लिए रिलीफ कमेटी और कानूनी कमेटी का गठन किया जाएगा। मौलाना हकीमुद्दीन ने आरोप लगाया है कि घायल होने के बावजूद पुलिस ने पीड़ितों के पांव में बेड़ियां डाली हुई हैं। अस्पताल में स्थानीय पुलिस दबाव बनाकर उपचार के दौरान घायलों से बयान बदलवा रही है। तीन घायलों के कंधे में गोली लगी है। इनका पुलिस की सख्त निगरानी में उपचार चल रहा है।



जमीयत-उलमा-ए-हिंद की बैठक में मौजूद मौलाना महमदू मदनी व अन्य।

● **जमीयत उलमा-ए-हिंद की बैठक में संभल की घटना पर चर्चा**

# जनपद में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी, लगे कई प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद संभल में शांति व्यवस्था बनाये रखने, घोषित आयोजनों/कार्यक्रमों के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने, जन एवं जन संपति की तथा लोक शांति भंग होने से रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद संभल के संपूर्ण क्षेत्र में आने वाले थाना क्षेत्र में जनजीवन एवं निजी लोक संपति की हानि, दंगा, बलवा के निवारण के उद्देश्य से 10 दिसंबर तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जिसके तहत कोई भी बाहरी व्यक्ति, अन्य सामाजिक संगठन अथवा जनप्रतिनिधि जनपद संभल की सीमा में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति जिलाधिकारी या क्षेत्रीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना न तो 5 या इससे अधिक व्यक्तियों का किसी प्रकार का कोई जुलुस निकालेगा। न ही सार्वजनिक स्थान पर 5 या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनाएगा। न ही ऐसे किसी समूह में सम्मिलित होगा। धरना प्रदर्शन, घेराव या रैली नहीं करेगा।

### यह भी प्रतिबंध

जनपद संभल की सीमा के अंतर्गत किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जाएगा न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाएं एवं अफवाह फैलाई जाएंगी।

# पुलिस की चहलकदमी के बीच बाजार में पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई को लेकर संभल शहर का बाजार शुक्रवार को बंद रहा। सुबह से शाम तक बाजार में इक्का दुक्का दुकानें खुलीं तो व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करते रहे। तनाव और आशंकाओं के चलते लोगों ने घरों से निकलने से परहेज किया। पुलिस की आवाजाही के बीच अधिकांश लोगों ने पूरा दिन घरों में ही बिताया।

जुमे की नमाज और कोर्ट में सुनवाई के मद्देनजर संभल शहर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गुरुवार को देर रात तक जामा मस्जिद के आसपास क्षेत्र के अलावा प्रमुख चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। शुक्रवार को दिन निकला तो सुबह आठ बजे पुलिस की ड्यूटी बदली। दूसरे पुलिस कर्मी अपने-अपने ड्यूटी स्थानों पर पहुंचकर मुस्तैद हो गए। इस बीच पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रमण शुरू कर दिया। हालांकि संभल शहर का बाजार अमूमन नौ बजे से ही खुलना शुरू हो जाता है लेकिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। पूरी तरह से दुकानें बंद रहीं। पुरानी तहसील रोड, कपड़ा बाजार, डाकखाना रोड, कोतवाली के सामने के बाजार में दुकानों के शटर गिरे रहे। शहर के अन्य हिस्सों में भी दुकानें बंद रहीं। बात मुख्य मार्गों की करें तो संभल-बहजोई मार्ग, संभल-हसनपुर मार्ग, संभल-मुरादाबाद मार्ग पर भी दुकानें नहीं खुलीं। सुबह 11 बजे के बाद इक्का दुक्का दुकानें खुलीं लेकिन लोगों की आवाजाही न के बराबर रही। ऐसे में दुकानदार भी खाली बैठे रहे।

### छठें दिन चला इंटरनेट, लोगों के खिले चेहरे

**संभल, अमृत विचार :** संभल की जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हुए बवाल के बाद रविवार को बंद हुई इंटरनेट सेवा प्रशासन के निर्देश पर छठे दिन शुक्रवार को शाम से सुचारू रूप से चलने लगी तो लोगों ने राहत की सांस ली और उनके चेहरे खिल उठे। लोगों ने इंटरनेट के जरिये तमाम जरूरी काम निपटाने शुरू किए। लोग देर रात तक मोबाइल से चिपके रहे। लोगों ने इंटरनेट सेवा का इस्तेमाल करते हुए सोशल मीडिया पर वक्त बिताया। जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर रविवार को बवाल हुआ था। जिसके बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर कई कंपनियों ने इंटरनेट सेवा बाधित कर दी थी। इसी के साथ लोगों को मोबाइल फोन भी शोपीस बनकर रह गए थे। जिस कारण लोग मायूस होने लगी। इंटरनेट सेवा बाधित होने से कारोबार को करोड़ों रुपये का फटका लगा।

आज का मौसम

दिन में धूप खिली रहेगी।

25.0° अधिकतम तापमान | 10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:49 | सूर्यास्त 05:18

एक कदम सनातन की ओर

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# सुरक्षा के बीच जामा मस्जिद व अन्य मस्जिदों में अदा हुई जुमे की नमाज

## डीएम-एसएसपी ने जामा मस्जिद पहुंच लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, अन्य अधिकारी जामा मस्जिद चौराहे पर फोर्स के साथ रहे तैनात

संभल बवाल



कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जामा मस्जिद रोड पर गश्त करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह व अन्य अधिकारी।



जामा मस्जिद चौराहे पर तैनात अधिकारी एवं पुलिस के जवान।

**अमृत विचारः** जनपद के साथ-साथ महानगर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज शांति पूर्ण माहौल में अदा हुई। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। महानगर को 10 जोन और 43 सेक्टर में बांटकर पुलिस के साथ ही पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह समेत अन्य अधिकारी जामा मस्जिद चौराहे पर डेरा डाले रहे। कड़ी सुरक्षा में जामा मस्जिद समेत अन्य सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में नमाज संपन्न होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल ने भी जामा मस्जिद पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।

संभल जिले में हुए बवाल के बाद शुक्रवार को पहले जुमे की नमाज थी। ऐसे में आशंका बनी हुई थी कि बवाल के बाद कुछ लोग नमाज के बाद प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। महानगर को 10 जोन और 43 सेक्टर में बांट कर पुलिस और पीएसी जवानों की ड्यूटी लगाई गई।

सुबह 12 बजे से ही जामा मस्जिद से लेकर जीआईसी चौराहा, लाल मस्जिद और किले वाली मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात की गई थी। जबकि जामा मस्जिद पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, एसओ मुगलपुरा कुलदीप कुमार खुद जामा मस्जिद चौराहे पर डेरा डाले रहे। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल खुद जामा मस्जिद पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए। इसके अलावा जीआईसी स्थित लाल मस्जिद, कांठ रोड स्थित गुलाब मस्जिद समेत अन्य सभी मस्जिदों और उसके आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों, बाजारों और चौराहों पर भी पुलिसकर्मी तैनात रहे। एलआईयू और पुलिस की लोकल इंटेलीजेंस ब्यूरो की टीमें भी सक्रिय रहीं। दोपहर डेढ़ बजे जामा मस्जिद पर शांतिपूर्ण माहौल में नमाज संपन्न होने के बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिसके बाद अपने अलग-अलग समय पर महानगर की सभी मस्जिदों में शांति पूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई।

## जुमे की नमाज को लेकर अधिकारी रहे सतर्क

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** संभल बवाल को देखते हुए जुमे की नमाज के दौरान महानगर में कानून व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट रहे। जामा मस्जिद क्षेत्र में जिलाधिकारी के निर्देश ij नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने भी लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की थी। साथ ही सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया था। नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि के साथ जामा मस्जिद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भ्रमण किया।

लोगों को कानून का पालन करने के लिए कहा। वहीं तहसील क्षेत्रों में सभी उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि सुबह से ही सतर्क रहे। भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### एक नजर

## जिले के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में हुआ ऑडिट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के सरकारी अस्पतालों में लगे इलेक्ट्रिक उपकरण आग लगने का कारण न बन जाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में इलेक्ट्रिक ऑडिट कराया गया है। बिजली विभाग के इलेक्ट्रिक सेफ्टी अधिकारी के नेतृत्व में कराया गया। ऑडिट पूरा होने के बाद मिलीं कमियों को दुरुस्त कराने के बाद अस्पतालों को एनओसी के लिए आवेदन करना होगा। झांसी मेडिकल कॉलेज में संचालित एसएनसीयू में भीषण अग्निकांड का मामला सामने आने के बाद अस्पतालों में इलेक्ट्रिक उपकरणों से अग्निसुरक्षा को लेकर जिम्मेदार अधिकारी हरकत में आए। झांसी अग्निकांड में कई नवजातों की जलकर मौत हो गई थी। घटना के बाद अस्पतालों के प्रशासन ने इलेक्ट्रिक सेफ्टी की जरूरत बताई थी। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ. मोहम्मद आरिफ ने बताया कि जिला व महिला अस्पताल के साथ ही सभी सीएचसी पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट कराया है। सुरक्षा से जुड़ी कमियों को जल्द दूर कराया जाएगा।

## महानगर में बंद होंगी ई-कचरा व पीतल गलाने की भट्ठियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जल्द ही अब ई कचरा और पीतल गलाने की भट्ठियों पर शिकंजा कसा जाएगा। जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष ने बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों को अवैध रूप से संचालित ई कचरा व पीतल गलाने की भट्ठियों का संचालन बंद कराने का निर्देश दिया हैं। विभागीय अधिकारियों की टीम गठित कर वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियान चलाकर भट्ठियों को बंद किया जाएगा। अध्यक्ष ने कार्रवाई की 10 दिसंबर तक रिपोर्ट भी मांगी है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह ने 24 नवंबर को दिए गए निर्देश में जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने की बात कही है। उन्होंने जिले संचालित ई कचरा और पीतल गलाने की भट्ठियों से निकलने वाले जहरीले धुएं की सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत मिलने के बाद अवैध रूप से चल रही भट्ठियों को वायु अधिनियम एक्ट में कार्रवाई कर बंद कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के एक्ट में संबंधित विभागों की टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण भट्ठियों को सील करने के लिए कहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान ने बताया कि जिले में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करने लिए भट्ठियों को सील किया गया था। लेकिन कुछ दिनों बाद भट्ठियों का संचालन दोबारा चालू हो जाता है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर ई-कचरा व पीतल गलाने की भट्ठियां बंद की जाएगी।

## युवती के खाते से ट्रांसफर कर लिए 4.81 लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शातिर साइबर ठग ने मझोला थाना क्षेत्र की युवती के खाते से 4 लाख से ज्यादा की नकदी अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार आवास विकास कालोनी निवासी युवती निधिसरन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अज्ञात शातिर ठग ने उसके पंजाब नेशनल बैंक में बचत खाते से 4 लाख 81 हजार रुपये धोखाधड़ी करके अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जानकारी होने पर पीड़ित युवती ने तुरंत ही अपना खाता बंद कराया। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि युवती की तहरीर पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## मोहल्ले के युवक ने की लाखों की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित ने आरोपी व उसके परिवार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** गलशहीद थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने मोहल्ले के एक युवक व उसके परिवार पर धोखाधड़ी कर उसके बैंक खातों से पैसा निकालने और उसके नाम पर लोन कराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ने 11,75,346 रुपये की धोखाधड़ी की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पंचायत में 6 माह में पैसे लौटाने का वादा भी किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे रहने वाले निजाम उल हक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 21 दिसंबर 2023 को मोहल्ले के लोगों के साथ ठाकुरद्वारा में जमात में गया था। उनके साथ बड़ा अहाता लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट के सामने रहने वाला अनस उर्फ सोनू भी गया था। निजाम उल हक ने बताया कि इस दौरान अनस उर्फ सोनू ने कई बार अपनी मां, भाई व अन्य लोगों से बात करने के लिए उसका मोबाइल मांगा। निजाम उल हक का आरोप है कि इस दौरान आरोपी अनस उर्फ सोनू ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर मोबाइल के माध्यम से उसके तीन बैंक खातों से लाखों रुपये निकाल लिए।

पीड़ित ने जमात से लौटकर अपने घर पहुंचा और बैंक जाकर अपने खातों की जानकारी ली तो पता लगा कि उसके अमरोहा गेट स्थित एचडीएफसी बैंक के करंट खाते में 4,14,780 रुपये व बचत खाते में 4,39,780 रुपये और पंजाब नेशनल बैंक के खाते में 97,786 रुपये थे। तीनों खातों की रकम अनस ने अपने परिजनों के साथ मिलकर निकाल ली। इसके अलावा आरोपियों ने पंजाब नेशनल बैंक से उसके नाम से 2,23,000 रुपये का लोन भी ले लिया। पीड़ित को जब इसकी जानकारी हुई और उसने बिरादरी के लोगों को बताया। जिसके बाद हाजी राजू, हाजी जिकरान, हाजी इमरान उर्फ शानू व हाजी इकबाल की मौजूदगी में पंचायत हुई। पंचायत में आरोपी अनस उर्फ सोनू व उसके परिजनों ने पैसे वापस करने के लिए 6 माह का समय मांगा। लेकिन, पैसे वापस नहीं दिए। पीड़ित का आरोप है कि अनस व उसके परिजन बदमाश किस्म में लोग है और मोहल्ले के अन्य लोगों से भी ठगी कर चुके हैं। आरोपी अब रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपी अनस उर्फ सोनू, उवैश उर्फ अज्जू, महविश, शाहिना राहत, मजीद व वासिफ कमाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संभल जा रहे शिवसैनिक गिरफ्तार, शाम को रिहा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** संभल जामा मस्जिद सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद मंडल में सतर्कता बरती जा रही है। शुक्रवार को संभल जा रहे शिवसैनिकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। शिव सैनिक शाम तक पुलिस लाइन में पुलिस की हिरासत में रहे।

शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने पुलिस अधिकारियों को संभल जाने की जानकारी पहले ही दी थी। शुक्रवार को जैसे ही जिला प्रमुख की अगुवाई में शिवसैनिक नारेबाजी करते हुए निकले, उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस सभी शिवसैनिकों को अपने वाहन से पुलिस लाइन लेकर आई। जहां से शाम को सभी को रिहा कर दिया गया। वहीं एआईएमआईएम के नेता वकी रशीद एडवोकेट और पार्टी के जनप्रतिनिधियों की संभल जाने की आशंका जताई गई थी। जिसे लेकर पुलिस ने उन्हें घर पर ही रोक दिया।

## महिला को जलाकर मारने वाले दोषी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### निर्णय

- दो साल पुराने मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए दोषी पर लगाया 45 हजार का जुर्माना

**अमृत विचारः** कोर्ट ने शादीशुदा महिला को पेट्रोल डालकर जलाकर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और उस पर 45 हजार का जुर्माना लगाया है। दो साल पहले एक युवक ने एकतरफा प्रेम के चलते शादीशुदा महिला को जलाकर मार दिया था।

थाना कांठ क्षेत्र के गांव महमूदपुर माफी निवासी जतिन कुमार ने बीती 26 अगस्त 2022 को अपने पड़ोस में रहने वाले युवक अजीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें जतिन ने बताया था कि घटना वाले दिन वह अपने किसी निजी काम से बाहर गये थे। जबकि घर में उसकी पत्नी गीता व बच्चे थे। इस बीच महिला को अकेला पाकर पड़ोसी अजीत घर में घुस गया और उसने जबरदस्ती उसकी पत्नी को अपने साथ ले जाने का दबाव बनाया।

पत्नी के विरोध के बाद अजीत ने अपने साथ लाई बोतल से पेट्रोल पत्नी पर डालकर आग लगा दी। आग से वह खुद भी जल गया। महिला बुरी तरह से जल गई। दोनों को जलने की अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया था।

जिसके बाद इस केस की सुनवाई एडीजे 10 योगेन्द्र चौहान की अदालत में हुई। एडीजीसी दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि इस केस में 12 गवाह पेश हुए। गवाहों ने घटना की पुष्टि की। अदालत ने केस में साक्ष्यों के आधार पर अजीत सिंह को दोषी करार देकर उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा दोषी पर 45 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

### बदमाश को गैंगस्टर में साढ़े तीन साल कारावास की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट ने भोजपुर के अपराधी को गैंगस्टर में साढ़े तीन साल कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जनपद थाना भोजपुर में बीती 30 सितंबर 2009 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक वीपी सिंह ने क्षेत्र के शातिर बदमाश अकबर के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा कायम किया था। पुलिस ने तहरीर में कहा था कि गंजोवाली मिलक के अकबर का अपना गैंग है। गिरोह बनाकर उसने क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। केस की सुनवाई एडीजे सियाराम चौरसिया की अदालत में हुई। विशेष लोक अभियोजक राजीव त्यागी के अनुसार आरोपी के खिलाफ अभियोजन की ओर से कई साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। साक्ष्य के आधार पर अकबर को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देते हुए उसे साढ़े तीन साल कारावास की सजा सुनाई और उस पर 5 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

## ड्यूटी पर सो रहे सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक चोरी, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में रात्रि ड्यूटी के दौरान सोते समय सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक चोरी हो गई। पीड़ित गार्ड की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना मूंढापांडे गांव हिरनखेड़ा निवासी रविंद्र सिक्योरिटी गार्ड है। मौजूदा समय में वह एक निजी कंपनी के माध्यम से दलपतपुर स्थित गांव दोलरा में एक प्लांट पर ड्यूटी कर रहा है। पुलिस को दी गई तहरीर में रविंद्र ने बताया कि बीती 27 नवंबर की रात वह अपने साथ वीरपाल सिंह के साथ रात्रि ड्यूटी कर रहा था। इस बीच उसकी आंख लग गई। देर रात जब उसकी आंख खुली तो उसकी बंदूक गायब थी। जिसके बाद उसने प्लांट के आसपास बंदूक की तलाश की और अपने अन्य साथियों से जानकारी ली, बंदूक की कोई जानकारी नहीं मिली।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-सम्भल रोड पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



विक्रम की फाइल फोटो।

मैनाठेर क्षेत्र निवासी विक्रम (40) पुत्र मनोहर सैनी निवासी ग्राम हुसैनपुर पस्तौर की सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक सवार मजदूर गुरुवार की देर रात मुरादाबाद की ओर किसी कार्यक्रम में जा रहा था। जैसे ही विक्रम मुरादाबाद संभल हाईवे से सटे ग्राम लालपुर हमीर के पास पहुंचा, तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास एकत्र हुई भीड़ से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। कुछ देर बाद शव की शिनाख्त विक्रम हुसैनपुर पस्तौर का निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



विक्रम की मौत पर विलाप करतीं महिलाएं।

कार्रवाई | विकास कार्यों की धनराशि हड़पने वाले सचिव और प्रधानों से वसूली के लिए निदेशालय ने कसा शिकंजा

# सेवानिवृत सचिवों की ग्रेच्युटी-फंड से वसूली जाएगी पंचायत निधि की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निधि का दुरुपयोग करने वाले सचिवों से वसूली के लिए उनके, जीपीआई, जीआईएस, ग्रेच्युटी फंड के रिकॉर्ड अब पंचायत राज विभाग खंगाल रहा है। हालांकि, विकास कार्यों की धनराशि का दुरुपयोग करने वाले कुछ सचिव सेवानिवृत्त हो चुके है। जिले की 48 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2017-18 में दो करोड़ 69 लाख 15 हजार 962 रुपये का गोलमाल हुआ था। तत्कालीन प्रधानों और सचिवों ने इसका अभी तक हिसाब नहीं दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि सभी को अंतिम नोटिस जारी कर आखिरी मौका दिया है।

### वित्तीय वर्ष 2015-16 में दुरुपयोग की गई क्षेत्र पंचायत निधि की वसूली के लिए आरसी जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के सात विकास खंडों के लिए 2015-16 में जारी क्षेत्र पंचायत निधि के करोड़ों रुपये की धनराशि की वसूली के लिए विभाग ने तत्कालीन बीडीओ से वसूली के लिए आरसी जारी कर दी है। निदेशालय ने जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक को संबंधित खंड विकास अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए निकाली गई धनराशि के बिल वाउचर ऑडिट टीम के समक्ष जमा कराने के या फिर दुरुपयोग की गई धनराशि जमा कराने के लिए निर्देश दिए हैं। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि ऑडिट टीम ने सन् 2015-16 में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कार्यों को बिना टेंडर प्रक्रिया के कराने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि ऑडिट के मुताबिक संबंधित खंड विकास अधिकारियों पर करोड़ों की धनराशि का भुगतान बाकी है। कई बार विभाग की ओर से नोटिस देने बाद भी किसी ऑडिट टीम को बिल वाउचर नहीं दिखाए। जिसके बाद विभाग द्वारा वसूली के लिए सभी की आरसी जारी की गई है। जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ने बताया कि मुरादाबाद ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए कार्यों में 4 प्रस्तावों पपर जताई गई आपत्तियों में 2.23 करोड़ की धनराशि, बिलारी में ब्लॉक में 12 प्रस्तावों पर जताई आपत्तियों में 2.90 करोड़ धनराशि, कुंदरकी ब्लॉक में 7 प्रस्तावों पर जताई आपत्तियों में 3.19 करोड़ की धनराशि, डिलारी ब्लॉक में 17 प्रस्तावों पर जताई गई आपत्तियों में 2.38 करोड़, ठाकुरद्वारा ब्लॉक में 03 प्रस्तावों पर जताई आपत्तियों में 59 लाख, छजलैट ब्लॉक 4 प्रस्तावों पर जताई आपत्तियों 44 लाख, मूंढापांडे ब्लॉक में 5 प्रस्तावों पर जताई आपत्तियों में दुरुपयोग की गई धनराशि 1.21 करोड़ की धनराशि की वसूली की जाएगी।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2017-18 के तहत फूलपुर मिठनपुर पर 2,16,672 रुपये, बरखेड़ा बसंतपुर पर 60 हजार, मनकुआ पर 21 हजार, नसीरपुर पर 87 हजार 404, अक्का भीकनपुर पर 5,86,824 रुपये, खैय्या खादर पर 4,91,991 रुपये, गुरैठा पर 11,39,094 रुपये, काफियाबाद में 5,44,644 रुपये, मोब्बतपुर में 8,40,131 रुपये, खदाना 8,06,419 रुपये, कुम्हरिया जुबला में 3,11,665 रुपये, मुड़िया मोउद्दीनपुर में 5,53,513 रुपये, अहमदपुर आनंदपुर 79,043 रुपये, हिमांयूपुर में 4,95,929 रुपये, वाकरपुर अटायन में 36,700 रुपये, इग्राह में 1,83,983 रुपये, जमालपुर में 8,37,028 रुपये, मौ.सादिकपुर में 7,28,253 रुपये, जरगांव में 15,74,123 रुपये, नरायणपुर देवा में 7,86, 200 रुपये, नमैनी गद्दी में 8,65,714 रुपये, रम्पुरा धतरारा में 5,60,759 रुपये, कमलापुर चंदौरा में 16,22,510 रुपये, चिड़िया भवन में 2,14552 रुपये, ढकिया जुम्मा में 22,14858 रुपये, मल्लीपुर महमूदा नगला में 10,02,289 रुपये, सैफपुर चित्तू में 1,31,757 रुपये, सौंदा में 9,09,652 रुपये, भीकनपुर कुलवाड़ा में 18,98,176 रुपये, चित्तूपुर रायव नगला में 28,59,703 रुपये, रसूलपुर हमीर में 20,53,432 रुपये, चक हबीबपुर में 49,858 रुपये, मदनापुर में पांच हजार, रनियाठेर में 1,01,101 रुपये, खैरखाता में 1,49,400 रुपये, निवाड़ खास में 5,84,502 रुपये, खबड़िया घाट में 9,500 रुपये, रायपुर समदा में 3,80,026 रुपये, सरदार नगर में 4,970 रुपये, बहेड़ी में 8,39,280 रुपये, गुलड़िया में 50,745 रुपये, राजूपुर मिलक में 24,500 रुपये, रानी नांगल में 6,57000 रुपये, पसियापुरा पदार्थ 2,59,000 रुपये, राईभूड़ में 5,57,316 रुपये, नन्हूवाला में 5,65,510 रुपये, प्रतापपुर में 28 हजार रुपये और बरैठा खिजरपुर में 12,95,979 रुपये का हिसाब अभी तक नहीं दिया गया है।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते नव निर्वाचित विधायक रामवीर सिंह।

## योगी से मिले विधायक रामवीर सिंह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कुंदरकी विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रचंड जीत पर रामवीर सिंह को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात में नव निर्वाचित विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग मांगा। जिस पर मुख्यमंत्री ने कुंदरकी विधानसभा में विकास परियोजनाओं के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। जनहित के लिए हमेशा समर्पित रहने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## शहर में आज



- कला भारती साहित्य समागम आकांक्षा विद्यापीठ इंटरनेशनल कॉलेज में 2 :30 बजे।
- श्री रामलीला महा संगठन की बैठक महिंद्रा रेस्टोरेंट ताड़ीखाना में शाम 6 :00 बजे।
- बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सुबह 9 :30 बजे।
- जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा सेल्स टैक्स ऑफिस राम गंगा विहार के संकाय कक्ष में शाम 4 :30 बजे।
- आशियाना फेज 2 स्थित आरआरके स्कूल में किड्स डांस शो 11 :45 बजे।

## एक नजर

### 11,56,580 रुपये गृहकर व जलकर जमा कराया

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम की ओर से शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के निकट गृहकर व जलकर वसूली और जीआईएस सर्वे की आपत्तियों की सुनवाई के लिए शिविर लगाया। इसमें आई सभी 28 आपत्तियों का निस्तारण किया। कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार की मौजूदगी में शिविर में जीआईएस सर्वे की 28 आपत्तियां आईं। अधिकारियों ने दस्तावेजों के आधार आपत्तियों का निस्तारण किया। शिविर में 11,56,580 रुपये का गृहकर व जलकर जमा कराया। शिविर में कर अधीक्षक प्रमोद चौधरी, राजस्व निरीक्षक शुभम कुमार, अरविंद कुमार, ओमकार के अलावा जोनल कार्यालय के कर्मचारी रहे।

### गाली देने का विरोध करने पर दुकानदार को पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना सिविल लाइंस के अगवानपुर कलालपुर मोहल्ला निवासी नावेद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 नवंबर की रात वह अपनी दुकान पर बैठा था। नावेद का आरोप है कि मोहल्ले के ही शकील, सुहेल, शुमान व जिले हसन आए और गाली देने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में युवक का एक दांत हिल गया और होंठ फट गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एनसीसी दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित कैडेट्स व कालेज के प्राचार्य व अन्य।

# संयम से जीना सिखाती है एनसीसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** केजीके महाविद्यालय में एनसीसी दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके हुआ। नेहा सैनी ने देशभक्ति गीत सुनाया। शीतल, अनुष्का, आकांक्षा, प्रिया, उजाला, नेहा, सुलेखा, भावना, याचिका, रिया ने राजस्थानी, हरियाणवी, पहाड़ी और पंजाबी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। स्वाति, नेहा, आंचल, प्रियांशी, भावना ने समूह गान प्रस्तुत किया। कैडेट अंशू, उजाला, दीपाली, नेहा, पुष्पांजलि, यशवी, रिया, मानसी, स्वाति को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिन कैडेट्स ने प्रस्तुति दीं उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील चौधरी ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों को अनुशासन और संयम से जीना सिखाती है। कार्यक्रम का आयोजन कैप्टन प्रोफेसर ममता सिंह और संचालन कैडेट पुष्पांजलि ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी मुरादाबाद से सीनियर जीसीआई करुणा त्यागी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. जीसी पांडेय, अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. जगदम्बे यादव की उपस्थिति रही।

## सेमीफाइनल और फाइनल में टीमों के बीच रही कांटेदार टक्कर, केसीएम ने 18 रनों से जीता मैच

# सेंट मेरी अगवानपुर को हराकर चैंपियन बनी केसीएम की टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



केसीएम की विजेता टीम को ट्राफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे कमला दुबे मेमोरियल गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मैच खेले गए। लीग मैचों के बाद सेमीफाइनल और फाइनल में कांटेदार टक्कर रही। फाइनल में केसीएम की टीम सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल अगवानपुर को हराकर चैंपियन बनी।

शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल गांधी नगर पब्लिक स्कूल और केसीएम के बीच खेला गया। जिसमें केसीएम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में 47 रन बनाये, जिसके जवाब में गांधीनगर पब्लिक स्कूल सात विकेट खोकर 37 रन ही बना सका। दूसरा सेमीफाइनल सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल एवं आर्यन इंटरनेशनल के मध्य खेला गया। जिसमें आर्यंस इंटरनेशनल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनते हुए बिना विकेट खोए 53 रन बनाये। जिसके जवाब में सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल ने 3 विकेट खोकर 55 रन बनाकर जीत अपने नाम दर्ज कराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए गांधीनगर पब्लिक स्कूल और आर्यन इंटरनेशनल के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर आर्यन इंटरनेशनल ने क्षेत्ररक्षण चुना। गांधी नगर पब्लिक स्कूल ने बिना विकेट खोये 40 रन बनाये। जिसके जवाब में आर्यन्स ने बिना विकेट खोये 41 रन बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। फाइनल मैच केसीएम स्कूल व सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल अगवानपुर के मध्य खेला गया। जिसमें सेंट मेरी ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण चुना। केसीएम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में 2 विकेट खोकर 60 रन बनाये। जिसके जवाब में सेंट मेरी कान्वेंट 3 विकेट खोकर 42 रन ही बना सका। फाइनल मैच केसीएम स्कूल ने जीत कर ट्राफी अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज गांधी नगर पब्लिक स्कूल की सुन्दुश, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सेंट मेरी अगवानपुर की अन्नू, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण केसीएम की सुहानी, सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर सेंट मेरी अगवानपुर की अन्नू और सर्वश्रेष्ठ प्लेयर केसीएम स्कूल की अग्रिमा को 500-500 रुपये के नगद पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम का पुरस्कार आर्यन इंटरनेशनल स्कूल को दिया गया। मुख्य अतिथि सहायक सेनानायक सीआरपीएफ शरद चौहान, शशि शर्मा, संजय दुबे, संजीव दुबे, अंजली दुबे, श्वेता दुबे, डीएसएस सचिव विजय गुप्ता, अनिल सिंघल, रवि कुमार सिंघल शामिल रहे।

# 49वीं पुलिस जूडो कलस्टर प्रतियोगिता शुरू

## मुख्य अतिथि एसपी देहात ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर प्रतियोगिता की शुरुआत की, तीन दिन होंगी स्पर्धाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुलिस लाइन में आयोजित अंतर्जनपदीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का परिचय लेते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली जोन की तीन दिवसीय 49वीं अंतरजनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर (जूडो, वुशू, ताइक्वाण्डो, कराटे और पेंचक सिलॉट) प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार मुरादाबाद को मिली है। शुक्रवार को पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर और गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। मेजबान टीम के कैप्टन ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई।

प्रतियोगिता में बरेली जोन के सभी 9 जिलों से टीमों को आना था। लेकिन बिजनौर, संभल और शाहजहांपुर से कोई टीम नहीं आई। प्रतियोगिता में मेजबान मुरादाबाद के साथ ही अमरोहा, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और बदायूं को मिलाकर छह टीम के कुल 87 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन महिला और पुरुष दोनों वर्ग के ताइक्वांडो, जूडो, वुशु की विभिन्न भार वर्ग की स्पर्धा कराई गई। जिसमें मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने कई गोल्ड मेडल अपने नाम किए। पीलीभीत, बरेली और रामपुर के खिलाड़ियों ने भी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान सुहैल अहमद, संजय गिरी, पिन्टू सैनी, निशान्त सिंह, प्रिया दिवाकर, रूचि अग्रवाल, आलोक कुमार, रोहित, यश कुमार, अभिषेक चौहान निर्णायक की भूमिका में रहे। प्रतियोगिता का संचालन करतार सिंह ने किया। आयोजन में आरआई रकम सिंह, एसआई लाइन चंद्रशेखर जोशी, रविंद्र कसाना आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन एक दिसंबर को होगा।

### ताइक्वांडो के 74 किग्रा में मुरादाबाद के रणधीर जीते

मुरादाबाद, अमृत विचार : शुक्रवार को प्रतियोगिता के पहले दिन ताइक्वांडो पुरुष वर्ग के 74 किग्रा भार वर्ग में मुरादाबाद के आरक्षी रणधीर विजेता बने। 87 किग्रा में मुरादाबाद के ही अंकित राठी व राहुल आनंद को क्रमश: पहला और दूसरा स्थान मिला। महिला वर्ग 46 किग्रा में मुरादाबाद की पूजा को प्रथम व पीलीभीत की सोनिया को द्वितीय स्थान मिला। 57 किग्रा में रामपुर की हिना प्रथम व मुरादाबाद की राखी द्वितीय स्थान पर रहीं। जूडो पुरुष 60 किग्रा में मुरादाबाद के कपिल ढाका ने पहला और रामपुर के बलविंद्र सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 90 किग्रा में राजेंद्र, मुरादाबाद प्रथम व महेन्द्र, रामपुर द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग के 52 किग्रा भारवर्ग में बरेली की रितिका शर्मा प्रथम व बदायूं की संगीता द्वितीय स्थान पर रही। 63 किग्रा में बरेली की पूनम को प्रथम व बदायूं की कविता को द्वितीय स्थान मिला। वुशु पुरुष 60 किग्रा भारवर्ग में बलविंद्र सिंह, रामपुर को प्रथम और कैलाश नेगी मुरादाबाद को द्वितीय स्थान मिला। 75 किग्रा में मुरादाबाद के सुमित बंसल प्रथम व रामपुर के नेपाल सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वुशू 45 किग्रा भार वर्ग में मुरादाबाद की पूजा ने प्रथम व पीतीभीत की सोनिया सैनी ने द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। 64 किग्रा में बदायूं की कविता और बरेली की कोमल चौधरी को क्रमश: पहला और दूसरा स्थान मिला।



प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में निपुण असिसमेन्ट टेस्ट लेते शिक्षक मुकेश सिंह।

# 53,809 बच्चों ने दिया निपुण एसेसमेंट टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शिक्षा मंत्रालय द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय में परख एप के माध्यम से निपुण असेसमेंट टेस्ट के अंतर्गत दो दिवसीय परीक्षा आयोजन किया है। परीक्षा में जिला स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालयों का निरीक्षण किया।

पहले दिन कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की दो विषयों की परीक्षा हुई। पहले दिन जिले में 1176 विद्यालय व कम्पोजिट विद्यालय में 93.75 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के अवकाश पर होने के बाद एबीएसए मूंढापांडे की देखरेख परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें परिषदीय विद्यालय में 57,393 पंजीकृत हैं। पहले दिन कक्षा 1 से 3 में हिंदी और गणित विषय की परीक्षा कराई गई। जिसमें 53,809 बच्चों ने परीक्षा दी है। 3584 बच्चे अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन कक्षा 4 से 5 के बच्चों को हिंदी, गणित, अंग्रेजी और कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

# नृत्य समूह में रंगोली रेंजर्स ग्रुप व वाद विवाद में माहिरा सिद्दिकी ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- कोठीवाल डेंटल कालेज के वार्षिकोत्सव में दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**अमृत विचार :** कोठीवाल डेंटल कालेज में चल रहे वार्षिकोत्सव में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। नृत्य समूह में रंगोली रेंजर्स ग्रुप ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंग्रेजी वाद-विवाद में माहिरा सिद्दिकी ने बाजी मारी।

अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमता) मानव जाति के लिए खतरा रहा। जिसमें प्रतियोगियों ने पक्ष-विपक्ष में अपने विचार तथ्यों के साथ व्यक्त किये। जिसमें माहिरा सिद्दीकी ने पहला, अशलेखा भराली ने दूसरा और डॉ. इशिता रंगनानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक सुधीर कुमार अरोड़ा रहे। इसके बाद नृत्य प्रतियोगिता से समारोह में चार चांद लग गए। नृत्य एकल में मदीहा सलाहुद्दीन ने पहला, गुंजन राजपूत ने दूसरा और डॉ. देइजी बोरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। नृत्य समूह में रंगोली रेंजर्स ने पहला, मणिपुरी गर्ल्स ग्रुप ने दूसरा और झलक ए राजस्थानी ग्रुप ने तीसरा स्थान हासिल किया। डॉ. सीमा चौधरी, डॉ. रवि मदान, डॉ. चैत्रा, डा. एलोरा मदान, डॉ. रोमिल सिंघल डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. रजनी, डॉ. स्वाति अग्रवाल, डॉ. कृती शर्मा, डॉ. जेबी फातिमा शामिल रहे।

# दरोगाओं के पुनर्मिलन कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सर्किट हाउस में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल का स्वागत करते उनके बैच के दरोगा व साथ में महापौर विनोद अग्रवाल। ● अमृत विचार

- सर्किट हाउस में 1982-83 बैच के बैचमेट्स ने केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत किया

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी और पीटीसी मुरादाबाद से पास आउट 1982-83 बैच के दरोगाओं के 30 नवंबर को आयोजित होने जा रहे पुनर्मिलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल शुक्रवार को देर शाम मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंच गए। प्रो. एसपी सिंह बघेल भी इसी बैच के पासआउट दरोगा रहे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री अपने बैच के साथियों के साथ पुनर्मिलन कार्यक्रम में शामिल होने से पहले शनिवार को सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा भी करेंगे।

दरोगाओं के पुनर्मिलन कार्यक्रम के संयोजक रिटायर्ड डिप्टी एसपी सर्वेंद्र सिंह ने बताया कि पुनर्मिलन कार्यक्रम की योजना लंबे समय से तैयार की जा रही थी। मुरादाबाद में ट्रेनिंग के दौरान की यादों को ताजा करने के लिए ही कार्यक्रम को मुरादाबाद में आयोजित किया जा रहा है। साथियों के साथ मेल-मिलाप और पुराने दिनों की चर्चा के बाद सभी साथी अपने-अपने परिवार के साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी और पीटीसी का भ्रमण करने जाएंगे, जिससे वहां बेहद कड़े अनुशासन में बिताए गए दिनों को एक बार फिर याद किया जा सके। उन्होंने बताया कि हम लोगों के बैच के साथी और केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और रिटायर्ड आईजी बलजीत कसाना भी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मुरादाबाद पहुंच चुके हैं। भारत सिंह, रवींद्र पाल सिंह, संजय विश्नोई, दीपक मलिक समेत अन्य बैच के साथियों ने सर्किट हाउस पहुंच कर केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत किया गया।

### पशुओं को ठंड से बचाने के लिए लगाएं मरकरी लाइट

मुरादाबाद, अमृत विचार : केन्द्रीय राज्यमंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी, पंचायती राज एसपी सिंह बघेल के आने से पहले जिले के अधिकारी सक्रिय हो गए। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने मानपुर गो आश्रय स्थल का निरीक्षण कर मिलीं कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल विभागीय अधिकारियों के साथ विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल के आने से पहले उनके विभागों की कमियों को दुरुस्त करने में जुट गए। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा गो आश्रय स्थल का विभाग की अधिकारियों बुलाकर निरीक्षण किया। उन्होंने शुक्रवार को विकास खंड छजलैट के गो आश्रय स्थल मानपुर मुजफ्फरपुर का निरीक्षण किया। वर्तमान में गोशाला में 140 गोवंश संरक्षित हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल व उनकी टीम ने पशुओं के लिए ठंड से बचाव के लिए डाले गए शेड के फर्श पर गन्ने की पत्ती व पुआल की व्यवस्था की गई थी। मुख्य विकास अधिकारी ने पशुओं के लिए गोशाला में प्रकाश व्यवस्था में शेड में मरकरी लगाने के निर्देश दिए। जिससे पशुओं को ठंड से बचाया जा सके। गोवंशों का स्वास्थ्य भी मौके पर परीक्षण कराया गया। जिसमें सभी पशु स्वस्थ मिले। पशु चिकित्सा अधिकारी छजलैट को गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। बताया कि पशुओं के लिए गोशाला के समीप भूमि पर जई बोई है। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद डॉ. अनिल कंसल, पशु चिकित्सा अधिकारी छजलैट, पशुधन प्रसार अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, पशुमित्र, गोशाला के केयर टेकर रहे।

उधर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल ने बताया कि केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल शनिवार की सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक सर्किट हाउस सभागार में मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी, पंचायती राज के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्य और सरकार की योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

**कार्यक्रम** कांशीराम नगर के बुद्धा पार्क में 1200 वर्ग मीटर भूमि पर कचरा प्रबंधन आधारित सेंटर बनेगा

# वेस्ट अवेयरनेस सेंटर से मिलेगी कूड़ा प्रसंस्करण की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद





स्वच्छ शौचालय अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता की शपथ दिलाते नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर प्रदीप सक्सेना व शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महानगर को स्मार्ट बनाने के लिए लोगों को कचरा प्रबंधन की महत्ता की जानकारी के लिए कांशीराम नगर के बुद्धा पार्क में वेस्ट अवेयरनेस सेंटर स्थापित होगा। इसके माध्यम से लोगों को कूड़ा प्रसंस्करण के तकनीक की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें कचरा प्रबंधन की महत्ता भी बताई जाएगी।

महानगर के बीचोबीच कांशीराम नगर के बुद्धा पार्क में 1200 मीटर भूमि पर कचरा प्रबंधन के अन्तर्गत इसकी जानकारी व जागरूकता के लिए वेस्ट अवेयरनेस सेंटर बन रहा है। इसमें नागरिकों को कूड़ा प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी के साथ की कचरा प्रबंधन की महत्ता के बारे में भी जागरूक करना है। इस सेंटर में डिजिटल एवं स्टेटिक म्यूरल्स, स्कल्पचर एवं प्रोजक्शन शो के माध्यम से महानगर के कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया व नागरिकों और नगर निगम की संयुक्त भूमिका के बारे में बताया जाएगा। इसके तैयार होने से कचरा प्रबंधन में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में उन्हें प्रेरित किया जाएगा। जिससे वह अपने घर से ही सूखे और गीले कूड़े को अलग कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उद्देश्य को साकार करने में अपनी जिम्मेदारी निभाकर नगर निगम के काम को सफल बनाने में योगदान दे सकें। क्योंकि घरों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कूड़ा पृथक न होने से सभी को एक साथ ही ट्रंचिंग ग्राउंड पर डंप किया जा रहा है। जिससे कूड़ा प्रसंस्करण में मुश्किल हो रही है। इसके अलावा भी महानगर में विभिन्न स्थानों पर महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से महानगर का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में पीतल नगरी औद्योगिक नगरी के साथ ही पर्यटन के मानचित्र पर भी अपनी नई पहचान स्थापित कर सके।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि कचरा प्रबंधन के लिए यह कांशीराम नगर के बुद्धा पार्क में अवेयरनेस सेंटर नागरिकों व नगर निगम के बीच कचरा प्रबंधन के बीच सेतु का काम करेगा। इससे महानगर को साफ सुथरा रखने में नागरिकों के सहयोग से और आसानी होगी।

### सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में नगर निगम की ओर से शौचालयों की स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत महिला शौचालय की दीवारों का सौंदर्यीकरण कराया गया। इस पर पेंटिंग कर स्वच्छता का संदेश लिखा गया। नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने स्वच्छ शौचालय अभियान के अन्तर्गत लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। प्रदीप सक्सेना ने स्वच्छता की शपथ दिलाकर कहा कि हमें सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ रखना है। इसके प्रयोग के साथ ही इसे साफ रखने की भी जिम्मेदारी है। शौच के बाद अपने हाथों को साफ करना है। यदि कोई गंदगी फैलता है तो उसे रोकना है और स्वच्छता के प्रति उसे जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के लिए विशेष पिंक टायलेट बनाए गए हैं। इस दौरान कॉलेज की प्रिसिंपल रेणुका, नगर निगम के आईईसी टीम के सुपरवाइजर यशवीर सिंह, मोहित कुमार, अमित, जीशान, कोमल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सभी तीर्थों में गंगा श्रेष्ठ: धीरशांत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



धीरशांत दास।



चन्द्र नगर में आयोजित श्रीगीता भागवत सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली का मैदान, चन्द्र नगर में श्रीगीता भागवत सत्संग में भजनोपदेशक धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने कहा कि समस्त युगों में कलियुग अति महत्वपूर्ण है क्योंकि मात्र हरिनाम जप एवं हरिभजन से भगवत प्राप्ति हो जाती है। तीर्थों में गंगा तथा 33 करोड़ देवी-देवताओं में भगवान श्रीकृष्ण श्रेष्ठ हैं।

उन्होंने बताया कि कलियुग के प्रबल प्रभाव से धर्म, सत्य, पवित्रता, क्षमा, दया, आयु, शारीरिक बल तथा स्मरण शक्ति दिन प्रतिदिन क्षीण हो रहें हैं। भगवान श्रीकृष्ण के आविर्भाव तथा कर्मों की दिव्य प्रकृति को जानता है, वह इस शरीर को छोड़ने पर इस भौतिक संसार मे पुनः जन्म नहीं लेता अपितु मेरे सनातन धाम को प्राप्त होता है। कथा व्यास ने कहा कि यदि भगवान संरक्षण प्रदान नहीं करते तो घर में सुरक्षित ढंग से रखा होने पर भी यह धन खो जाता है। यदि भगवान किसी की रक्षा करते हैं, तो उसका कोई रक्षक न होते हुए भी वह जीवित रहता है। जबकि घर पर संबंधियों तथा अन्यों से रक्षित होते हुए भी मनुष्य कभी-कभी मर जाता है। यह भगवान की श्रेष्ठता के उदाहरण हैं। सब कुछ पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान की इच्छा पर निर्भर है। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी शरण में जाएं और संरक्षण की याचना करें। सत्संग की व्यवस्था में संतोष सैनी, रामचन्द्र, अंकुश गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, आरती सैनी, अरुण कुमार, प्रीती सैनी, दीपक कुमार, अन्नू कुमार, ममता सैनी, ध्यान सिंह, राधिका, वसु, आराध्या, राध्या, स्वाति सैनी, मीनाक्षी सैनी, खूबचंद सैनी, कमलेश देवी, सूरजपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### समन्वय जूडो प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 6 से 8 दिसंबर तक कानपुर में आयोजित होने वाली समन्वय जूडो प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद मंडल की सब जूनियर बालक-बालिका टीम का चयन कर लिया गया है। चयन प्रक्रिया सोनकपुर स्टेडियम में संपन्न हुई। इस मौके पर ब्लाइंड पारा नॉर्मल जूडो संस्था के सचिव सोहेल अहमद, संजय गिरी अंतर्राष्ट्रीय रेफरी, रुचि अग्रवाल, पिंटू सैनी, एकांश गुप्ता, लव कुमार, निशांत सिंह शामिल रहे।

### दुकान में नकब लगाकर अल्टीनेटर और बैटरी चोरी

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव सरकड़ा बिश्नोई निवासी प्रियांक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ढकिया रोड पर प्रियांक कम्युनिकेशन, कार क्लब वॉशिंग सेंटर नाम से कार वाशिंग की दुकान चलाता है। शाम को वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रात में चोरों ने किसी समय दुकान के बाहर रखे तीन जनरेटर के अल्टीनेटर व नकब लगाकर दुकान के अंदर रखीं दो बैटरी चोरी कर लीं। सुबह दुकान के मालिक ने अल्टीनेटर व बैटरे न देखकर दंग रह गया। पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### निबंध प्रतियोगिता में विवेक प्रथम, विश्वजीत रहे द्वितीय

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजननगर में रानी लक्ष्मीबाई कल्चरल क्लब की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत भारतीय संस्कृति एवं लोकगीत विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का आरंभ किया। निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विवेक शर्मा प्रथम, विश्वजीत शर्मा द्वितीय और संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लब की ओर से तीनों प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### फंदा लगाकर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी में पति से विवाद के बाद महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। गांव शिकारपुर निवासी साजिया (30) की शादी फरीदापर चौधरी के युसूफ से वर्ष 2019 में हुई थी। उसके दो बेटे हैं। युसूफ दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। साजिया के बार-बार मायके जाने से पति से विवाद होता था।

### व्यापारियों की आपत्ति पर 34 मीटर तय हुई सड़कों की चौड़ाई, नये सिरे से बनेगा डीपीआर, स्थानीय व्यापारियों ने किया योजना का स्वागत

# सीएम ग्रिड योजना लागू होने से अब होगा लाइनपार क्षेत्र का विकास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत लाइनपार में व्यापारियों की आपत्तियों व जनप्रतिनिधियों की पहल पर शासन ने जन भावनाओं का ख्याल रखा है। इस क्षेत्र में अब 41 मीटर की जगह सड़क की चौड़ाई 34 मीटर मानते हुए दो सड़कों का निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। इसका स्थानीय व्यापारियों ने स्वागत किया है। वह इसके कार्य से लाइनपार के विकास को पंख लगने की बात कर रहे हैं।

लाइनपार में सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत सड़क चौड़ीकरण कराने के लिए 41 मीटर की चौड़ाई तक अतिक्रमण हटाने को लेकर लाइनपार के व्यापारी सड़क पर आ गए थे। जन प्रतिनिधियों ने भी व्यापारियों का नुकसान कम से कम हो इसको देखते हुए उनकी आवाज को मजबूती प्रदान करने के लिए अधिकारियों से लेकर शासन तक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व किया। सड़कों पर व्यापारियों ने मशाल जुलूस निकाला। मंडलायुक्त से लेकर नगर आयुक्त व महापौर, नगर विधायक आदि से मिलने के साथ ही शासन तक बात पहुंचाई। विरोध को देखते हुए इसका टेंडर निरस्त कर योजना को इस क्षेत्र से वापस करने की बात कही गई। हालांकि इसको लेकर स्थानीय नागरिकों में मायूसी आ गई। लेकिन, शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना को क्षेत्र में लागू करने की पहल दबे पांव चलती रही। कुछ व्यापारियों ने दोबारा इसे लागू करने की मांग की। नगर विधायक और महापौर ने इसके लिए प्रमुख सचिव को भी पत्र लिखा। अब व्यापारियों की बात कुछ हद तक मानते हुए शासन ने सड़कों की चौड़ाई 34 मीटर पर करने की सहमति जताई है। इसके आधार पर अब इसे लाइनपार में लागू किया जाएगा।

अब सड़कों की चौड़ाई 34 मीटर होने से व्यापारियों ने इसका स्वागत किया। कहा कि योजना का विरोध पूरी तरह नहीं था, बस सड़कों की चौड़ाई को लेकर आपत्ति थी। जिसके लिए सभी ने संयुक्त रूप से आवाज उठाई थी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों को शासन को भेजा गया था। सड़क की चौड़ाई 34 मीटर होने के आधार पर लाइनपार का विकास होगा। शासन से धन मिलते ही काम शुरू कराया जाएगा।


लाइनपार में चौड़ीकरण के लिए इसी स्थान पर टूटनी थीं दुकानें। ● अमृत विचार


इस क्षेत्र में 34 मीटर सड़क की चौड़ाई के अनुसार नये सिरे से डीपीआर बनेगी। इसका दायरा और बढ़ सकता है। व्यापारी अब पहले से संतुष्ट हैं। पहले इसकी चौड़ाई 41 मीटर थी। अब यह 34 मीटर तय हुआ है। 20 प्रतिशत चौड़ाई कम होने से जो धनराशि बचेगी उसका उपयोग अन्य कार्यों में किया जाएगा। 15 जनवरी से इसका काम शुरू होगा। लाइनपार का विकास ही प्राथमिकता है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए शासन में इसकी बात रखी थी। शासन की मंजूरी से अब लाइनपार के साथ ही महानगर में अगले 6 महीने में विकास के नये आयाम दिखेंगे।
**- विनोद अग्रवाल, महापौर**


सड़कों की चौड़ाई 34 मीटर तक तय होने से सभी को आसानी होगी। लाइनपार के व्यापारी सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत इस क्षेत्र के पक्ष में हैं। लेकिन व्यापारी हितों की भी रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।
**- अश्वनी चौहान, लाइनपार विकास मंच**


लाइनपार में सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत अब सड़क की 34 मीटर चौड़ाई के आधार पर विकास कार्य होंगे। इससे व्यापारी संतुष्ट हैं। हालांकि इसमें भी कारोबारियों का नुकसान होगा लेकिन, पहले से कम होगा। सरकार के इस निर्णय का लाइनपार के व्यापारी स्वागत करते हैं।
**- राजपाल सिंह, उपाध्यक्ष, लाइनपार व्यापार मंडल ट्रस्ट**

### राष्ट्रीय युवा उत्सव में युवा करें प्रतिभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय युवा उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम चरण में 5 दिसम्बर तक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जबकि दूसरे चरण में 8 से 15 दिसम्बर तक विकसित भारत पर 1000 शब्दों की निबन्ध प्रतियोगिता आनलाइन होगी। तीसरे चरण में 20 से 26 दिसम्बर तक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी भगवानदास ने बताया कि 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025 के कार्यक्रमों में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग विजन के अन्तर्गत विभिन्न चरणों में माई भारत पोर्टल पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में मंगल दलों, यूनिवर्सिटी, स्कूल, कालेज के युवाओं को माई भारत पोर्टल पर लाग इन करते हुए चरणबद्ध प्रतियोगिताओं में शामिल होना है।

# मकान में आग से रिटायर्ड बैंक मैनेजर की मौत

### पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर बेटे को बचाया, अग्निशमन विभाग की टीम ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में घर में शुक्रवार को भोर में लगी आग से कमरे में सो रहे रिटायर्ड बैंक मैनेजर की जलकर मौत हो गई। उनके बेटे को पड़ोसियों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया। पुलिस ने फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट से जांच-पड़ताल कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। रिटायर्ड मैनेजर की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।


सुधीर अग्रवाल।

थाना मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर रोड मझोली बुद्धि विहार अमित मेडिकल के सामने वाली गली निवासी सुधीर अग्रवाल (71) इंडियन ओवरसीज बैंक से सीनियर मैनेजर के पद से रिटायर्ड थे। परिवार में एक बेटा अनिमेष और दो बेटी नीतू और मीतू हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। पत्नी की भी मौत हो चुकी है। रिटायर्ड बैंक मैनेजर अपने बेटे अनिमेष के साथ दो मंजिला मकान में रहते थे। बताया गया कि गुरुवार की रात भोजन करने के बाद पिता सुधीर अग्रवाल मकान के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित अपने कमरे में सो गए, जबकि बेटा पहली मंजिल पर अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार तड़के किसी समय सुधीर अग्रवाल के कमरे में आग लग गई, जिससे पूरे घर में धुआं भर गया। सुबह लगभग 6:00 बजे जब मकान की पहली मंजिल पर धुआं भरा तो बेटे अनिमेष ने शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोग पहुंच गए और पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक मझोला मोहित चौधरी, लाइनपार चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से मेन गेट का दरवाजा तोड़कर किसी तरह फायर ब्रिगेड की टीम अंदर घुसी और बेटे को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद लगभग आधे घंटे की मशक्कत करके आग पर काबू पाया। आग से कमरे का सारा सामान और टाइल्स जल चुकी थी। सुधीर अग्रवाल भी वहीं बुरी तरह जली हुई हालत में पड़े मिले और उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर जांच पड़ताल कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि एक घर में आग लगने से वृद्ध की जलकर मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


आग से जला घर में रखा सामान। ● अमृत विचार


बुद्धि विहार में हादसे के बाद शोकाकुल परिवार के लोग। ● अमृत विचार

## बिना रजिस्ट्रेशन दौड़ रहे ई-रिक्शा से यातायात व्यवस्था बदहाल

संवाददाता, कांठ

- बिना रजिस्ट्रेशन के करीब 100 ई-रिक्शा सड़कों पर दौड रहे
- डग्गामार वाहन व ई-रिक्शा पर जिम्मेदार मेहरबान

**अमृत विचार :** नगर में वैसे भी यातायात व्यवस्था बेहद खराब है। वन वे व्यवस्था लागू होने के बाद भी न कोई नियम है और न कोई रोकटोक।

यहां डग्गामार वाहन भी बेधड़क होकर दौड़ रहे हैं। ऊपर से बिना रजिस्ट्रेशन के करीब 100 ई-रिक्शा नगर की यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। इनकी वजह से जगह-जगह जाम लग रहा है। इनके सड़क पर चलने के संबंध में भी कोई नियम लागू नहीं किया गया है और न ही इन पर ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। नगर क्षेत्र में यातायात पुलिस की लापरवाही से इनकी संख्या बेहिसाब बढ़ती जा रही है। इससे यातायात व्यवस्था और बिगड़ रही है। इनकी वजह से नगर में जगह-जगह जाम लग रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। वैसे तो किसी वाहन की बिक्री के बाद उसका नंबर एआरटीओ कार्यालय से जारी होता है। उसका बीमा, फिटनेस, लाइसेंस समेत अन्य कागजात एआरटीओ कार्यालय से ही जारी होते हैं, लेकिन ई रिक्शों में कोई नियम लागू नहीं किया जाता। कौन खरीद रहा है या कौन बेच रहा है, इनके रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं हो रहे इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। जबकि पुलिस और एआटीओ इसके जिम्मेदार हैं। ई-रिक्शा संचालन में सबसे बड़ी दिक्कत ये आ रही है कि आपराधिक मामलों में इन्हें तलाश करना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि न तो इन पर कोई नंबर होता है और न ही इनके रजिस्ट्रेशन कराए जाते हैं। अगर ये लूट लिए भी जाते हैं तो पुलिस को बरामद करना और कठिन हो जाता है।

# 15 तक सम्पन्न होंगे मंडल अध्यक्षों के चुनाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा महानगर के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में संगठन चुनाव की कार्यशाला

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में शुक्रवार को भाजपा महानगर के बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि आगरा से आए जिला चुनाव अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि 1 से 15 दिसम्बर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद 16 से 30 दिसम्बर के बीच जिलाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।

जिला चुनाव अधिकारी प्रमोद गुप्ता और महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कार्यशाला का आरंभ भारत माता, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके किया। जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष चुनाव व बूथ कमेटी गठन की तरह मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक चुनाव में जिसे जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभानी है। सबसे पहले हमें अपना सूचना तंत्र मजबूत करना है। जिन बूथों पर चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है वहां दो दिन में बूथ समिति का गठन कर लिया जाए। बूथ समिति में एक सचिव, एक मन की बात प्रमुख, एक व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख, एक लाभार्थी प्रमुख बनाना है। बूथ पर बिरादरी के हिसाब से तय करना है हर बूथ की कमेटी में तीन महिला पदाधिकारी जरूर रहें। हर बूथ पर मतदाता सूची के एक पन्ने पर 60 वोटर के नाम होते हैं पन्ने पर जिस सदस्य का नाम होगा वही उसी पन्ने का पन्ना प्रमुख बनाना है। शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। 1 से 15 दिसंबर तक हमें मंडल के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी है। हर मंडल में मंडल अध्यक्ष और मंडल की समिति चुनी जानी है। मंडल अध्यक्ष व मंडल की समिति चुनने के बाद महानगर अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसे मंडल अध्यक्षों के द्वारा चुना जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष ने कहा कि संगठन चुनाव पर्व के दूसरे चरण में हम सभी की भूमिका अहम है। पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष का चुनाव कराना है।

कार्यशाला का संचालन महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा व शम्मी भटनागर ने किया। इस दौरान दिनेश शीर्षवाल ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह, सुरेंद्र विश्नोई, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, संगठन चुनाव सह अधिकारी नवदीप टंडन, शम्मी भटनागर, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, रामप्रकाश शर्मा, विशाल त्यागी, दिनेश सिसोदिया, विजय लक्ष्मी, शशि किरण, सुनीता शर्मा, सर्वेश पटेल सहित अन्य लोग रहे।



भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की कार्यशाला में मौजूद जिला चुनाव अधिकारी प्रमोद गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## कोतवाली में भूमि को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली में ग्राम समाज के पट्टे की भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान किया है।

कोतवाली के ग्राम गंझेड़ा आलम निवासी सोमपाल पुत्र रामस्वरूप और थाना भगतपुर के बुढ़ानपुर निवासी ताहिर अली पुत्र रियासत, सानिब अली पुत्र के बीच ग्राम समाज के पट्टे की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार को एक पक्ष ने जबरन भूमि को जोत दिया तो दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया था। कोतवाली में भी दोनों पक्ष मारपीट पर आमादा हो गए। इस बीच कोतवाली परिसर में हंगामा हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से तीनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# मंडी समिति में ई-नाम लैब का परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मिलीं कमियों का सुधार करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के परीक्षण अधिकारी बंटी आर्य ने ई-नाम लैब मुरादाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ई-नाम लैब प्रभारी अपूर्वा गहोई वर्गीकरण निरीक्षक एवं आशीष कुमार गुप्ता ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक मुरादाबाद मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण अधिकारी ने वर्गीकरण रिपोर्ट की समीक्षा भी की। उन्होंने जिंस की टेस्टिंग की साथ ही नवंबर में टेस्टिंग होने वाली जिंस का नाम और उससे संबंधित किस-किस जिंसों कितनी ऐसेयिंग की गयी है, उन सभी का भी परीक्षण किया। जिसमें लैब प्रभारी गहोई ने समस्त रिपोर्ट उपलब्ध कराते हुए परीक्षण अधिकारी को अवगत कराया कि वर्तमान में ई-नाम केंद्र मुरादाबाद में आलू ,टमाटर, हरी मिर्च की टेस्टिंग की जा रही है। जिसमें इस माह में आलू के 45 लॉट 2207 क्विंटल वर्गीकृत मात्रा, टमाटर के 42 लॉट 682 क्विंटल वर्गीकृत मात्रा तथा हरी मिर्च के 42 लॉट 654 क्विंटल वर्गीकृत मात्रा अर्थात कुल लॉट 129 एवं वर्गीकृत मात्रा 3543 क्विंटल ऐसेयिंग की गई। इसी दौरान आशीष कुमार गुप्ता ने बताया की ई-नाम लैब को डिजिटल करने की बात रखी। जिससे लैब को और आधुनिक बनाकर अधिक लॉट्स की ऐसेयिंग की जा सके। लैब में फल-सब्जियों के रंग देखने के लिए एक्सपर्ट फोटो मीटर या क्लैरी मीटर एवं नमी के लिए डिजिटल नमी मापक मीटर में कमी पाई। जिससे वर्गीकरण को और अधिक सुगम नहीं बनाया जा सका। अंत में परीक्षण अधिकारी बंटी आर्य ने बताया कि लैब में कुछ कमियां हैं। जिनको सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।

# सोशल मीडिया बुरा मालिक, लेकिन अच्छा सेवक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भौतिक प्रगति हासिल करने के बाद भी खुशी सूचकांक में आई गिरावट

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) की ओर से एचीविंग एक्सीलेंस थ्रू सेल्फ एक्सप्लोरेशन पर एक्सपर्ट टाक का आयोजन परिसर में किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर एवं आईआईटी रुड़की के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. नवनीत अरोड़ा ने वहां मौजूद छात्र छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। इससे पहले एक्सपर्ट राजेश रमानी, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, ज्वाइंट रजिस्ट्रार जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. अलका अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एक्सपर्ट टाक का आरंभ किया।

शुक्रवार को टीएमयू में मोटिवेशनल स्पीकर व आईआईटी रुड़की के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो.(डॉ.) नवनीत अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी खुशी की कुंजी हमारे भीतर ही है। उन्होंने दो वीडियो से माध्यम से सभी को समझाया। उन्होने बताया कि भले ही हमने बहुत भौतिक प्रगति हासिल कर ली है, लेकिन खुशी का सूचकांक गिर रहा है। परिवार टूट रहे हैं। अवसाद और हताशा बढ़ रही है। प्रो. अरोड़ा ने कहा कि सोशल मीडिया एक बुरा मालिक है, लेकिन एक अच्छा सेवक है। यह आप पर निर्भर करता है कि सोशल मीडिया का कैसे उपयोग करते हैं। राजेश रमानी ने कहा कि व्यवहार ही आप का दर्पण है। एक्सपर्ट टाक में डॉ. विवेक पाठक, ज्योति शर्मा, अर्पित चौधरी, डॉ. दीप्तोनल बनर्जी, सुगंधा जैन, रोहन बाबू आदि शामिल रहे। संचालन आईकेएस की फैकल्टी डॉ. अमीषा सिंह ने किया।


तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## बरेली कॉलेज की डॉ. शालिनी सिंह का प्रोजेक्ट हुआ स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- औषधीय पौधों के संरक्षण और संवर्धन के लिए शोध

**अमृत विचार :** बरेली में औषधीय पौधों का समृद्ध भंडार है लेकिन समय के साथ इनकी संख्या में कमी आ रही है। बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान की असिस्टेंट प्रो. शालिनी सिंह ने इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए शोध शुरू किया है।

डॉ. शालिनी पता लगा रही हैं कि बरेली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी कौन-कौन से पौधे उपलब्ध हैं और उनका संरक्षण कैसे किया जा सकता है। इसके लिए एक सर्वेक्षण कर पौधों की पहचान, उनके औषधीय गुण और उनके उपयोग के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। इस शोध के लिए प्रदेश सरकार की रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना से डॉ. शालिनी को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। डॉ. शालिनी का कहना है कि शोध का उद्देश्य केवल इन पौधों के अस्तित्व की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उनकी जैविक विविधता और उनकी उपयोगिता को भी समझना है ताकि वे भविष्य में भी उपलब्ध रहें। उनके मुताबिक बरेली में पाए जाने वाले कुछ प्रमुख औषधीय पौधों में अश्वगंधा, नीम, अर्जुन, बेल, भृंगराज, तुलसी, शंखपुष्पी, चिरचिटा, कैलोट्रोपिस, और हर श्रृंगार शामिल हैं। अश्वगंधा को तनाव, चिंता और कमजोरी दूर करने, नीम और अर्जुन दिल और रक्तचाप की समस्याओं के उपचार में सहायक होते हैं। तुलसी को तो आध्यात्मिक औषधि के रूप में भी पूजा जाता है और शंखपुष्पी को मानसिक शांति के लिए जाना जाता है। इन पौधों का महत्व न केवल स्वास्थ्य के लिहाज से है बल्कि पर्यावरण के लिए भी लाभकारी हैं। कई पौधे प्राकृतिक जैविक नियंत्रण में मदद करते हैं और कृषि की स्थिरता को बढ़ावा देते हैं। उनका शोध जल्द ही इंडियन जर्नल ऑफ एथनो बॉटनी में प्रकाशित होगा।


## कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को यह सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/ व्यवसायिक/ रेन्ट नजूल/ इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है-

| क्र.स. | मूल आवंटी का नाम | भवन / भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु / विक्रय विलेख दिनांक | मध्य क्रेताओं के नाम व निष्पादित विलेख दिनांक | उत्तराधिकारी / क्रेता का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | आवंटी से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | श्री उज्जवल दीक्षित पुत्र श्री अचल दीक्षित, निवासी-4 बी/426, बुद्धि विहार, मझौला, मुरादाबाद, उ०प्र०। | 6B-50 (भवन) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 28.05.2024 | — | श्री राजेश वर्मा पुत्र स्व० सीताराम वर्मा, निवासी-प्रतीक विहार कालोनी, निकट हरथला रेलवे स्टेशन, हरथला, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 8865093524) | — | विक्रेता-क्रेता |
| 2. | श्री नितिन गोयल पुत्र श्री जय प्रकाश गोयल, पता-नितिन इलैक्ट्रीकल्स ओरियन्टल बैंक रोड, बिलारी, जिला मुरादाबाद, उ०प्र०। | 3C-151 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 23.08.2023 | — | श्रीमती राजेश पत्नी श्री इन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम हरियाणा, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 9568108936) | — | विक्रेता-क्रेता |
| 3. | श्री विक्रान्त वर्मा पुत्र श्री रविकान्त वर्मा, निवासी-सी/171, दीनदयाल नगर-2, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। | 5A-87 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 24.04.2024 | 1-श्रीमती फरहा नाज पत्नी श्री फहीम अहमद, विक्रय विलेख दिनांक 17.06.2021 | मौ० वसीम पुत्र श्री वजीर अहमद, निवासी-होली वाला कुंआ, कस्बा पाकबड़ा, तहसील व जिला मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 7417090331) | — | विक्रेता-क्रेता |
| 4. | श्रीमती रश्मि रस्तौगी पत्नी श्री अजीत रस्तौगी, निवासी-173, मालती नगर, डिप्टी गंज, मुरादाबाद, उ०प्र०। | 14C-22 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 25.04.2024 | 1-कु० गरिमा वॉसलस पुत्री श्री सुधीर चन्द्र गुप्ता व श्री सुधीर चन्द्र गुप्ता पुत्र स्व० कैलाश चन्द्र गुप्ता, विलेख दिनांक 05.11.2020 | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री राजीव पाल, निवासी-मौहल्ला शिवाजी नगर, कैल्टन स्कूल के पास, लाइनपार, जिला मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 9997092165) | — | विक्रेता-क्रेता |
| 5. | श्री अभय रस्तौगी पुत्र स्व० सुरेन्द्र नाथ रस्तौगी, निवासी-सी-07, मालवीय नगर, मुरादाबाद, उ०प्र०। | D-13 (भूखण्ड) | रामगंगा विहार, द्वितीय | विक्रय विलेख दिनांक 14.10.2022 | — | श्री मनमोहन लाल पुत्र श्री मोतीलाल, निवासी-निकट समाज कल्याण, आदर्श कालोनी, मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो०नं० 8958045451) | — | विक्रेता-क्रेता |

नामान्तरण के उपर्युक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम 6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी-सम्पत्ति**

## एक नजर

### नाबालिग को बहलाकर ले जाने में तीन पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में स्कूल गई नाबालिग छात्रा को बहलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता ने गांव के ही कई लोगों पर उसकी नाबालिग पुत्री को ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। छात्रा के पिता का आरोप है कि 28 नवंबर की सुबह 8 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री स्कूल जाने के लिए घर से गई थी जो कि घर वापस नहीं लौटी। उसे जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को उसी के ग्राम निवासी कोमिल, अशोक और विनोद अपने साथ कहीं ले गए हैं। इसके बाद जब उसने इसके संबंध में अशोक से पूछताछ की तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो छुट्टा गोवंशों को गोशाला भिजवाया

**कांठ, अमृत विचार :** बेगमपुर के जंगल से दो व्यक्ति गुरुवार शाम एक बछड़े और एक बछिया को रस्सी से बांधकर महदूद कलमी के जंगल में ले जा रहे थे। खेतों में काम करने वाले लोगों ने उनको देखकर रोका तो वो दोनों गोवंशों को छोड़कर जंगल में भाग गए। इसकी जानकारी मिलने पर गो सेवा गतिविधि की टीम के सदस्य निपेंद्र कसाना मौके पर पहुंच गए। इसकी सूचना उन्होंने विकास शर्मा जिला संयोजक को दी गई। इसके बाद गोसेवा गतिविधि की टीम ने दोनों गोवंशों को निपेंद्र कसाना के घर पर बंधवा दिया। उसके बाद ग्राम प्रधान को अवगत कराया। विकास शर्मा ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य गोयल से बात कर दोनों गोवंशों को सादकपुर खिचड़ी की गोशाला में ले जाकर सुरक्षित एवं संरक्षित कराया।

### रामपाल द्वार से बस की बैटरी चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बाबू रामपाल द्वार पर ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर चलने वाली मिनी बस को चालक ने स्टार्ट की तो बस स्टार्ट नहीं हुई। तब परिचालक ने देखा कि बस की बैटरी गायब है। इसकी सूचना परिचालक ने बस मालिक को दी। बस मालिक ने मौके पर पहुंच कर कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

---

**घेंघा रोग, पेट दर्द, बुखार, पथरी के रोगी बढ़ रहे इन गांवों में, जनपद में नहीं है आर्सेनिक लैब**

# नदियों के किनारे बसे गांवों के पानी में आयरन की कमी

संवाददाता, मूंढापांडे

**अमृत विचार :** जनपद में रामगंगा और कोसी नदियों के निकट बसे गांवों के लोग अशुद्ध जल पीने को मजबूर हैं। इनकी सुध न जिला प्रशासन ले रहा है न ही जनप्रतिनिधि। हर साल सैकड़ों की तादाद में लोग गंदे पानी के सेवन से सिर दर्द, बुखार, घेंघा रोग, पेट दर्द जैसे रोगों से पीड़ित होकर आमदनी का बड़ा हिस्सा इलाज पर खर्च करते हैं। पानी में आर्सेनिक मिलने से स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है।

नदी किनारे बसे गांवों के पानी में आर्सेनिक होने की ये पहला मामला नहीं है। जब भी इन नदियों में बाढ़ आती है तो आसपास गांवों के हैंडपंपों से आर्सेनिकयुक्त पानी निकलने की शिकायतें होने लगती हैं। इसकी सुध न तो जिला प्रशासन, स्वास्थ्य महकमा और न ही माननीय लेते हैं। संबंधित गांवों के हैंडपंपों की कम गहराई भी इसका एक कारण माना गया है। गांव देवापुर, इम्लाक, हृदयनाजरपुर, वीरपुरबरियार उर्फ खरक, खानपुर कस्बा, ताजपुर माफी, दादूपुर, काजीपुर, मुलावाहन, महदूद कलमी, दयानाथपुर, रायाभूड़ समेत अनेक गांव ऐसे हैं जिनमें रहने वालों के लिए पेटदर्द, बुखार और सिर दर्द की शिकायतें आम हो गई हैं। बच्चों में संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी है। कई गांवों में रोगियों की तादाद बढ़ने और बच्चों की अचानक मौत भी हो चुकी है। प्रशासन द्वारा इन गांवों के पानी की जांच कराई गई तो आर्सेनिक होने के सुबूत मिले। गंदा पानी होने की भी पुष्टि हुई। प्रशासन ने भी कम गहराई पर हैंडपंप लगे होने की पुष्टि की।

### पेट और पथरी रोग का खतरा बढ़ा

चिकित्सकों की राय में गंदे पानी का सेवन करने से पेट दर्द और पथरी बनने का खतरा रहता है। आर्सेनिक वाले पानी का सीधा असर हृदय पर पड़ता है। वर्तमान में कई गांवों से ऐसी शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन एवं डॉ. मुकेश रायजादा कहते हैं कि नदियों के आसपास रहने वाले कमोबेश 20 फीसद लोगों में पथरी और पेट दर्द की शिकायतें मिल रही हैं।

### जिले में आर्सेनिक की जांच के लिए नहीं लैब

गांव दयानाथपुर और रायाभूड़ के पानी में आर्सेनिक पाया गया है, जबकि रामगंगा किनारे बसे गांवों के पानी में आयरन की कमी मिली है। आयरन की कमी वाले पानी की जांच का जनपद में लैब है, लेकिन आर्सेनिक की जांच आगरा और लखनऊ में होती है। जिला प्रशासन ने लैब बनवाने के प्रयास शुरू किए हैं।

### हैंडपंपों की कम गहराई भी बढ़ा रही समस्या

जनपद की आबादी कमोबेश 27 लाख है। मानक के मुताबिक हरेक व्यक्ति को स्वच्छ पानी मुहैया कराने के लिए 100 की आबादी पर एक हैंडपंप की आवश्यकता होती है। इसके लिए करीब 2000 हैंडपंपों की दरकार है। अनेक स्थानों पर हैंडपंप की गहराई कम होने पर स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है।

> पानी के नमूने लेने के लिए किट मंगाई गई है। अगले महीने में कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। सबसे पहले ब्लॉक छजलैट के नमूने लिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने विभाग द्वारा कम गहराई पर हैंडपंप लगाने के मामले को गंभीरता से लिया है। जांच कराई जाएगी।
> **सुमित यादव,** मुख्य विकास अधिकारी।

---

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज

## सभी मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** संभल प्रकरण को लेकर कांठ और छजलैट क्षेत्र में जुमे की नमाज सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी। मस्जिदों के इमामों ने लोगों से शांति की अपील की।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान कांठ और छजलैट क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह से सतर्क रही। दंगा नियंत्रण संबंधित सभी उपकरणों से लैस होकर पुलिसकर्मियों ने नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर ड्यूटी दी। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने, भाईचारा और सौहार्द का संदेश देने की अपील की। शुक्रवार को सुबह से ही नगर व क्षेत्र की बंजारन मस्जिद, अंसारियान मस्जिद, जामा मस्जिद काजयान, सुनहरी मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद, ठंडी मस्जिद, लाल मस्जिद, माहीग्रान मस्जिद, गढ़ी, सलेमपुर, अकबरपुर चैदरी, नया गांव, छजलैट आदि क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में सुरक्षा के बीच निर्धारित समय पर नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। इस दौरान मस्जिदों के इमामों ने अपने समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने और भाईचारे की अपील की। उन्होंने नागरिकों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और एकता बनाए रखने की सलाह दी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत एसडीएम प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निम्बाडिया, कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक जयदेव यादव, छजलैट थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसएसआई सुभाष धनगड़, कस्बा चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक लईक अहमद, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



मस्जिद के बाहर तैनात पुलिसकर्मी व अन्य।

### पुलिस ने क्षेत्र में की गश्त

**बिलारी, अमृत विचार :** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। सुबह से ही पुलिस नगर में भ्रमण करती रही। नमाज संपन्न होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। संभल में हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन लगातार लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहा है। जुमे को लेकर भी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। बिलारी नगर में मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। देहात क्षेत्र में भी पुलिस नमाज को लेकर क्षेत्र में भ्रमण करती रही। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी, एसडीएम विनय कुमार सिंह भी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

## नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास की निगरानी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संभल बवाल के बाद सतर्क पुलिस प्रशासन ने जुमे की नमाज पर मस्जिदों के आसपास निगरानी की। नमाज के दौरान जहां पुलिस बल तैनात रहा, वहीं संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी। हर जुमे की तरह मस्जिदों में शांति पूर्वक नमाज अदा की गई।

नगर में जुमे की नमाज को लेकर गुरुवार शाम एसपी ग्रामीण ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की थी। शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस बल को सभी मस्जिदों के आसपास तैनात किया गया था। बस स्टैंड स्थित ताली मस्जिद, बाजार स्थित कुरैशियान मस्जिद, छीपियान मस्जिद, फिरदौस मस्जिद, धोबियान मस्जिद के आसपास भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। इसके साथ शरीफनगर, सुरजननगर, फरीदनगर, गोपीवाला, मसतल्लीपुर, सुरजन नगर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भी मस्जिदों के आसपास पुलिस मुश्तैद रही। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

---

## सार-संक्षेप



कुंदरकी में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

### छात्र-छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कुंदरकी, अमृत विचार :** जेएलएम इंटर कॉलेज कुंदरकी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने कॉलेज मे शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्रधानाचार्य रफत अली खान ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। नोडल प्रभारी तसलीम खान ने बताया कि इस दौरान 120 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. वकील अहमद, डॉ. पूनम शर्मा, रूफी नाज, अवधेश कुमार रहे। कॉलेज स्टाफ से शिक्षक मोबीन अख्तर, निशात जहां, अब्दुल खालिक, मोहम्मद रिजवान खान, फिरोज खान, सुहैबुल्लाह, इदरीस अहमद, इमरान खान आदि उपस्थित रहे।



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख्तर व अन्य।

### क्षेत्रीय विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने समाजवादी पार्टी कार्यालय कांठ पर लोगों की समस्याओं को सुना। विधायक ने समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने सपा कार्यालय पर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान डॉ. मून, नदीम सिटीजन, नईम अंसारी, डॉ. दानिश अंसारी आदि ने कांठ में लग रहे रोजाना जाम की समस्या को उठाया। क्षेत्रीय विधायक ने गन्ने के वाहनों को रात के समय चलाने के लिए जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद से कहा तथा खनन अधिकारी से डम्पर रात में चलाने के लिए कहा तथा जिलाधिकारी से भी फोन पर वार्ता कर गन्ना वाहन और डम्पर रात में ही चलाए जाने के लिए कहा। जिससे कांठ वासियों को जाम से छुटकारा मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विक्रम सिंह यादव, नाजिम अली सैफी, अमजद अली, प्रधान तस्लीम, नईम अंसारी, रफीउल्ला चौधरी, चौधरी आबिद,फैजान चौधरी, बकार खान, भूरे अली, आदि पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### चकमार्ग को लेकर झगड़ा करने में छह पर रिपोर्ट

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव धींगरपुर निवासी इस्लाम ने पुलिस को बताया उसके खेत तक आने जाने वाली चकमार्ग पर पड़ोस के खेत मालिकों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उसने चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराने के लिए राजस्व विभाग से मांग की है। चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराने का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बाद को लेकर आरोपियों ने लाठी-डंडे से लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी यासीन, फईम, अहमद अली, महबूब, शकील व छिद्दा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शादी में गया था परिवार, चोरों ने खंगाला घर

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में एक परिवार शादी में गया था। रात को जब वह घर पर लौटे तो घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला। चोर मकान से सात हजार रुपये की नकदी और करीब 15 लाख रुपये के जेवर ले गए। थाना डिलारी क्षेत्र निवासी मोहित शर्मा का कहना है कि उनका परिवार सरकड़ा विश्नोई में रहता है। बुधवार को वह परिवार के साथ कस्बा डिलारी में एक पैलेस में अपनी चचेरी बहन की शादी समारोह में गया था। बुधवार रात को वह वापस आए तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर करीब 15 लाख रुपये के जेवर, घर में रखी गुल्लक तथा अलमारी में रखे सात हजार रुपये की नकदी और बच्चों के कपड़े चोरी कर लिए। मोहित का कहना है कि 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसकी शिकायत डिलारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### निजी बस में सवार यात्री का हाथ कटा, तहरीर दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड के ग्राम राजपुर निवासी फरमान अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका भाई अमानत अली दिल्ली में फल बेचने का कारोबार करता है। अमानत अपने भाई और मां के साथ जसपुर से दिल्ली जाने के लिए निजी बस में बैठा था। जसपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर तरफ उनकी बस को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें अमानत अली गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दाहिना हाथ कट गया। परिजनों ने उत्तराखंड के काशीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उसने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

---

# जुमे की नमाज के दौरान सतर्क रही पुलिस

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** संभल हिंसा के बाद जुमे की नमाज नगर व देहात की मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में हुई। इस दौरान मस्जिदों के बाहर शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिसकर्मी तैनात रहे। पुलिस-प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वह लोग किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और नमाज अदा करें। पुलिस शान्ति व्यवस्था को लेकर चौराहों पर भी नजर आई।

संभल की शाही जामा मस्जिद प्रकरण की शुक्रवार को संभल कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई होनी थी। जिसके चलते पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। बता दें कि रविवार को संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में कई लोगों की जान चली गई थी और तनाव बढ़ गया था। इसके चलते प्रशासन ने पहले से ही पुख्ता इंतजाम कर रखे थे और प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा कराई गई।



नगर पंचायत ढकिया में नमाज के दौरान मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस।

### पैदल मार्च कर पुलिस ने दिलाया भरोसा

**डिलारी, अमृत विचार :** मस्जिद के सर्वे के दौरान संभल में हुई हिंसा के बाद डिलारी, ढकिया में जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन ने पूरी सतर्कता बरती। शुक्रवार को ढकिया कस्बे को छावनी में तब्दील कर दिया गया था, जहां पुलिस ने पैदल मार्च कर स्थिति का जायजा लिया। थाना डिलारी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने सुरक्षा की कमान संभाली। पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले जिम्मेदारों के साथ बैठक की और उनसे शांति बनाए रखने की अपील की। शुक्रवार को मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई।

## आलू-साग की सब्जी खाकर एक परिवार के सात लोग बीमार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर कलां में एक परिवार के सात लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

धर्मपुर कलां गांव निवासी फहीम, उसकी पत्नी मीना, बेटा फरहान, बेटी आलिया व रहीसा और शमीमा ने गुरुवार रात घर में बने आलू और साग की सब्जी खाई थी। बताया कि शुक्रवार सुबह जब सभी लोग उठे तो उन्हें उल्टी दस्त और चक्कर आने लगे। इस पर परिजनों ने तत्काल ही उन्हें 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ. दुर्गेश्वर प्रसाद ने सभी को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सक ने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर है।

# ग्राम समाज की भूमि पर लोगों ने किया कब्जा, प्रशासन अनजान

संवाददाता, कांठ

- **कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई**

**अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम पाइंदापुर, रामसराय, कमलापुरी माफी, बेगमपुर, मिश्रीपुर, हीरापुर, गढ़ी, सलेमपुर, अकबरपुर, मल्लीवाला, डहरा, ऊमरी कलां, मथाना, रामपुर, बीबीपुर, सराय खजूर, सलावा खेड़ा आदि ग्रामों में कई लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे कर रखे हैं। कई बार मामले तहसील दिवस और थाना दिवस में भी आते हैं परंतु तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी अवैध कब्जे हटवाने के नाम पर खामोश हो जाते हैं।

कुछ समय पहले तत्कालीन एसडीएम आईएएस प्रेरणा सिंह ने ग्राम पाइंदापुर में 1005 बीघा ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवा कर उसमें पर्यटन स्थल पार्क बनाने के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से सिफारिश की थी। जिलाधिकारी ने ग्राम समाज की भूमि होने पर वहां पर पर्यटन स्थल बनाने की स्वीकृति के प्रयास भी किए थे परंतु दोनों अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद उक्त ग्राम समाज की सैकड़ों बीघा भूमि पर दोबारा से लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए।

कई बार ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की, परंतु तहसील प्रशासन की खामोशी के चलते ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जे नहीं हटवाए गए हैं और तहसील के अधिकारी व कर्मचारी ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के मामले को लेकर खामोश है।

## एसडीएम ने बूथ दिवस को लेकर दिए निर्देश

**बिलारी, अमृत विचार :** 8 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान के बूथ दिवस को लेकर एसडीएम ने तहसील टास्क फोर्स के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बूथ दिवस को सफल बनाने को लेकर निर्देश दिए । एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि 8 दिसंबर को नगर व देहात क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत होगी।

उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जानी चाहिए। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाए। बिलारी क्षेत्र में कुल 218 बूथ बनाए जाएंगे, जिसमें नौ दिसंबर से लेकर 13 दिसंबर तक 117 टीम में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी। चार मोबाइल टीमें, 38 पर्यवेक्षक भी क्षेत्र में रहेंगे। बताया कि 29 नवंबर से लेकर 3 दिसंबर तक वैक्सीनेटर ट्रेनिंग की जाएगी। इस दौरान बैठक में बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, प्राथमिक शिक्षा विभाग समेत विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन देते हिंदू संगठन के पदाधिकारी।

# हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदू संगठनों ने गृहमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें भारत सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की गई।

शुक्रवार को पौंडा खेड़ा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बैठक की। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। कट्टरपंथी उनकी जान और माल दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके बाद पदाधिकारी और कार्यकर्ता बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने गृहमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष रजनीश गर्ग, जयदेव मौर्य, बजरंग दल के नगर अध्यक्ष छवि राज चावला, सुरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र गांधी, नीतुल सिरोही, विनोद कश्यप, राहुल शर्मा, वंश कुमार, राजकुमार सागर, सुदीप कुमार सिंह, शेखर चौहान, मनिंदर शर्मा, वंश शर्मा, अनिल कुमार, आशू कोहली, परमेश्वरी नाथ गोस्वामी, अमित कुमार, लकी चौधरी, विशाल गुप्ता, उज्जवल चौहान, विकास गुप्ता, अभिलाष गौड़, राजू गुप्ता रहे।

# तिकोनिया बस स्टैंड से लेकर रतूपुरा मोड़ तक लगे जाम से लोग रहे परेशान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में शुक्रवार को तिकोनिया बस स्टैंड से रतूपुरा मोड़ तक जाम लगा रहा। इस बीच करीब दो किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। चार पहिया वाहन तो दूर दोपहिया वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया। जाम में स्कूली बच्चों के साथ यात्री वाहन भी फंसे रहे।

नगर में तिकोनिया बस स्टैंड, कदीर तिराहा, कमालपुरी चौराहा, रामपाल द्वार और रतूपुरा मोड जाम के केंद्र बन चुके हैं। इन स्थानों पर ई-रिक्शा और भारी वाहनों के चलते प्रतिदिन जाम लग जाता है। शुक्रवार को भी तिकोनिया बस स्टैंड से लेकर रतूपुरा मोड़ तक जाम लगा रहा। इसके साथ ही कमालपुरी चौराहा पर कमालपुरी रोड और शगुन तिराहा की तरफ जाने वाले वाहन भी फंसे रहे। रामपाल द्वार पर भी अस्पताल रोड की तरफ से आवाजाही बंद हो गई। नगलिया से वाहनों ने प्रवेश किया तो पुराना जसपुर बस स्टैंड जाम की चपेट में आ गया। यहां पर दुकानों के सामने खड़े वाहन जाम का सबब बने। शुक्रवार को दिनभर सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। जाम देखकर कई वाहन चालकों ने रास्ता भी बदल दिया। उन्होंने अपने वाहनों को जसपुर रोड होकर और रतपुरा होकर पास किया। इस बीच रोड पर पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं होने के कारण स्वयं राहगीरों ने मशक्कत कर जाम को खुलवाया।

### छोटी सोच से बाहर निकलें लोग : ऋषि राम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन की शाखा सुरजननगर के ग्राम बहापुर में सत्संग में महात्मा ऋषि राम ने प्रवचन कर कहा कि संसार में जितने भी मनुष्य हैं उनका दायरा सीमित है। असीम तो केवल निरंकार प्रभु परमेश्वर है। हम सभी का कर्तव्य है कि सबको अपना विस्तार असीम की ओर करना चाहिए। यह विस्तार तभी हो सकता है जब असीम के बारे में पता होगा और इस असीम निराकार प्रभु परमेश्वर का पता बताते हैं पूर्ण सतगुरु। निरंकारी मिशन के सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज सारे संसार को यह पैगाम दे रहे हैं कि सभी को अपना विस्तार करना है। इंसान की जो संकीर्ण सोच है उससे ऊपर उठकर विश्व कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करना है। तभी अपना भी विकास होगा और समाज का भी विकास होगा। संत निरंकारी मिशन के वार्षिक समागम में 98 गरीब परिवार के बेटे-बेटियों की बिना दहेज की शादियां कराईं गईं। सतगुरु ने वधू और वर को आशीर्वाद प्रदान किया। सत्संग में नरेश सिंह, उमेश देवी, राम अवतार, चंद्रपाल सिंह, घासी जी, करन सिंह, कमला अंजू आदि भी उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद।**

पत्रांकः-1537/ल0सि0/लेखा0/-ई-निविदा/2024-25 दिनांकः-25/11/2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 19/ई0ई0/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड मुरादाबाद द्वारा पात्र ई-टेण्डर पोर्टल पर पंजीकृत निविदि दाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से शासन से स्वीकृति की प्रत्याशा में जनपद मुरादाबाद एवं बिजनौर के निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमन्त्रित की जाती है

कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेश्नरी सहित, कर अतिरिक्त प्रति कार्य स्थलवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मुरादाबाद | क्लस्टर-01 कृषको के नलकूपो (वि0ख0 भगतपुर टाण्डा-02, छजलैट-02 एवं मुण्डा पाण्डेय-01 ) पर हौज एंव नाली का निर्माण का कार्य। | रू0 1.42लाख | रू0 0.142 लाख | 01 माह | रू0 650.00 |
| 2 | मुरादाबाद | क्लस्टर-02 कृषको के नलकूपो (वि0ख0 डिलारी-02, टाकुरद्वारा-01 एवं मुण्डा पाण्डेय-02 ) पर हौज एंव नाली का निर्माण का कार्य। | रू0 1.42लाख | रू0 0.142 लाख | 01 माह | रू0 650.00 |
| 3 | मुरादाबाद | क्लस्टर-03 कृषको के नलकूपो (वि0ख0 छजलैट-01 एवं टाकुरद्वारा-01 ) पर हौज एंव नाली का निर्माण का कार्य। | रू0 0.57लाख | रू0 0.057 लाख | 01 माह | रू0 650.00 |
| 4 | बिजनौर | क्लस्टर-01 कृषको के नलकूपो (वि0ख0कोतबाली-06 ) पर हौज एंव नाली का निर्माण का कार्य। | रू0 1.75लाख | रू0 0.175लाख | 01 माह | रू0 650.00 |
| 5 | बिजनौर | क्लस्टर-02 कृषको के नलकूपो (वि0ख0 नूरपुर-02 एंवअफजलगढ-02 ) पर हौज एंव नाली का निर्माण का कार्य। | रू0 1.26लाख | रू0 0.126लाख | 01 माह | रू0 650.00 |
| 6 | बिजनौर | क्लस्टर-03 कृषको के नलकूपो (वि0ख0 स्योहारा-01 एंव धामपुर-01 ) पर हौज एंव नाली का निर्माण का कार्य। | रू0 0.63लाख | रू0 0.063लाख | 01 माह | रू0 650.00 |

बिड डाक्यूमेंट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 08.12.2024 तक उपलब्ध रहेंगे जो कि दिनांक 02.12.2024 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 08.12.2024 के सांयः 05:00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकि बिड दिनांक 09.12.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तथा पात्र निविदादाताओं की फाइनेसियल बिड अपरान्ह 1:00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, बरेली के बी0डी0ए0काम्पलेक्स, तृतीय तल, प्रियदर्शनीनगर, बरेली स्थित कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**UP-222989 दिनांक 28.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(एस0के0पाल) अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद।**

# जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

## सुरक्षा के लिए मस्जिदों के आसपास और मुख्य चौराहों पर तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** संभल बवाल के बाद प्रशासन सक्रिय है। जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। इसके अलावा अधिकारी भी गश्त करते रहे। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पहले ही थानावार मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए थे। जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई।

संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को लोगों ने पुलिस पर पथराव करते हुए वाहनों में आग लगा दी थी। इसके बाद वहां बवाल हो गया था। इसके बाद आसपास के जिलों में भी अलर्ट जारी कर दिया था। बवाल के बाद जुमे की नमाज को लेकर अधिकारी सक्रिय हो गए थे। सुबह से ही जिलों की मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात कर दी गई थी। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने भी क्षेत्र में पैदल गश्त की। सभी सीओ अपने क्षेत्र में गश्त करते रहे। सुबह से ही आंबेडकर पार्क, गांधी समाधि, नवाब गेट, शाहबाद गेट, पान दरीबा, मुख्य चौराहों और बाजारों में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। इसके अलावा धर्म गुरुओं की बैठक करके शांति की अपील भी की गई थी।


शहर की जामा मस्जिद में नमाज के बाद दुआ करते नमाजी।


रामपुर में जामा मस्जिद के गेट पर तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस बल।

### नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस

**टांडा, अमृत विचार :** संभल में हुई हिंसा के बाद सुरक्षा के मद्देनजर नगर में जुमे की नमाज के दौरान जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। नमाज के बाद इमाम साहब ने मुल्क में अमन और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई घटना के बाद पुलिस चौकसी बरत रही है। नगर में जुमे की नमाज के दौरान जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। इस दौरान शांति के साथ मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम ने मुल्क में अमन, शांति एवं भाईचारे के साथ ही तरक्की और खुशहाली के लिए खुसूसी दुआ कराई।

### ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

जुमे की नमाज की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे का सहारा लिया। दोपहर के समय कुछ देर के लिए मस्जिदों के आसपास की गतिविधि की जानकारी लेने के लिए ड्रोन को उड़ाया गया। ताकि पता चल सके कि मस्जिद में लोग नमाज के दौरान भीड़ तो एकत्र नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा छतों और घरों का नजारा भी देखा गया।


निगरानी करता ड्रोन कैमरा।


बिलासपुर की जामा मस्जिद के बाहर फोर्स के साथ तैनात क्षेत्राधिकारी।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिदों में हुई नमाज

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** संभल प्रकरण के मद्देनजर जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। खजूरों वाली मस्जिद, मोहल्ला शीरीं स्थित अमलताश वाली मस्जिद, अंसारियों वाली मस्जिद, नूरी मस्जिद, भट्टी टोला स्थित हाजी जी वाली मस्जिद, सय्यद वाली मस्जिद, इमाम साहब वाली मस्जिद तथा मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद में निर्धारित समयानुसार जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई। इस दौरान मस्जिदों के इमामों ने खुतबे में मुस्लिम समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने और भाईचारे का परिचय देने की अपील की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के चलते क्षेत्राधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ नमाज अदा होने से पहले से ही मस्जिदों के आसपास सुरक्षा का जायजा लेते रहे। सीओ ने बताया कि शासन के आदेश पर क्षेत्र की मॉनिटरिंग कर रहे थे। मस्जिदों के बाहर नमाज शुरू होने से पहले ही पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। पूरे क्षेत्र में नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई।

## एक नजर

### किसान से मारपीट करने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने मारपीट कर किसान को घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के खिजरपुर गांव निवासी किसान फैजान का आरोप है वह अपने खेत से घर आ रहा था। गांव से पहले रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के ही जुल्फिकार, फैजान व फैसल उसे देखते ही गाली गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमंचा संग वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** तमंचा के साथ वीडियो वायरल करने के आरोपी को गंज पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। एक युवक का तमंचा के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया था। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई थी। पुलिस ने बगी निवासी जमीर के खिलाफ गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को गंज पुलिस ने जमीर ग्राम बगी बाईपास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नवीन मंडी के पास पिकअप चालक ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को रौंद दिया। इसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे क्षेत्र के हिरनखेड़ा गांव निवासी खुर्शीद मियां (65) और मोहम्मद उमर (60) गांव से नवीन मंडी जा रहे थे। नवीन मंडी के पास रामपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप चालक दोनों बाइक सवारों को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर आसपास के लोगों व राहगीरों की भारी भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल मोहम्मद उमर को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल खुर्शीद मियां को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक तथा घायल के परिजनों के सीएचसी पहुंचने पर कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़।


बाइक को टक्कर मारने वाली पिकअप।

### गुजरात में मकान से गिरा पटवाई का युवक, मौत

**पटवाई, अमृत विचार :** गुजरात में मजदूरी करने गया युवक दो मंजिला मकान पर शटरिंग का काम करते समय गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान दो दिन बाद शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव सोहना निवासी राजू (45) 4 वर्ष से स्वार थाना क्षेत्र के गांव समोदिया निवासी ठेकेदार धर्मपाल के साथ गुजरात में मजदूरी करता था। बुधवार को काम करने के दौरान वह दो मंजिला मकान से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां दो दिन उपचार के बाद शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया। जानकारी पर पहुंचे परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले आए। परिजनों ने बताया कि राजू की शादी करीब 15 साल पहले बरेली के फतेहगंज थाना के गांव कुर्थरा निवासी लौंगवती के साथ हुई थी। चार साल बाद गंभीर बीमारी के चलते लौंगवती की मौत हो गई थी। मृतक के परिवार में करीब 16 साल का बेटा और 14 साल की बेटी है।


राजू का फाइल फोटो।

# एफआर लगाने के नाम पर दरोगा व सिपाही ने 2.30 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पीड़ित ने एक मामले में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगाने के नाम पर दरोगा और सिपाही पर 2.30 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अधिवक्ता के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया है। इस मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई होगी। दरोगा और सिपाही को नोटिस भी जारी किए गए हैं।

शाहबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला नालापार वार्ड 46 के सभासद सदाकत खां के अनुसार 12 दिसंबर 2023 को दिव्यापुर गांव निवासी नंदकिशोर ने सभासद और उनके बेटे तैयब के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसकी जानकारी दरोगा मनोज चौधरी व सिपाही नरेंद्र को थी। यह दोनों उनके पास आए और कहा कि यह राजनैतिक मुकदमा है। कुछ पैसे दे दो मुकदमा एक्सपंज करा देंगे। शाहबाद की चेयरमैन के यहां 12 दिसंबर 2023 को दरोगा को 4 बार में 2.30 लाख रुपये दे दिए। दरोगा ने मुकदमा एक्सपंज करके चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी।

पीड़ित के अनुसार 15 नवंबर को दरोगा और सिपाही से जानकारी की तो वह गाली-गलौज करने लगे। इसकी शाहबाद थाने में शिकायत की। 19 नवंबर को पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने शुक्रवार को अधिवक्ता मोहम्मद रेहान खां के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया। अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई होगी। दरोगा मनोज चौधरी ढकिया में और सिपाही पुलिस लाइन में है।

## सार संक्षेप


डूंगरपुर स्थित आसरा कॉलोनी में लोगों से बातचीत करतीं पालिका अध्यक्ष।

### आसरा कॉलोनी डूंगरपुर में कराई जाएगी फॉगिंग

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना खानम ने शुक्रवार को आसरा कॉलोनी डूंगरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष ने क्षेत्रीय सफाई नायक से कालोनी में सफाई व्यवस्था को और अच्छा करने को कहा। प्रतिदिन एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराने के निर्देश दिए। आसरा कॉलोनी में पालिका अध्यक्ष को स्ट्रीट लाइटें खराब मिलीं। कॉलोनी के लोगों ने कहना है कि यहां अंधेरा छाया रहता है। लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पालिका अध्यक्ष ने पथ प्रकाश विभाग के अधिकारियों को खराब लाइटों को सही कराने और कॉलोनी स्थित पार्क में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारिकानाथ, सभासद शादाब अंसारी, पथ प्रकाश निरीक्षक अरुण, उद्यान पर्यवेक्षक राकेश कुमार उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल की बंद पड़ी लिफ्ट हुई शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लंबे समय से बंद पड़ी लिफ्ट को प्रशासन ने चालू करा दिया है। इसमें सिर्फ स्टॉफ की आवाजाही रहेगी। इसके लिए गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। जिला अस्पताल में तीन लिफ्ट हैं। इसमें दो में मरीजों के लिए हैं। इससे रोगी पहली मंजिल पर जाकर चिकित्सकों से परामर्श लेते हैं। स्टॉफ वाली लिफ्ट कई वर्ष से बंद थी। ऐसी स्थिति में स्टॉफ को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एचके मित्रा ने बताया कि तकनीकी खराबी को सही कराने के बाद नया केबिल डलवाकर लिफ्ट को चालू करा दिया है। इस लिफ्ट से सिर्फ डॉक्टरों की आवाजाही रहेगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से बनाए संबंध, गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** बदायूं के थाना फैजगंज के एक मोहल्ला निवासी युवती का कहना है कि कुछ समय पहले फोन के माध्यम से उसका गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला भुर्जी की मढैया निवासी विशाल से संपर्क हो गया था। इसके बाद दोनों के बीच में प्रेम बढ़ता गया। आरोपी युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर कुछ समय पहले ज्वालानगर स्थित एक होटल में बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद जब भी युवती शादी के लिए कहती तो वह टाल देता था। पीड़िता की मां और भाई आरोपी विशाल के घर गए तो विशाल, रोहित और उसकी मां ने उन्हें भगा दिया। जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने महिला थाने और गंज थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने 24 नवंबर को एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार को विशाल को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### सोते रह गए परिजन, युवक युवती को लेकर हुआ फुर्र

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा थाना क्षेत्र में युवक मौका पाकर युवती को लेकर फुर्र हो गया। आरोप है कि युवती घर में रखे 5 लाख रुपये और जेवर भी ले गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। मामला टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक युवक का कहना है कि 27 नवंबर को उसकी 20 वर्षीया बहन को स्वार थाना क्षेत्र के गांव नन्हें का मझरा निवासी फरमान रात 3 बजे युवती को उस समय बहला फुसलाकर ले गया जब परिवार के लोग सो रहे थे। अगले दिन युवती को गायब देख परिजनों के होश उड़ गए। तलाश करने पर पता चला कि युवती 8 माह पहले बेची गई जमीन के 5 लाख रुपये और जेवर भी अपने साथ ले गई है। युवती के परिजन आरोपी युवक के घर पहुंचे तो उसके पिता ने कहा कि युवती को तुम्हारे घर पहुंचा देंगे। लेकिन इसके बाद भी नहीं पहुंचाया। तब पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्वच्छता बरतने के लिए किशोरियों को किया जागरूक

**शाहबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच के तहत किशोरियों को सैनेट्री नैपकिन का वितरण किया गया। आयरन की गोली खाने और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। संतुलित आहार के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि वह आहार में हरे पत्तेदार सब्जियों के साथ दूध-दही को शामिल करें। इससे आयरन और कैल्शियम शरीर में मेंटेन रखा जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों के खून की जांच कराई गई। आयरन की गोलियां बांटी गईं। ब्लॉक कोर्डिनेटर अर्चना सक्सेना ने कहा कि बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम से कम करें।

### नहरों से हटवाया गया अतिक्रमण

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को नहर खंड सिचाईं विभाग ने नहरों पर अवैध रूप से बनी पुलियों को ध्वस्त कर दिया। सहायक अभियंता एमपी सिंह के नेतृत्व में चले अभियान में मिलक क्षेत्र के तिराह गांव से गुजरने वाली दया पीलाखार नहर पर अवैध रूप से निर्मित पुलियों व अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराकर नहर को कब्जा मुक्त कराया गया। इस दौरान अवर अभियंता छोटेलाल, जिलेदार विजयपाल, सींचपाल जागनलाल व शाकिर अली मौजूद रहे।

### जुमे की नमाज के दौरान बरती गई सतर्कता

**शाहबाद, अमृत विचार :** संभल बवाल के बाद शाहबाद में भी जुमे की नमाज के दौरान सतर्कता बरती गई। जिले से अलर्ट जारी होने के बाद मस्जिदों के पास फोर्स की ड्यूटी लगा दी गई। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि नमाज के दौरान एहतियातन फोर्स तैनात की गई थी। लोगों से सौहार्द की अपील की गई। सभी मस्जिदों के पास निगरानी रही। सुरक्षा के बीच नमाज अदा कराई गई।

# अब्दुल्ला के पैन कार्ड मामले में दो गवाहों की हुई गवाही

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दो पैन कार्ड मामले में आकिब और अनवार ने गवाही दी। सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम वीसी के जरिये कोर्ट में पेश हुए। अब 2 दिसंबर को इस मामले में सुनवाई होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड रखने के मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। पिछली तारीख पर बचाव पक्ष ने गवाहों की सूची कोर्ट में दी थी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि बचाव पक्ष की ओर से आकिब और अनवार ने गवाही दी। अब 2 दिसंबर को सुनवाई होगी।

### कोर्ट में पेश नहीं होने पर दो गवाहों को वारंट जारी

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने से जुड़े मामले में कोर्ट में पेश नहीं होने पर दो गवाहों को वारंट जारी कर दिए गए हैं। अब इस मामले में 5 दिसंबर को सुनवाई होनी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के तोपखाने के पास यतीमखाने में बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया था। पीड़ितों ने सपा नेता आजम खां सहित कई सपाइयों और पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में दो गवाहों को आना था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह सुरजीत सिंह और अनिल कुमार के नहीं आने पर उनके खिलाफ कोर्ट ने जमानती वारंट (बीडब्ल्यू) जारी कर दिए हैं। अब इस मामले में 5 दिसंबर को सुनवाई होगी।

# 6.78 लाख रुपये के 29 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे

**रामपुर, अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखंड प्रथम के अंतर्गत राजस्व वसूली अभियान में 6.78 लाख रुपये के 29 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। 42 बकायेदारों से 5.19 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई।

उपखंड अधिकारी प्रथम आशीष रस्तोगी ने शादी की मंडैया, रायपुर, अजीतपुर में राजस्व वसूली अभियान चलाया। इस दौरान 6,78,899 लाख रुपये के 29 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। साथ ही 42 बकायेदारों से 5,19,504 लाख रुपए का बिल जमा कराया गया। इसके अलावा मोहल्ला घेर तोगां में एक उपभोक्ताओं के यहां छापा मारा। यहां टीम को बिजली चोरी मिली। उपभोक्ता के खिलाफ बिजली रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# दीवार तोड़कर घर में घुसा डंपर, हंगामा

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र गांव जमालगंज में शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे तेज रफ्तार डंपर काशीपुर मार्ग पर एक गाय समेत दो पशुओं को रौंदता हुआ दीवार तोड़कर ग्रामीण के घर में घुस गया। बजरी से लदे डंपर की टक्कर से दीवार टूटने के बाद नया घर क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें ग्रामीण को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। हादसे के बाद मौके पर गांव के लोग एकत्र हो गए और जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

काशीपुर मार्ग पर गांव जमालगंज में शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे एक डंपर काशीपुर की ओर से बजरी भरकर दढ़ियाल की तरफ आ रहा था। काशीपुर मार्ग पर गांव जमालगंज के पास चालक नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद डंपर जमालगंज निवासी मोहम्मद उमर के एक कटरा और गाय को रौंदता हुआ हाजी इम्तियाज के घर की दीवार को तोड़ते हुआ उनके घर में घुस गया। घटना के बाद गांव के लोग जमा हो गए और हंगामा करने लगे। लोगों ने भाग रहे डंपर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया।

हाजी इम्तियाज ने बताया कि उन्होंने एक साल पहले ही घर बनाया था। डंपर की टक्कर से लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हो गया। वहीं मोहम्मद उमर ने बताया कि डंपर के चालक के कारण उनकी गाय, कटरा व पंपिंग सेट सहित लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान हो गया।


गांव जमालगंज में दीवार तोड़कर घर में घुसा डंपर।

- गाय समेत दो पशुओं को रौंदा पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई कार्रवाई की गुहार

सतर्कता | असुरक्षित यौन संबंध और एक ही सीरिंज के बार-बार उपयोग से भी फैलता है एड्स

# सावधान ! हेयर ट्रांसप्लांट से भी हो सकता है एड्स

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दाढ़ी व बाल कटवाते समय नया ब्लेड लगवाएं
- वर्तमान में जिले में हैं एड्स के 630 सक्रिय रोगी

**अमृत विचार :** बरतें एहतियात! हेयर ट्रांसप्लांट से भी एड्स हो सकता है। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंध या एक ही सीरिंज के बार-बार इस्तेमाल करने से ही नहीं बल्कि सैलून पर दाढ़ी व बाल कटवाते समय ब्लेड के नहीं बदलने से भी लोग एड्स जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। इसके लिए एहतियात बरतने की जरूरत है। क्योंकि एड्स लाइलाज बीमारी है। इस बीमारी से बचने सिर्फ बचाव ही एकमात्र तरीका है।

जनपद में वर्तमान में एड्स के 650 रोगी हैं। जबकि वर्ष 2023 में 505 रोगी मिले थे। जिला अस्पताल के एआरटी सेंटर में एड्स के रोगियों का इलाज किया जा रहा है। एआरटी सेंटर की काउंसलर विनीता कुमारी ने बताया कि एड्स के ज्यादातर मामलों में असुरक्षित यौन संबंध, एक ही सीरिंज का बार-बार उपयोग करने से बीमारी का कारण सामने आया है। लेकिन जिले में साल भर में एड्स के ऐसे मामले भी मिले हैं, जिनमें पीड़ित ने सैलून पर बाल-दाढ़ी बनवाते समय लापरवाही बरती। बताती हैं कि जिस ब्लेड से आपके बाल दाढ़ी काटे गए हैं वह नया है या पुराना इसका खासतौर से ध्यान दें। बीमारी सामने आने के बाद व्यक्ति को घबराने की जरूरत नहीं है, नियमित दवा खाकर वह आम जिदंगी जी सकता है। इस बीमारी की दवा जीवन भर खानी पड़ती है। इसके अलावा जिला कारागार में निरुद्ध 10 कैदी भी एड्स के शिकार हैं। इनकी टीबी के लिए हुई जांच में इस बीमारी की पुष्टि हुई। इनका उपचार भी एआरटी सेंटर से हो रहा है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा बताते हैं कि जनपद में 650 एड्स के रोगी सक्रिय हैं, जिनका एआरटी सेंटर से इलाज हो रहा है। जांच कराने में हिचकिचाहट की जरूरत नहीं है। उपचार के लिए दवा अस्पताल में मौजूद है।


जिला अस्पताल स्थित एआरटी सेंटर।

### यह हैं एड्स के लक्षण

तेज बुखार, थकावट, रात में पसीना, त्वचा के नीचे या मुंह, नाक या पलकों के अंदर काले धब्बे, घाव, धब्बे, घाव या त्वचा पर चकत्ते होना, दस्त, तेजी से वजन कम होना, चिंता और अवसाद एड्स के लक्षण हैं।

### टेटू बनवाने से भी हो जाता है एड्स

एआरटी सेंटर में तैनात डॉ. सिराज अहमद ने बताया कि शरीर पर टेटू बनवाने से भी लोग एड्स की चपेट में आ रहे हैं। टेटू बनने से व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने लगती है और शरीर कमजोर होता चला जाता है। वह एचआईवी की जांच में पॉजिटिव पाया जाता है। इसलिए शरीर पर टेटू न बनवाएं।

# बिजली चोरी होने पर नपेंगे एसडीओ व जेई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एसई महफूज आलम जेई सुरेंद्र पाल को कर चुके हैं निलम्बित
- बड़े बकायेदारों पर भी शिकंजा कसने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलने के साथ गोपनीय टीम गठित कर चोरी पकड़ने को कहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि बिजली चोरी होने पर उपखंड अधिकारी और जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पिछले दिनों रजा बिजलीघर में तैनात जेई सुरेंद्र पाल को एमडी के निर्देश पर एसई महफूज आलम निलम्बित कर चुके हैं। उनके स्थान पर टेस्ट डिवीजन में तैनात विजयपाल को भेजा गया है। उन पर राजस्व लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्ति न करने और पांच किलोवॉट का कनेक्शन 9.9 किलोवॉट करने, झटपट पोर्टल पर आए आवेदनों को लंबित रखने, बिजली चोरी वाले क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई न करने के आरोप थे। उन्होंने जनपद के सभी बिजलीघरों में तैनात एसडीओ व जेई से कहा है कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संबंधित सब स्टेशन के एसडीओ व जेई को लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसने को भी कहा। इसके अलावा शहर, स्वार-टांडा, बिलासपुर और मिलक-शाहबाद के अधिशासी अभियंता की बैठक कर पेंच कसे हैं।

पंचैव पूजयन् लोके यश: प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि–इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा–स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

**क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश – दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।**

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

**देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों–संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।**

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

**कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।**

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।


जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।

हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

## एक नजर



खुली बैठक में मौजूद महिलाएं एवं बच्चे।

### गुड़िया अध्यक्ष और बब्बो को चुना गया उपाध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय अहमद नगर जागीर में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन हुआ। प्रधानाध्यापिका वैलेन्टीना विक्टर ने बताया कि प्रत्येक 2 वर्ष बाद एसएमसी का गठन किया जाता है। विद्यालय प्रबंध समिति में केवल नामांकित छात्रों के माता-पिता ही सदस्य बन सकते हैं। उनमें से ही सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना जायेगा। प्रबंध समिति में कम से कम 50 प्रतिशत महिला होना आवश्यक है। शासनादेश के अनुसार दो वर्ष बाद विद्यालय प्रबंध समिति अहमद नगर जागीर में भी एसएमसी का पुनर्गठन एक खुली बैठक बुलाकर किया गया। इसमें नोडल अधिकारी बबली रानी रहीं। सर्व सम्मति से गुड़िया को अध्यक्ष व बब्बो को उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर प्रीति कुमारी, संजो मिश्रा, मिथलेश, शमसीर, सपना, कमला, सुमन आदि उपस्थित रहे।

# निपुण असेसमेंट टेस्ट में 1536 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## जनपद में 1265 केंद्रों पर 9:30 से लेकर 11:30 बजे तक हुई परीक्षा, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शुक्रवार को पहले दिन कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों की नेट (निपुण असेसमेंट टेस्ट) की परीक्षा 1265 केंद्रों पर हुई। इसमें 1536 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अधिकारी भी अपनी न्याय पंचायतों के स्कूलों में जाकर परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते रहे। जनपद में 97.13 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही।

बेसिक स्कूलों में अब हर वर्ष नेट (निपुण असेसमेंट टेस्ट) कराया जाता है। ताकि, बच्चों को स्कूलों में शिक्षकों द्वारा कितनी गंभीरता से पढ़ाया जाता है इसके बारे में पता चल सके। इसी के चलते शुक्रवार को जिले के 1265 स्कूलों में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की परीक्षा हुई। इसमें हिन्दी, अंग्रेजी और गणित से जुड़े सवाल पूछे गए। बहु विकल्पीय प्रश्नों में 4 उत्तरों में एक सही पर टिक लगाना था। परीक्षा के दौरान अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करते रहे। पहले दिन 53589 में से 52053 बच्चों ने परीक्षा दी। इस दौरान 1536 बच्चे गैर हाजिर रहे। बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों की परीक्षा थी। जो शांतिपूर्ण निपट गई। शनिवार को भी परीक्षा होगी।



परीक्षा के दौरान बच्चों से जानकारी लेतीं डॉयट की प्राचार्य नीलम रानी टम्टा।



स्कूल का निरीक्षण करते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह।

### बच्चों की उपस्थिति एवं कार्य सराहनीय : नीलम

शुक्रवार को निपुण एसेसमेंट टेस्ट के प्रथम दिन डॉयट की प्राचार्य नीलम रानी टम्टा एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार ने सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का निरीक्षण किया। डॉयट की प्राचार्य ने कक्षा 1, 2, 3 में निपुण परीक्षा दे रहे बच्चों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति को सराहनीय बताया। उन्होंने परीक्षकों से बच्चों की स्थिति के बारे में जाना। कक्षा 1, 2, 3 के बच्चों की ओएमआर शीट शिक्षक ही भरेंगे। उन्होंने तीनों कक्षाओं में बच्चों से प्रश्नपत्र पर लिखे सवाल पढ़वा कर व हल करा कर भी देखे। बच्चों ने उनके प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए। इस पर उन्होंने बच्चों की प्रशंसा की। कहा कि शनिवार को कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों की निपुण परीक्षा होगी।

### कक्षा 4 से 8 तक की परीक्षा आज

शनिवार को होने वाले निपुण असेसमेंट टेस्ट में कक्षा 4 से 8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। निपुण असेसमेंट टेस्ट कराने के लिए दो दिन की तिथि घोषित की गई थी। इसी को देखते बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों की परीक्षा कराई। शुक्रवार की परीक्षा निपटने के बाद अब अधिकारियों ने शनिवार को होने वाली परीक्षा की तैयारियां कीं। ताकि शनिवार को भी परीक्षा शांतिपूर्ण तरह से सपन्न कराई जा सके।

## सार-संक्षेप

### एसडीओ से अभद्रता करने पर कार्यकारी सहायक को हटाया

**रामपुर, अमृत विचार :** किला डिवीजन में तैनात एसडीओ से अभद्र व्यवहार करना कार्यकारी सहायक को भारी पड़ गया। एसडीओ की शिकायत पर एक्सईएन ने कर्मचारी को डिवीजन से हटा दिया है। उसे स्थान पर शाहबाद गेट डिवीजन में तैनात कर्मचारियों को भेजा गया है। इस कार्रवाई से अन्य कर्मचारियों में खलबली मची है। किला डिवीजन के कार्यकारी सहायक कुलदीप की पिछले दिनों एसडीओ द्वितीय पीके सिंह से कहासुनी हो गई थी। यह मामला तूल पकड़ गया था लेकिन, आसपास के लोगों ने समझा बुझाकर शांत करा दिया था। मगर इसके बाद भी बात नहीं बनी। एसडीओ पीके सिंह ने नवाबगेट एक्सईएन प्रथम से इस बारे में शिकायत की। इसके बाद कार्यकारी सहायक कुलदीप को हटा कर शाहबाद गेट डिवीजन पर तैनात कर्मचारी को किला डिवीजन भेज दिया है। एसडीओ पीके सिंह ने बताया कि इस मामले में उच्च अधिकारियों को लिखकर दिया गया है।



छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि एवं शिक्षक।

### लक्ष्य का पीछा करने पर मिलेगी सफलता : डीआईओएस

**रामपुर, अमृत विचार :** कॅरियर मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने कॅरियर हब का फीता काटकर शुभारंभ किया। एक वृक्ष मां के नाम क्रम में विद्यालय परिसर में अशोक का पौधा रोपित किया। कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को जिस क्षेत्र में जाना है वह लक्ष्य साधकर पीछा करें। ताकि, जीवन में उन्हें सफलता मिले। सैंजनी नानकार स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा के तत्वावधान में कॅरियर गाइडेंस मेले का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। पंख पोर्टल के नोडल शिक्षक दानिश बिलाल ने छात्रों और अभिभावकों को कार्यक्रम के बारे में बताया। मुख्य अतिथि के साथ पंख पोर्टल की अध्यक्ष नोडल डॉ. रचना चतुर्वेदी ने कॅरियर चयन के लिए तैयार दिग्दर्शक स्टॉल्स का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संजय कुमार, डॉ. अरविंद गौतम ने छात्रों को कॅरियर चयन के टिप्स दिए। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि वितरित की। प्रधानाचार्य अभिलाष कुमार ने आभार जताया।

### गांधी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का आज होगा ट्रायल

**रामपुर, अमृत विचार :** फिजिकल कॉलेज महात्मा गांधी स्टेडियम में 2 दिसंबर से शुरू होने जा रहे द्वितीय आल इंडिया मुमताज बाबुल हॉकी टूर्नामेंट में कई नामचीन टीमें प्रतिभाग करेंगी। जनपद के हॉकी खिलाड़ियों के ट्रायल के बाद रामपुर रेड और रामपुर ग्रीन के नाम से दो टीमें सेलेक्ट करके टूर्नामेंट में उतारी जाएंगी। जिला हॉकी संघ के सचिव व आल इंडिया मुमताज बाबुल हॉकी टूर्नामेंट के संयोजक मुख्तार खां के आवास पर जनपद की हॉकी टीमों के सचिवों के साथ बैठक हुई। इसमें टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा हुई। तय किया गया कि महात्मा गांधी स्टेडियम पर शनिवार को अपराह्न 3 बजे जनपद के हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल कराया जाएगा। इसके बाद कमेटी दो टीमें बनाकर खिलाड़ियों का चयन करेगी। इस मौके पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी आरिफ खां, इकबाल खां, इरफान खां, जोजफ खां, फहीम कुरैशी, इशरत मियां अय्यूब खां, सज्जाद खां, अजहर खां, सलमान मियां आदि मौजूद रहे। अंत में हॉकी सचिव मुख्तार खां ने आभार जताया।

### सेवानिवृत्त सुपरवाइजर को दी विदाई

**स्वार, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त हुई सुपरवाइजर को डीपीओ व स्टॉफ ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लखनऊ के मलीहाबाद रामनगर निवासी रामदुलारी नगर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सुपरवाइजर थीं। सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय में विदाई समारोह हुआ। सेवानिवृत्त सुपरवाइजर को डीपीओ जितेन्द्र जायसवाल ने शॉल ओढ़ाकर एवं स्टाफ ने उपहार देकर सम्मानित किया। डीपीओ ने कहा कि इनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान सुपरवाइजर लक्ष्मी देवी, साधना वर्मा, शबनम बहार, रूबी शर्मा, बबीता चौधरी, लक्ष्मी, दिव्या, कमलेश, पूनिया आदि मौजूद रहीं।

### सरकारी जमीन से कब्जा हटवाए प्रशासन

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ से जुड़े किसान तहसील मिलक में एकत्र हुए। जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि ग्राम कृपिया पांडेय में खलिहान की लगभग 5 .5 बीघा जमीन पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। जनहित में यह जमीन खाली होना आवश्यक है। जल जीवन मिशन योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्राम विक्रमपुर के ग्रामीणों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। भारतीय किसान संघ लगातार गन्ना विभाग को सूचना दे रहा है। माफिया दूसरे जनपद से गन्ना खरीद कर राणा शुगर मिल भेज रहे हैं। मिलक के गन्ना सचिव की मिलीभगत से मिलक से गन्ना निकाला जा रहा है। कई बार सूचना के बाद भी गन्ना अधिकारी ने कोई कार्रवाई नही की। कुंदनपुर राणा शुगर मिल के सेंटर पर घटतौली की सूचनाएं मिल रही हैं। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गगवार, आशीष, महेंद्र पाल, अनमोल दिवाकर आदि शामिल रहे।

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर बांटे चश्मे और दवा

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक के लोहा गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जन ज्योति आई हॉस्पिटल की ओर से नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर का आरंभ जिला नेत्र अधिकारी डॉ .गौरवी गुप्ता ने फीता काटकर किया। डॉ .विजय कुमार वाजपेयी की अध्यक्षता में बालिकाओं के नेत्रों का परीक्षण किया गया। कमजोर नजर वाली बालिकाओं को निशुल्क चश्मे वितरित किए। आंखों की बीमारी व नजर तेज करने वाली दवा का वितरण किया गया। डॉ .रामावतार श्रीवास्तव ने बालिकाओं व शिक्षकों को नेत्र स्वस्थ रखने की जानकारी दी। इस अवसर पर सम्राट, अभिनव पांडेय, विमल मौर्य, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए छात्र एवं शिक्षक।

# स्कूली बच्चों को नशे से नुकसान की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दयावती मोदी एकेडमी में शुक्रवार को मद्यनिषेध विभाग की ओर से मद्यनिषेध जनजागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें बच्चों को नशा करने के नुकसान के बारे में बताया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

मद्यनिषेध अधिकारी मनोज सिंह ने बच्चों को नशा नहीं खुशी अपनाने का नारा दिया। कहा कि मद्यनिषेध हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है।

इसके बाद दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। प्रधानाचार्य डॉ. सुमन तोमर ने आभार जताया। इस अवसर पर हेड मास्टर सीनियर विंग पंकज सक्सेना, हेड एडमिन आदित्य वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जीएसटी कानून को पढ़ने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की बैठक में अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि जीएसटी कानून को पढ़ने की जरूरत है। कुछ अधिकारी कानून को बिना पढ़े ही कर्मचारियों पर दबाव बनाते हैं। बैठक में बार की फीस एक अक्टूबर से बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई।

टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार की दोपहर एक होटल में हुई। बार के सचिव मोहम्मद आमिर ने रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी से टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के पंजीयन प्राप्त होने के संबंध में जानकारी दी। इस पर अधिवक्ताओं ने सहमति दी। इसके अलावा चर्चा की गई कि जिले से कुछ जीएसटी के अधिकारियों का तबादला हो चुका है जबकि, कुछ नए अधिकारी आए हैं। कार्यक्रम में नयी तैनाती पर





कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

- **जीएसटी के नए अधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत**

आए अधिकारियों का एसोसिएशन की ओर से फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि बार के रूम को लेकर मुरादाबाद जीएसटी एडिशनल कमिश्नर से मिलकर एक कमरे की मांग की गई है।

इस दौरान याकूब अली, हिमांशु जैन, गौरव दीप गुप्ता, रचित रस्तोगी, करनदीप सिंह, मोहम्मद इमरान, प्रदीप अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, मोहम्मद रेहान, फैजान, फैसल, एहसान खान, नरेंद्र कुमार रस्तोगी, राजेश गंगवार, शिखर अग्रवाल, सपन अग्रवाल, पुनीत शर्मा, आलोक अग्रवाल, पूरन चंद्र आर्य, आमिर खान, सैयद इजहार मियां, समकित जैन आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर फुंकने से परेशान रहे लोग

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय फिजीकल कॉलेज स्टेडियम में रखा 63 केवी का ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण फुंक गया। इस ट्रांसफार्मर से नगर पालिका के ट्यूबवेल को आपूर्ति की जाती है। बिजली नहीं आने पर ट्यूबवेल नहीं चला। इसके कारण कई मोहल्लों के लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस गए। शुक्रवार की शाम 6 बजे नया ट्रांसफार्मर रखवाने के बाद आपूर्ति आने पर ट्यूबवेल को चालू कराया गया।

रजा बिजलीघर के पास स्थित नगर पालिका के ट्यूबवेल को चलाने के लिए 63 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे अत्यधिक लोड के कारण यह ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे मोहल्ला सराय गेट, घोसियान, वाल्मीकि बस्ती, मछली बाजार, भैंस खाना, बेरियान, थाना हजियानी, गली तबलचियान में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। लोगों को दैनिक कार्यों को पूरा करने में परेशानियों को झेलना पड़ा।

# रूद्र-बिलास मिल का पेराई सत्र शुरू

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को पूजा-अर्चना के बाद हाईवे स्थित रूद्र-बिलास सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू हो गया। डीएम और ब्लॉक प्रमुख ने इसकी शुरुआत की। इससे पूर्व मिल में गन्ना लेकर आए किसानों को सम्मानित किया गया।

तराई के गन्ना किसानों की रीढ़ समझी जाने वाली और जनपद की एकमात्र बिलासपुर में हाईवे स्थित रूद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल में शुक्रवार की दोपहर पेराई सत्र का शुभारंभ जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख तथा कृषि राज्यमंत्री के पुत्र गुरकीरत सिंह औलख ने किया। उन्होंने हवन-पूजन में हिस्सा लिया और आहुतियां दीं। इसके बाद फीता काटा और चेन में गन्ना डालने के बाद बटन दबाकर पेराई चालू कराई।

जिलाधिकारी ने मिल गेट पर



चीनी मिल में गन्ना डालकर पेराई की शुरुआत करते जिलाधिकारी एवं अन्य।

- **मिल में गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को किया सम्मानित**

डनलप से पहुंचे मनिहार खेड़ा निवासी शेर सिंह व ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर आए जाफराबाद निवासी तेजेन्द्र सिंह को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। उनके वाहनों और पशुधन की पूजा भी की। प्रधान प्रबंधक आरके जैन से वार्ता कर मिल को सुचारू रूप से चलाने के लिए कहा। किसानों को आश्वासन दिया कि वह अपना गन्ना लेकर मिल आएं। उनके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं, कोई परेशानी होने पर अधिकारियों को सूचना दें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार निश्चय कुमार, सिविल इंजीनियर अंतरिक्ष, मनजीत सिंह अटवाल, गुरप्रीत सिंह अटवाल, शहाबुद्दीन, सुशील कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

# किसानों को मिली 535 मीट्रिक टन खाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जनपद की 27 बी पैक्स समितियों पर 535 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया गया। एआर कोआपरेटिव ने समितियों पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की और समितियों पर मौजूद खाद के बारे में भी जानकारी ली।

खाद नहीं मिलने की वजह से किसानों को गेहूं की बुआई करने में दिक्कत आ रही है। किसान खाद के लिए समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। फिर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। पनवड़िया स्थित ककरौआ बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स पर सन्नाटा पसरा रहा। यहां सरकड़ी निवासी सफल सिंह और रामपाल सिंह खाद लेने पहुंचे मगर खाद नहीं मिली। उधर माहूनगर में 20, चंद्रपुर कला में 17, इंद्राकलां में 20, मनकरा में 20, धनेली उत्तरी





स्वार की बी पैक्स समिति छितरिया जागीर पर मौजूद एआर कोआपरेटिव डॉ. गणेश गुप्ता।

- **एआर कोआपरेटिव ने समितियों पर किसानों से की बातचीत**

में 20, कपनेरी में 20, जौलपुर में 20, दढ़ियाल में 20, छितरिया जागीर में 20, मिर्जा नूरपुर में 20, रहसेना, पुसवाड़ा, रहमतगंज, हिम्मतपुर, बिहारी नगर, डोहरिया और लोहा पट्टी में 535 मीट्रिक टन खाद पहुंची।

एआर कोआपरेटिव डॉ. गणेश गुप्ता ने दढ़ियाल, चंद्रपुर शुमाली, छितरिया जागीर, पिपली नायक और बादली बी पैक्स समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान समितियों पर खाद लेने आए किसानों से बातचीत भी की। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए खाद की कमी नहीं है। सभी समितियों पर खाद का वितरण किया जा रहा है। शुक्रवार को भी 27 समितियों पर 535 मीट्रिक टन किसानों ने खरीदी है।

**व्यवस्था** | व्यापारियों और पालिका प्रशासन के बीच वार्ता के बाद बनी सहमति

# जल्द शिफ्ट की जाएंगी राधा रोड की 9 दुकानें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राहे मुर्तजा की 9 दुकानों को वैकल्पिक तौर पर चीनी मिल में शिफ्ट किया जाएगा। एक माह बाद रोशन बाग और पहाड़ी गेट पर स्वनिधि गलियारा बनने पर दुकानें उसमें शिफ्ट कर दी जाएंगी। पालिका प्रशासन के साथ हुई वार्ता में व्यापारियों ने इसके लिए सहमति जताई है।

पांच दिन पहले नगर पालिका परिषद की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। इस दौरान राहे मुर्तजा से दुकानों को हटाने की कोशिश की गई थी। इस पर पालिका के अधिकारी और व्यापारी आमने-सामने आ गए थे। अपनी दुकानों को बचाने के लिए दुकानदार जेसीबी के आगे लेट गए थे। प्रशासनिक



राहे मुर्तजा पर पालिका की भूमि पर बनी दुकानें।

अधिकारियों ने मामले को शांत कराते हुए कहा था कि पहले दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का काम किया जाएगा। इसके बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके बाद व्यापारियों और नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक सिटी मजिस्ट्रेट के साथ हुई थी। मामले को शांत कराने के लिए व्यापारियों की वार्ता हुई। इसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना था कि राहे मुर्तजा पर

- **दुकानों को रोशनबाग और पहाड़ी गेट पर किया जाएगा शिफ्ट**

दुकानदार 30 साल से काबिज हैं। यह दुकानें पालिका की भूमि पर बनी हैं। प्रति दुकान का किराया 100 रुपये प्रति माह लिया जाता है। लेकिन अतिक्रमण हटाने के नाम पर पालिका इन्हें उजाड़ना चाहती है। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना था कि किसी दुकानदार को उजाड़ा नहीं जा रहा है बल्कि दुकानों को समायोजित किया जाएगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि राहे मुर्तजा के 9 दुकानदारों को चीनी मिल के गेट पर जगह दी जाएगी। एक माह के बाद इन्हें प्रधानमंत्री गलियारे में शिफ्ट कराया जाएगा। किसी भी दुकानदारों को परेशानी नहीं होनी दी जाएगी।

## नजूल की भूमि से मिट्टी उठाकर बेचने का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार :** नजूल की भूमि से बिना अनुमति अवैध तरीके से मिट्टी उठाकर बेचने की शिकायत एसडीएम से की गई है। मामले में जांचकर कार्रवाई की मांग की गई है।

एसडीएम ने संबंधित अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। मामला दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर कान्हा गोशाला के सामने सड़क किनारे का है। कई दिन से कुछ लोग अवैध तरीके से ट्रैक्टर-ट्राली में मिट्टी भरकर अन्य जगहों पर ले जाकर बेच रहे हैं। इसकी वीडियो भी वायरल हुई है। हरकेश, गोविंद सिंह, मनोज कुमार, शहादत अली, राशिद अली आदि ने इसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए जांचकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम अमन देओल ने बताया कि जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जांचकर कार्रवाई की बात कही है।

# बाल वैज्ञानिकों के मॉडल को सराहा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज में लगे मेले में बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल पेश कर खूब सराहना पाई। गणित के मॉडल में विनय प्रथम, नोमान द्वितीय तथा मोहम्मद इब्राहिम तृतीय स्थान पर रहे। वहीं यूथ एवं यूको क्लब में जीशान प्रथम, मोहम्मद आलिम द्वितीय तथा साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शुक्रवार को कॉलेज में विज्ञान, गणित तथा यूथ एवं यूको क्लब के मॉडल का मेला लगा। मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी ने फीता काटकर किया। छात्रों ने स्वनिर्मित विज्ञान, गणित एवं यूथ तथा ईको के मॉडल तथा चार्ट के साथ प्रतिभाग किया। कुणाल कुमार ने भूकंप रोधी यंत्र, विवेक कुमार ने सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा से संबंधित मॉडल, नोमान ने वायु प्रदूषण, अब्दुल रहीम ने जल प्रदूषण



बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल देखतीं प्रधानाचार्य रचना चुतर्वेदी।

- **गणित के मॉडल में विनय को प्रथम व नोमान को मिला द्वितीय स्थान**

से बचाव का मॉडल बनाया। विनय कुमार ने त्रिकोणमिति अनुपातों को ज्ञात करने का मॉडल बनाया। अनस अफजल ने ग्रीन सिटी जबकि, मोहम्मद आलम ने एटीएम बनाया। मनीष कुमार ने आदर्श घर का मॉडल प्रस्तुत कर मेले को आकर्षक बनाया। निर्णायकों में सुधीर यादव, अजय कुमार वर्मा तथा अनिल कुमार शामिल रहे।

विज्ञान मॉडल में माज आलम प्रथम, कुनाल कुमार द्वितीय तथा विवेक कुमार को तृतीय स्थान मिला। अनिल कुमार, बनवारी लाल,अजय कुमार वर्मा, राकेश कुमार भट्ट, संजय दिवाकर, हिमांशु, हिमायत, सौदान सिंह, करन सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया।

## एक नजर

### बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट हुआ रद्द

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्रों का होने वाला निपुण एसेसमेंट टेस्ट रद्द कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के बौद्धिक ज्ञान की परख के लिए दो दिवसीय निपुण एसेसमेंट टेस्ट 29 व 30 नवंबर को होना था। ब्लॉक संसाधन केंद्र के विशेष कुमार ने बताया कि क्षेत्र में 105 परिषदीय विद्यालय हैं। जिनमें शुक्रवार को निपुण एसेसमेंट टेस्ट की परीक्षा होनी थी। टेस्ट अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख तय होने पर टेस्ट कराया जाएगा।

### बाइकों की भिड़ंत में होमगार्ड चोटिल

**संभल, अमृत विचार :** गांव करेली निवासी होमगार्ड मित्रपाल व हरनाम सिंह शुक्रवार की शाम थाना हयातनगर से डयूटी करने के बाद बाइक से घर जा रहे थे। मित्रपाल बाइक लेकर जैसे ही कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव फत्तेहपुर सराय के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिड़ंत में मित्रपाल चोटिल हो गए। जबकि हरनाम सिंह बाल बाल बच गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मित्रपाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# रेलवे स्टेशन के बाहर लावारिस सूटकेस मिलने से मचा हडकंप

## सूचना पर दौड़ी पुलिस, आरपीएफ ने चेक किए सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



सूटकेस के बारे में महिला से बात करती प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के बाहर शुक्रवार की दोपहर एक बजे लावारिस सूटकेस मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर जीआरपी, आरपीएफ व कोतवाली पुलिस पहुंची। डेढ़ घंटे बाद एक महिला आई और सूटकेस को अपना बताया। महिला अपनी पुत्री के साथ ग्वालियर से इंदौर-बरेली महाकाल एक्सप्रेस से चन्दौसी आई थी और जल्दबाजी में सूटकेस छोड़ गई थी।

इंदौर से बरेली जाने वाली महाकाल एक्सप्रेस 12.45 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पहुंची। जिसमें एक महिला व किशोरी प्लेटफार्म से बाहर आए और अपना सामान मुखर्जी चौक के पास रख दिया। महिला अपना अन्य सामान ले गई व सूटकेस छोड़ गई। कुछ लोगों ने लावारिस सूटकेस देखा, तो सनसनी फैल गई। तत्काल आरपीएफ व जीआरपी को सूचना दी। कुछ ही देर में दोनों मौके पर पहुंची और इधर-उधर

- **ग्वालियर से चन्दौसी आयी थी महिला का छूट गया था सूटकेस**

सूटकेस रखने वाले की तलाश करनी शुरू कर दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह भी पुलिसकर्मियों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंच गईं। काफी देर तक कोई नहीं आया तो पुलिस ने सूटकेस के चारों ओर से ईंटों से कवर करा दिया। आने-जाने वाले यात्रियों को सूटकेस के पास से गुजरने नहीं दिया। कोतवाली पुलिस व आरपीएफ ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। फुटेज में एक महिला मुखर्जी चौक के पास सूटकेस रखती नजर आई। शाम 3.45 बजे महिला रुबी शर्मा अपनी पुत्री काव्या शर्मा के साथ मौके पर पहुंची और सूटकेस को अपना बताया।

महिला ने बताया कि वह ग्वालियर से चन्दौसी एक रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने आई थी। जल्दबाजी में अपना सूटकेस छोड़ गई। जिसमें केवल कपड़े हैं।

# शिक्षक को आत्महत्या के लिए उकसाने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बबराला

**कार्रवाई**

- **पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की रिपोर्ट**
- **शिक्षक ने एक अगस्त को घर में फंदे पर लटक कर दे दी थी जान**

**अमृत विचार :** प्राइमरी शिक्षक के फंदा लगाकर मौत मामले में उसकी पत्नी, ससुर और साले पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है। यह रिपोर्ट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की है।

प्राथमिक विद्यालय वहीपुर में नियुक्त शिक्षक आकाश भारद्वाज(29) ने एक अगस्त को लेखपाल कॉलोनी स्थित किराये के घर में फंदे पर लटक कर जान दे दी थी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले आकाश ने सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें पत्नी आदि को जिम्मेदार ठहराया था। शिक्षक आकाश भारद्वाज की मौत से आहत मुजफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी पिता विनय कुमार शर्मा ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई, जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई। विनय शर्मा ने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर शिक्षक आकाश भारद्वाज को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने पत्नी मेघा शर्मा, उसके पिता सुभाष शर्मा और भाई अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। विनय शर्मा ने आरोप लगाया है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही आकाश को उसकी पत्नी, ससुर और साला परेशान करते थे। मेघा अपने पति आकाश भारद्वाज के साथ नहीं रहकर ज्यादातर अपने मायके में ही रहती थी।

14 जुलाई को आकाश भारद्वाज पत्नी को बुलाने सुसराल गया तो पत्नी मेघा शर्मा, उसके पिता सुभाष चन्द्र और भाई अमित शर्मा ने रात में आकाश के साथ मारपीट करते हुए अभद्रता की। उसके बाद आकाश भारद्वाज परेशान रहता था। पत्नी, ससुर व साले की प्रताड़ना से तंग आकर आकाश भारद्वाज ने आत्महत्या कर ली।

## सार संक्षेप





मुहल्ला समिति के सदस्यों को जानकारी देते कर्मचारी।

### समिति के सदस्यों को दी जैविक खाद बनाने की जानकारी

**बबराला, अमृत विचार :** नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ वातावरण निगरानी की मुहल्ला समितियों का गठन किया गया। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के निर्देशन में शुक्रवार को वार्ड नंबर तीन और चार में दो-दो मुहल्ला समितियों का गठन हुआ। अमरीश और गौरव ने समिति के सदस्यों को ' ''आईटीसी मिशन सुनहरा कल'''' मॉडल सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत होम कंपोस्टिंग, सामुदायिक कंपोस्टिंग पीट कंपोस्टिंग और वर्मी कंपोस्ट के जरिए जैविक खाद बनाने और प्रयोग करने की विधि विस्तार से बताई। सफाई मित्रों को गीला-सूखा व हानिकारक कचरा अलग-अलग करने के लिए बताया गया। साथ ही, ट्रिपल आर के बारे में जानकारी दी गई। सिंगल यूज पॉलीथिन, प्लास्टिक का प्रयोग न करने के साथ ही नगर क्षेत्र को साफ व स्वच्छ रखने की अपील की गई।

### नोडल अधिकारी ने अवैध पैथोलॉजी लैब सील की

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही अवैध पैथोलॉजी लैब को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने सील कर दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम को लैब के अंदर दवा भी रखी हुई मिलीं। लैब संचालक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में गुरुवार की देर शाम स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी को अवैध रुप से लैब संचालित होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने देखा तो लैब के अंदर दवाईयां भी रखी हुई थीं। नोडल अधिकारी ने संचालक से संचालित लैब के रजिस्ट्रेशन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन संचालक लैब के कागजात नहीं दिखा सका। जिसके बाद नोडल अधिकारी ने अवैध लैब को सील कर दिया। नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित लैब होने की सूचना मिली थी और लैब संचालक मरीजों का इलाज भी करने का काम करता है। कागजात नहीं दिखाने पर लैब को सील कर दिया है और लैब संचालक के खिलाफ की कार्रवाई की जाएगी।

### घर से निकली युवती को फुसलाकर ले गया युवक

**बहजोई, अमृत विचार :** घर से अस्पताल जाने को कहकर निकली युवती को युवक बहला फुसला कर भगाकर ले गया। जब युवती घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों तलाश की। युवती के नहीं मिलने पर मां ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि उसकी 24 वर्षीय बेटी घर से 25 नवंबर को यह कहकर निकली थी कि वह एक अस्पताल में दवा लेने जा रही है लेकिन वह बहुत देर तक वापस नहीं लौटी तो उन्हें चिंता हुई। रिश्तेदारी तथा अपने आसपास के लोगों में तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। बाद में पता चला कि नगर के कृष्ण कुंज कॉलोनी निवासी सचिन युवती को अपने साथ बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।





मेडल दिखाती छात्रा महक।

### 20 किलोमीटर वॉक रेस में महक दूसरे स्थान पर

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय जुनावई की बीए प्रथम वर्ष की महक ने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में हुई अंतर महाविद्यालय एथलेटिक चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर वॉक रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त करके सिल्वर मेडल हासिल किया। जिससे महाविद्यालय स्टाफ और परिजनों में खुशी का माहौल बन गया। महाविद्यालय की डॉ. शिप्रा ने बताया कि छात्रा महक ने सिल्वर मेडल प्राप्त करके नाम रोशन किया है। छात्रा महक की सफलता से अन्य छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों में खुशी छाई है।



डेनमार्क में हुई बैठक में संभल के उद्यमी संजय सांख्यधर( सबसे बायें) और अन्य।

### कम्प्रेस्ड बायो गैस समेत कई मुद्दों पर बनी कार्य योजना

**संभल, अमृत विचार :** एग्रोमेक अंतरराष्ट्रीय कृषि मेले एवं डेनिस एनर्जी एजेंसी द्वारा भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग के तहत गोष्ठी वर्किंग ग्रुप की साझा बैठक भारतीय राजदूत मनीष प्रभात की अध्यक्षता में कोपेन हेगन डेनमार्क में हुई। इंडो डेनिस उद्योग परिसंघ के तत्वावधान में डेनमार्क में हुई बैठक में भारतीय प्रतिनिधमंडल का नेतृत्व संभल के युवा उद्यमी संजय सांख्यधर ने किया। जिसमें जल्द ही ऊर्जा क्षेत्र में कम्प्रेस्ड बायो गैस, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी आदि को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। संजय सांख्यधर ने डेनमार्क में औद्योगिकीकरण की तकनीक पर बल दिया।

### मिट्टी की ढांग गिरी कई बालिकाएं दबीं

**सहसवान(बदायूं) अमृत विचार :** घर की लिपाई के लिए जंगल में मिट्टी की खुदाई करते समय मिट्टी की ढांग गिर गई। इसमें दो सगी बहनों सहित तीन बालिकाएं दब गईं।

चीख पुकार सुनकर यहां पहुंचे लोगों ने उन्हें निकालकर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसमें एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरीफपुर गड़िया निवासी श्यावती ,मंजू पुत्री रतनपाल व तुलसी पुत्री मंगली गांव के पास ही जंगल से घर की लिपाई के लिए पीला मिट्टी खोदने गई थी। मिट्टी की खुदाई करते समय अचानक ढांग उनके ऊपर गिर गई। इसमें श्यामवती, मंजू, तुलसी समेत अन्य बालिकाएं मिट्टी में दब गईं। इस दौरान यहां चीख पुकार बन गई। उनकी चीख पुकार सुनकर लोग एकत्रित हो गए। वहां पहुंचे लोगों ने मिट्टी में दबी किशोरियों और बालिकाओं को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

# बाग में पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का किया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग के किनारे स्थित आम के बाग में युवक का शव पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों का कहना है कि युवक नशा करने का आदी था और गुरुवार की शाम घरेलू बात को लेकर युवक का परिजनों से विवाद हुआ था।

हयातनगर निवासी 19 वर्षीय एक युवक का गुरुवार की शाम घरेलू बातों को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। जिसके बाद युवक छत पर सोने चला गया। देर रात किसी समय युवक छत से कूदकर संभल बहजोई मार्ग के किनारे कब्रिस्तान के पास स्थित आम के बाग में पहुंचा। शुक्रवार की सुबह टहलने निकले लोगों ने युवक का शव पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। आसपास के लोग भी मौके पर इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर आनन फानन में रोते बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए और फंदा खोलकर युवक का शव नीचे उतारा। जिसके बाद परिजन युवक का शव लेकर घर चले गए और बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवक नशा करने का आदी था। नशा करने से मना करने पर युवक परिजनों से आये दिन विवाद करता रहता था। बताया कि युवक जागरण पार्टी में काम करता था।

# खेलकूद में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई



दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र -छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद संभल के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग के पहले दिन प्रतियोगिताओं का आयोजन का जुनावई राजकीय महाविद्यालय और जनता इंटर कॉलेज में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ प्रमोद कुमार ने फीता काटकर किया।

सब-जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में क्षमा प्रथम, गोला फेंक में अंशिका, चक्का में खुशबू ने प्रथम स्थान पर रहीं। सब-जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर और 800 मीटर दौड़ में हरवीर यादव, लंबी कूद में चंद्रपाल प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में बालिका में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में शिवानी प्रथम रही। गोला फेंक में अंजलि और भाला फेंक में रजनी प्रथम स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम,सीनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सावित्री, 200 मीटर में सोनू प्रथम स्थान पर रहीं। सीनियर बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में विकास एवं 400 मीटर दौड़ में बबलू प्रथम रहे। जनता इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य मधुप कुमार आर्य ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह, रंजीत गोस्वामी, पीटीआई मनवीर सिंह, विपिन, संजू, आस मोहम्मद आदि रहे।

# चोरी पर अंकुश लगाने को पुलिस की अपील, जागते रहें और सचेत रहें

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस रात में गश्त के दौरान में एनाउंसमेंट करते हुए ग्रामीणों से जागते रहें व सचेत रहें कहते हुए अपील कर रही है। पुलिस का कहना है कि पशुओं को घर के अंदर पशुशाला में बांधकर वहां रोशनी की व्यवस्था रखें। साथ ही, ग्रामीण गांव में अंजान व्यक्ति देखकर पुलिस को सूचना दें।

थाना क्षेत्र में आये दिन पशु व घरों से नकदी, जेवर और अन्य सामान चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सर्दियों में पशु व अन्य सामान चोरी न हो इसके लिए असमोली पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर, ओबरी, रचैटा, खासपुर, चंदवार, चंदवार की मढैया, शहबाजपुर आदि गांवों में शुक्रवार देर शाम गश्त करते हुए एनाउंसमेंट किया। पुलिस ने कहा कि ग्रामीण जागते रहें और सचेत रहें। अपील की कि ग्रामीण अपने अपने पशु घर के बाहर न बांधें और जिन ग्रामीणों के पशु बाहर बंधे हुए हैं वह ग्रामीण अपने पशु घर के अंदर पशुशाला में बांधें। जहां पर भी ग्रामीण पशु बांधेंगे वहां रोशनी की व्यवस्था जरूर की जाए।

रात को जागते हुए ग्रामीण अपने पशुओं पर नजर रखें। जिससे सर्दी के मौसम में होने वाली पशुओं व माल की चोरियों में कमी आ सके। इसके साथ ही अगर गांव में कोई संदिग्ध व्यक्ति घूमता-फिरता दिखाई दे तो ग्रामीण डायल 112 या थाना पुलिस को सूचना देने का काम करें।

### प्राथमिक विद्यालय से सामान चोरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय से चोर सामान चोरी कर ले गए। गांव कैथल के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय की प्रधानाध्यापिका रीनू बंसल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की सुबह उन्हें विद्यालय में चोरी होने की सूचना मिली। कुछ देर बाद वह मौके पर पहुंची, तो देखा कार्यालय गेट टूटा था। जिसमें एक बैटरी, एक ब्लूटूथ स्पीकर व 6 कुसियां, 2 माइक गायब थे। कक्षा एक व दो में लगी एलईडी गायब थीं। इसके अलावा अन्य सामान भी चोरी हुआ है। घटना की सूचना पर विद्यालय की शिक्षिका व शिक्षक भी पहुंच गए। प्रधानाध्यापिका ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

### ट्रैक्टर के पहिए से कुचला युवक, मौत

**करियामई, ( बदायूं ) अमृत विचार :** शुगर मिल पर गन्ना पहुंचाकर वापस आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को पिकअप ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर बैठा युवक नीचे गिर गया और पहिया से कुचल गया।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी अरविंद (35) पुत्र नन्नुकी और ज्ञानचंद्र पुत्र बादाम सिंह यदु शुगर पर गन्ना डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वापस लौट रहे थे। देर रात बिजनौर मार्ग स्थित गांव दारानगर के पास पिकअप ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर पर बैठे ज्ञानचंद्र नीचे गिर गए और पहिया के नीचे आ गए। हादसा होते ही पिकअप चालक भाग गया। ट्रैक्टर चला रहे अरविंद ने उनके परिजन और पुलिस को सूचना दी। ज्ञानचंद्र को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# किंग्स इलेवन ने जीसीसी को हराकर 141 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **सूर्यकांत को दिया गया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार**

**अमृत विचार :** मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में आरकेएस टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को किंग्स इलेवन व जीसीसी के बीच मुकाबला खेला गया।

जिसमें जीसीसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स इलेवन के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। जिसमें सूर्यकांत ने 52, जुबैर ने 65 व मयंक राघव ने 33 रनों की पारी खेली। जबकि जीसीसी के गेंदबाज संजय शर्मा ने 3, सोनू ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी जीसीसी के टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। बल्लेबाज 20 ओवर में मात्र 99 रन ही बना सकी। जिसमें कमल कांत ने 34, आकाशदीप ने 21, अनमोल ने 18 रन बनाए। जबकि किंग्स इलेवन के गेंदबाज मोहित पंजाबी ने 5, सूर्यकांत ने 3 व विमल ने एक विकेट लिया। किंग्स इलेवन ने 141 ने मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सूर्यकांत को दिया गया था।

मैच में अम्पयार की भूमिका शमशाद व रजत तोमर ने निभाई। शनिवार को यंग क्रिकेट क्लब व महाकाल इलेवन के बीच मुकाबला होगा। इस अवसर पर अमित पाठक, अनुज गुप्ता, शोभित सिंह, नारायण पाठक, अंशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

**स्पर्धा** आरआरके स्कूल में हुईं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं, जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

# 100 मीटर दौड़ में दिव्यांश और एंजल ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



आरआरके स्कूल में खेल-कूद प्रतियोगिता से पूर्व सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

**समारोह**

- **खिलाड़ियों को खेल भावना व ईमानदारी से प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई।**

**अमृत विचार :** आरआरके स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में उत्साह से प्रतिभाग किया।

खेल स्पर्धाओं का आरंभ प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय व उपप्रधानाचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने मशाल प्रज्ज्वलित कर सीबीएसई जोनल स्तर पर ताइक्वांडो प्रतियोगता में स्वर्ण पदक जीतने वाली छात्रा सृष्टि गुप्ता को मशाल सौंपी। छात्रा ने मशाल लेकर आयोजन स्थल का चक्कर लगाया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके उपरांत स्पोर्ट्स कप्तान वरदान गुप्ता ने खिलाड़ियों को खेल भावना व ईमानदारी से प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई। इसके बाद अतिथियों ने कबूतरों को उड़ाकर खेल प्रतियोगिताओं का आरंभ किया।

कक्षा 10 के छात्रों की 100 मीटर में रूबी हाउस के दिव्यांश शर्मा ने प्रथम, टोपाज हाउस के यश चौधरी ने द्वितीय, एमरल्ड हाउस के अक्षय शर्मा ने तृतीय, छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में टोपाज हाउस की एंजल ने प्रथम, एमरल्ड हाउस की स्वेच्छा यादव ने द्वितीय, रूबी हाउस की इप्सिता वशिष्ठ व सफायर हाउस की प्रतिभा ने संयुक्त रूप तृतीय, कक्षा एक के छात्रों की 50 मीटर दौड़ में रूबी हाउस के मोहम्मद शाद ने प्रथम, टोपाज हाउस के प्रियेश कुमार ने द्वितीय, एमरल्ड हाउस के आयुष शर्मा ने तृतीय, छात्राओं में टोपाज हाउस की मिस्बाह ने प्रथम, रूबी हाउस की छवि कश्यप ने द्वितीय, एमरल्ड हाउस की उर्विश ने तृतीय, कक्षा 2 के छात्रों की 50 मीटर दौड़ में सफायर हाउस के निशांत यादव ने प्रथम, रूबी हाउस के डेविड कुमार ने द्वितीय, टोपाज हाउस के नयन गुप्ता ने तृतीय, छात्राओं में टोपाज हाउस की उन्नति सिंह ने प्रथम, सफायर हाउस की अदिति यादव ने द्वितीय, एमरल्ड हाउस की काव्या दिवाकर ने तृतीय, कक्षा 3 के छात्रों की 50 मीटर दौड़ में रूबी हाउस के माधव शर्मा ने प्रथम, टोपाज हाउस के संस्कार उपाध्याय ने द्वितीय, एमरल्ड हाउस के अनिकेत शर्मा ने तृतीय, छात्राओं में रूबी हाउस की गायत्री व टोपाज हाउस की आयुषी आर्या ने संयुक्त रूप से प्रथम, एमरल्ड हाउस की श्रेया ने द्वितीय, सफायर हाउस की अक्षिता वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण शर्मा, अनुज उपाध्याय, विपिन त्यागी, आरपी सिंह, बीके सिंह, नीरज वार्ष्णेय, मोनिका तिवारी, रूचि दीक्षित, सीमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मानदेय को लेकर सफाई कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि संघ ने सफाई मजदूरों के पूर्व में 30 सितंबर को नए शासनादेशानुसार मानदेय बढ़ाने को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसका अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया। विभाग में 125 सफाई कर्मी आउट सोर्सिंग के जरिए पालिका को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिनका समय से मानदेय नहीं मिलता है। जून, जुलाई 2022 का आउट सोर्सिंग सफाई कर्मियों का मानदेय बकाया है, दो साल से लगातार ठेकेदार व नगर पालिका से मांग कर रहे हैं। इनका समाधान आजतक नहीं हो सका है। साथ ही पीएफ भी समय से जमा नहीं हो रहा है। शासनादेश अनुसार सफाई कर्मियों को 412 रुपये प्रतिदिन का मानदेय मिलना चाहिए।



युवा उत्सव में प्रमाण पत्र और शील्ड के साथ छात्र यशवर्धन और पर्व। ● अमृत विचार

# यशवर्धन और पर्व ने प्रोजेक्ट बना कर पाया प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के आरएसडी अकादमी में आयोजित हुए मंडल स्तरीय युवा उत्सव में बाल विद्या मंदिर संभल के छात्रों यशवर्धन पंवार और पर्व वर्श्नेय ने प्रतिभा और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके प्रोजेक्ट इलेक्ट्रॉनिक यूनिवर्सल ब्लाइंड की निर्णायकों और दर्शकों को खूब प्रभावित किया।

इस अनोखे उपकरण का उद्देश्य नेत्रहीन व्यक्तियों को पढ़ने में मदद करना है। यह कंपन के माध्यम से अक्षरों और शब्दों की पहचान करने में सहायता करता है। जिससे नेत्रहीन व्यक्तियों को पढ़ाई में सुविधा मिलती है। इस प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन विद्यालय के एटीएल कोऑर्डिनेटर आलोक राय ने किया। अब यशवर्धन और पर्व मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे, जो दिसंबर में होगी। प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## एक नजर

### 61 अन्नपूर्णा भवन व राशन की दुकान का निर्माण पूरा

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुल 66 अन्नपूर्णा भवन व राशन की दुकान का निर्माण शुरू किया गया। इनमें से अब तक 61 का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस माह 43 अन्नपूर्णा भवन संचालित हो चुके हैं और बाकी को शुरू करने पर तेजी से काम किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में कुल 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने हैं। 66 ग्रामीण क्षेत्रों में और 9 नगर क्षेत्र में बनने हैं। निर्माण के लिए स्थलों का चयन किया जा रहा है। 32 गांवों में कार्य शुरू हो चुका है। 7 दिसंबर तक सभी अन्नपूर्णा भवन का कार्य शुरू हो जाएगा।

### बैठक में भाकिसं ने उठाईं किसानों की समस्याएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ की बैठक में गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही घटतौली और किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। भाकिसं के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया। विकास खंड कार्यालय में शुक्रवार को भाकिसं की बैठक जिला मंत्री आलोक चौहान की अध्यक्षता में हुई। इसमें भाकिसं के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याएं उठाईं। गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही घटतौली पर चर्चा की गई। लेखपालों द्वारा अवैध वसूली किए जाने और बिजली के गलत बिल किसानों को दिए जाने को लेकर पदाधिकारियों ने नौगावां सादात के उप जिलाधिकारी ब्रजपाल सिंह को ज्ञापन दिया। इस दौरान पुनीत चौहान, अनुज चौहान, पिन्टू सिंह, आदि शामिल रहे।

### मस्जिदों के इमामों ने लोगों से की शांति की अपील

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया क्षेत्र में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गई। मस्जिदों के इमामों ने लोगों से शांति की अपील की। साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने पर जोर दिया।


अमरोहा में जामा मस्जिद के पास उलमा से बात करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह।


अमरोहा शहर की जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा में अमन के साथ जुमे की नमाज अदा

## एसपी ने शहर का भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा, कैमरों से की गई निगरानी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** संभल में हुई हिंसा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर शहर समेत जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। कड़ी सुरक्षा में मस्जिदों में अमन के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। शहर की जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जामा मस्जिद पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। ड्रोन कैमरों से नमाज के दौरान निगरानी की गई।

अमरोहा में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। एसपी ने कोतवाली क्षेत्र में जामा मस्जिद पर जाकर पुलिस प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था को देखा और उन्होंने जामा मस्जिद के बाहर मुस्लिमों से वार्ता कर अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। शहर की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। टीपी नगर चौराहे पर पुलिस बल के साथ उप जिलाधिकारी को तैनात किया गया था। बिजनौर रोड स्थित दाउद सराय चौराहा पर पुलिस तैनात रही। नौगावां सादात में सीओ अभिषेक यादव व एसडीएम ब्रजपाल सिंह ने कस्बे में पुलिस बल के साथ नमाज से पहले भ्रमण किया। ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों के बाहर भी पुलिस की ड्यूटी लगाई गई। अमन के साथ नमाज अदा होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। डिडौली और रजबपुर क्षेत्र में भी एसपी के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। मस्जिदों के बाहर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई। प्रभारी निरीक्षकों ने क्षेत्रों में जाकर भ्रमण किया और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीण क्षेत्र में गांव कांकर सराय की सभी मस्जिदों में शांति के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। इमामों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। इसके अलावा धनौरा उर्फ मुरादनगर, अफजलपुर समेत अन्य गांवों की मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही।


गजरौला में नमाज को लेकर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

**सतर्कता**
- डिडौली और रजबपुर क्षेत्र में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही
- शांतिपूर्ण तरीके से नजाम अदा होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

**धनौरा-बछरायूं में शांति से पढ़ी गई जुमे की नमाज :** संभल प्रकरण के बीच शुक्रवार को तहसील क्षेत्र में जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच पढ़ी गई। शहर की जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, फैज-ए-आम मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद रहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट अवधेश वर्मा के साथ पुलिस ने नगर में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, सुभाष सिंह, पवन कुमार आदि रहे। कस्बा बछरायूं में जामा मस्जिद, लाल मस्जिद, घंटाघर समेत अन्य मस्जिदों के आसपास पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सभी स्थानों पर नमाज शांति से अदा होने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार, राजेश यादव आदि रहे।

### मस्जिदों के बाहर तैनात रहा पुलिस बल

**गजरौला, अमृत विचार :** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज पुलिस के कड़े पहरे में अदा की गई। नगर व देहात की सभी प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। संभल जनपद की सीमा अमरोहा से सटी हुई है। संभल में हुई घटना के बाद से अमरोहा पुलिस प्रशासन सतर्क है। लगातार चेकिंग अभियान पुलिस चला रही है। संभल में हुई हिंसा के बाद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण रूप से कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बरती। शुक्रवार को शहर के चौपला स्थित जामा मस्जिद, जलालनगर की मस्जिद, चौहानपुरी की मजिस्द, विजयनगर की मस्जिद, मोहल्ला अल्लीपुर की मस्जिद, नाईपुरा की मस्जिद समेत नगर क्षेत्र व देहात की मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। नमाज अदा होने के बाद ही पुलिस बल ने प्रस्थान किया। सीओ श्वेताभ भास्कर व प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ कई मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था देखी।


हसनपुर में ड्रोन कैमरे से निगरानी करतीं एसडीएम सुनीता सिंह। ● अमृत विचार

# ड्रोन कैमरों से की मस्जिदों में नमाजियों की निगरानी

संवाददाता, हसनपुर

- एसडीएम और अपराध निरीक्षक ने पुलिस के साथ किया पैदल मार्च

**अमृत विचार :** संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज शांति से अदा कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। नगर की मस्जिदों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। नगर में जगह-जगह पुलिस पिकेट भी तैनात की गई। नमाज के दौरान ड्रोन कैमरों से नमाजियों की निगरानी की गई। एसडीएम सुनीता सिंह, अपराध निरीक्षक ने पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च किया।

संभल की जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर रविवार को हुए बवाल के बाद से ही जिले का पुलिस प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर हसनपुर नगर में पुलिस ने कड़े प्रबंध किए। नगर स्थित जामा मस्जिद, संभलियान मस्जिद, रेतिया वाली मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम, अपराध निरीक्षक बालेंद्र यादव एवं कस्बा इंचार्ज संदीप मलिक ने सुबह से ही पुलिस कर्मियों की मस्जिदों के पास ड्यूटी लगा दी। मस्जिदों एवं लालबाग पर नमाज के दौरान ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। एसडीएम ने पुलिस बल के साथ मोहल्ला लाल बाग में पैदल मार्च किया। अपराध निरीक्षक ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर नगर में चौकसी बढ़ाई गई है।

### जुमे की नमाज को लेकर पुलिस रही चौकस

**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार :** नगर पंचायत में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस चौकस रही। जगह-जगह पुलिस बल तैनाता रहा। पुलिस की निगरानी में नमाज अदा की गई। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारी की थी। अधिकारियों ने शहर का भ्रमण कर पुलिस को ब्रीफ किया। नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के प्रभावी इंतजाम किए गए। सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई सभी थानों पर पोस्टर पार्टी गठित कर धर्मस्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। शांति के साथ नमाज अदा की गई। उधर, उझारी में चौकी इंचार्ज सतवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। जुमे की नमाज को लेकर जामा मस्जिद, कुरेशिया मस्जिद, बड़े वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा।

# शिव सैनिकों को घर में किया नजरबंद

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** संभल की मस्जिद की जगह हरिहर मंदिर होने का दावा करते हुए शुक्रवार को शिवसेना के जिला प्रमुख और कार्यकर्ताओं ने जल चढ़ाने जाने का ऐलान किया तो पुलिस सतर्क हो गई। पुलिस ने सुबह ही घर पर जाकर शिव सैनिकों को नजर बंद कर लिया। दोपहर 4 बजे तक पुलिस उनके घर पर मौजूद रही।

शिवसेना के प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने शुक्रवार को संभल की जामा मस्जिद की जगह हरिहर मंदिर होने का दावा करते शिवसैनिकों से वहां पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा था कि प्रदेश के शिव सैनिक मुरादाबाद में एकत्रित होकर संभल की ओर प्रस्थान करेंगे। इस पर शुक्रवार सुबह शिवसेना के नगर प्रमुख विकास यादव, रवि यादव, राजकुमार सागर व निर्कुज बाईपास मार्ग स्थित जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के आवास पर पहुंचे। यहां से ये सभी संभल जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुची और इन सभी को घर में नजरबंद कर लिया। इस पर पुलिसकर्मियों व शिव सैनिकों के बीच नोकझोंक भी हुई। लेकिन पुलिस ने इन्हें संभल नहीं जाने दिया।


पुलिस की निगरानी में बैठे शिव सैनिक। ● अमृत विचार

### पशु से टकराकर बाइक सवार दूधिया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** छुट्टा पशु से टकराकर गिरा बाइक सवार दूधिया घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी निवासी मलुवा गुरुवार शाम नगर में दूध बांटकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे।

गांव से 150 मीटर पहले खेत से निकला छुट्टा पशु बाइक से टकरा गया। इससे बाइक सवार दूधिया सड़क पर गिर कर घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की सहायता से घायल दूधिया को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# दीवार पर पेंटिग कर स्वच्छता का दिया संदेश

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम आश्रम के पास सार्वजनिक शौचालय की दीवार पर पेंटिग कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। वार्ड प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने पेंटिंग बनाई।

ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि देश भर में सीटी पीटी यूरिनल, स्वच्छता संपत्ति की सफाई, रखरखाव और सुंदरीकरण करने के उद्देश्य से 19 नवंबर से 25 दिसंबर के बीच स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी थीम पर अभियान चलाया जा रहा है। हम अपने शहर को तभी स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं, जब खुद स्वच्छता के प्रति जागरूक हों। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि नगर में सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय का निर्माण जनता की सुविधा के लिए कराया गया है, इसे स्वच्छ रखने के लिए नगर पालिका का सहयोग करें। इसके लिए स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। इसे निकाय स्तर पर गठित वार्ड प्रेत्साहन समिति व स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से कराया जाएगा। साथ ही लोगों से नगर में सफाई रखने का आह्वान किया। बच्चों को सफाई के लिए प्रेरित किया

इस दौरान अपराजिता क्लब की अध्यक्षा सोनिया अग्रवाल, उमेश कुमार, आरती शर्मा, महेंद्र कुमार, सभासद राजू बादशाह, पूनम रानी, सतीश, राजेंद्र कुमार, इरशाद आदि मौजूद रहे।



शौचालय की दीवार पर पेंटिग करते समिति के सदस्य।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को प्रताड़ित करने के बाद घर से निकाल दिया। मायके से 15 लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मूंढा इम्मा में नाजिम अली का परिवार रहता है। नाजिम ने अपनी बहन आस्ताना की शादी 17 अक्टूबर 2023 को मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव मुंडी मिलक निवासी हिजबुल के बेटे मुजीब के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले आस्ताना को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। वे मायके से 15 लाख रुपये लाने का दबाव बनाते रहे। उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया तो ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि 28 नवंबर को पति व अन्य ससुराल वाले गांव मूढा इम्मा आए और उन्होंने दहेज की मांग दोहराई। प्रभारी निरीक्षक हर्ष वर्धन ने बताया कि पति मुजीब, ससुर हिजबुल, अफरोजा, दरखशा, अनस व मुनासिब के खिलाफ मामला दर्ज किया है

# जीवन में शिक्षा के साथ खेलों का भी महत्व

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अक्षरा पब्लिक स्कूल पपसरा में शैक्षिक परिदृश्य, चुनौतियों एवं समाधान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति व शिक्षा सुधार को लेकर चर्चा की गई। शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने शिक्षा के महत्व के साथ जीवन में खेल का महत्व भी बताया।

शिक्षक विधायक ने अक्षरा पब्लिक स्कूल में हो रहे बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अक्षरा ने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में काफी बदलाव किए हैं। उन्होंने जीवन में मुस्कान का महत्व बताया। कहा कि हमें बच्चों को अपना मित्र बना कर उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहिए। कार्यक्रम में खेल जगत में अपना मुकाम बना चुके सरदार सुरेन्द्र सिंह ने भी खेलों का महत्व बताया। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत पुरुजीत सिंह ने भी अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता डॉ. बी सिंह ने भी शिक्षा के नए आयामों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालय विद्यालय की निदेशक शगुन राहल ने किया।



गोष्ठी में शामिल शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व अन्य।

### सर्दी-गर्मी से बिगड़ रहा लोगों का स्वास्थ्य

**अमरोहा, अमृत विचार:** नवंबर के अंतिम दिनों में सर्दी और गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ जुट रही है।

शुक्रवार को भी खांसी-जुकाम, बुखार के मरीज पहुंचे और पर्चा बनवाकर चिकित्सकों से इलाज कराया। चिकित्सकों ने उन्हें गर्म पानी पीने, गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी। उधर, रात में सर्दी हुई और सुबह से ही तेज धूप खिली। दिनभर तेज धूप से लोग पसीने में तर हो गए। किसानों को खेतों में काम करना मुश्किल हो गया। शाम होते ही सर्दी शुरू हो गई।


बैठक में मौजूद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता।

### बैठक में शौर्य यात्रा को लेकर बनाई रणनीति

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर की बाल्मीकि बस्ती स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में गुरुवार देर रात विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक हुई। इसमें 8 दिसंबर को नगर में निकलने वाली शौर्य यात्रा को लेकर रणनीति बनाई गई। लालबाग खंड के अध्यक्ष विजय पारछा ने कहा कि सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान से शौर्य यात्रा शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करेगी। इस दौरान कोमल कुमार, राहुल, देवेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार, वीरेंद्र सिंह, मोहित अग्रवाल, वरुण अग्रवाल आदि रहे।

**विरोध** — कूड़ा नहीं उठने से दुर्गंध से लोग परेशान, ठेकेदार को हटाने की मांग पर अड़े सफाई कर्मचारी

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, गंदगी से बिगड़ी शहर की सूरत

संवाददाता, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** नगर में बाहरी ठेकेदार को हटाने की मांग को लेकर ठेका सफाई कर्मचारियों की 9वें दिन शुक्रवार को भी हड़ताल रही। उन्होंने प्रदर्शन कर मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया। कूड़ा नहीं उठने से दुर्गंध से लोग परेशान हुए। गंदगी से शहर की सूरत बिगड़ गई।

नगर पंचायत में 9 दिन से ठेका सफाई कर्मचारी ठेकेदार के सुपरवाइजरों के खिलाफ हड़ताल पर बैठे हैं। अधिकारियों और नगर पंचायत की अध्यक्ष सुबीना जैदी के समझाने के बावजूद भी वे अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार को भी सभी ठेका सफाई कर्मचारी सुबह 8 बजे नगर पंचायत कार्यालय में दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज ने सफाई कर्मचारियों से वार्ता की। इस पर सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार को हटाने की मांग की। ईओ ने कहा कि किसी भी कीमत पर ठेका निरस्त नहीं होगा। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जब तक ठेका निरस्त नहीं होगा तब तक हम हड़ताल जारी रखेंगे। बाहर के किसी भी व्यक्ति को सफाई के लिए लाने की कोशिश की गई तो उनको भी सफाई नहीं करने देंगे। सफाई न होने के कारण कस्बे की सड़कों, गली-मोहल्ला में कूड़े के ढ़ेर लग गए हैं। इनसे दुर्गंध आ रही है। गंदगी में मच्छर पनप रहे हैं। लोगों ने गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बताया है। गंदगी से दुकानदार और खरीदार भी परेशान हैं। इस दौरान शोभा, अनीता, सुनीता, रजनी, कमलेश, रामकिशोर, आकाश, प्रदीप, रोहित, सुमित, संदीप कुमेश, नितिन आदि मौजूद रहे।


धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार


सड़क पर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

# चोरी की 4 बाइकें मिलीं, दो चोर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बाइक का एक इंजन, कटे हुए इंजन और अन्य पुर्जे भी मिले

**अमृत विचार :** रहरा थाने की पुलिस ने बाइकों के पुर्जे खोलकर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार बाइकें, एक इंजन, कटे हुए इंजन व अन्य पुर्जे मिले हैं।

शुक्रवार को रहरा थाना पुलिस ने बाइक चोरी कर पुर्जे काटने वाले गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने दो आरोपी शक्ति पुत्र हरीसिहं निवासी गांव दौरारा, मनोज पुत्र मोमराज निवासी गांव पथरा को गिरप्तार किया। इनके पास से 4 बाइकें, एक इंजन व एक बाइक का कटा इंजन व अन्य पुर्जे बरामद किए।

पूछताछ में आरोपी शक्ति व मनोज ने बताया कि दोनो अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर बाइकें चुराकर उनके पुर्जे को सब लोग मिलकर खोलकर अलग अलग कर देते हैं। बाइकों के पुर्जों को ग्राहक देखकर बेच देते हैं। इनके रुपये आपस में बांट लेते हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

### सप्ताह में एक दिन चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए पालिका प्रशासन सप्ताह में एक दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएगा। इस संबंध में व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को जानकारी दी थी। एसडीएम ने नगर पालिका प्रशासन से कहा कि सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र वसीम अहमद और उसकी पत्नी फरजाना को गलत संगत में पड़ने के कारण चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मैं और मेरा परिवार उसके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं है।

अतीक अहमद पुत्र रफीक अहमद
बिजारखाता थाना स्वार जिला (रामपुर)

## एक नजर

### परीक्षा फार्म जमा करने का आज अंतिम दिन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक परीक्षा के फार्म भर 28 नवंबर तक भरे गए। शनिवार तक विद्यार्थी भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे और महाविद्यालयों को भी ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे। परीक्षा में करीब सवा चार लाख छात्र शामिल होंगे। विश्वविद्यालय ने 11 दिसंबर से स्नातक और 4 जनवरी से परास्नातक की परीक्षाएं निर्धारित की हैं। परीक्षा के दौरान ही मिड टर्म कराई जाएंगी, जल्द ही विश्वविद्यालय इसके लिए तिथि निर्धारित कर महाविद्यालयों को निर्देश जारी करेगा। विश्वविद्यालय ने परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा फार्म जमा होने के बाद केंद्र निर्धारित किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से पारदर्शी और सुचारू रूप से किया जाएगा, ताकि छात्रों को कोई परेशानी न हो। परीक्षा हॉल में अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सत्र 2024-25 में स्नातक के अब तक 3,83,649 फार्म भरे गए हैं।



पूर्व मंत्री रमाशंकर कौशिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा के कार्यकर्ता।

## पूर्व मंत्री रमाशंकर को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व प्रदेश सरकार में मंत्री रहे रमाशंकर कौशिक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहर में बस्ती स्थित उनके आवास अवंतिका पर समर्थक व सपा कार्यकर्ता जुटे।

रमाशंकर कौशिक के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सपा के जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक, पूर्व विधायक अशफाक अली खां, संजीव शर्मा, सतेंद्र शर्मा, जितांबर सिंह यादव, चौधरी राजेन्द्र सिंह, आलोक भारती, सरदार हरभजन सिंह, सरदार हरजीत सिंह, रविशंकर शर्मा, सतीश चौधरी, पंकज कौशिक, शब्बीर, आलम शेख, आदिल पीर, कुलपति देवल, विशेष कुमार, देवेश शर्मा, डा. निरंजन प्रसाद गर्ग, सचिन यादव, इश्तियाक मालिक आदि मौजूद रहे।

### चक गुलाम गांव का मामला, बाइक से बुजुर्ग को टक्कर लगने पर पीटा था, ग्रामीणों पर लगाया हत्या करने का आरोप

## मारपीट में घायल युवक की मौत, गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चक गुलाम में एक सप्ताह पहले मारपीट में घायल युवक की शुक्रवार को मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने थाने के सामने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। उन्होंने युवक की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने उन्हें समझाकर जाम खुलवाया और यातायात सुचारू कराया।

क्षेत्र के गांव चक गुलाम निवासी महेश चंद का परिवार रहता है। 22 नवंबर को उनका पुत्र संजय (32) बाइक से अपने घर से दूसरे गांव जा रहा था। रास्ते में गांव खाद गुर्जर मार्ग पर वारसाबाद के पास संजय की बाइक से टक्कर लगने से एक बुजुर्ग घायल हो गया था। आरोप है कि इसके बाद ग्रामीणों ने संजय को बेरहमी से पीट दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल संजय को सीएचसी में भर्ती कराया था।

चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजनों ने उसे मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां शुक्रवार को उपचार के दौरान संजय की मौत हो गई। इसके बाद परिजन संजय के शव को लेकर थाने पहुंचे व तहरीर को दी। कार्रवाई नहीं होने पर गुस्साए मृतक के परिजनों ने थाने के सामने जाम लगा दिया। इससे पुलिस में हड़कंप मच गया। बाद में पुलिस के अधिकारियों ने मामले में जल्द निष्पक्ष जांच व कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने गुस्साए परिजनों को शांत कराकर जाम खुलवाया। इस दौरान परिजनों ने ग्रामीणों पर हत्या करने का आरोप लगाया।



गजरौला थाने के सामने सड़क पर जाम लगाते परिजन। ● अमृत विचार

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला-तिगरी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने दो लोगों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव मोरका पट्टी निवासी आसिफ व उसका भाई चांद शुक्रवार सुबह किसी काम से गजरौला जा रहे थे। जैसे ही गजरौला-तिगरी मार्ग पर शाहपुर के पास पहुंचे तो गजरौला की ओर से आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें आसिफ, चांद और तिगरी निवासी रोहित उर्फ छोटे घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने आसिफ व चांद की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# परिषदीय विद्यालयों के 34149 बच्चों ने दी निपुण परीक्षा

### 3398 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा, आज भी लिया जाएगा निपुण एसेसमेंट टेस्ट, अधिकारियों ने स्कूलों में देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने निपुण एसेसमेंट टेस्ट दिया। दो दिवसीय परीक्षा में शुक्रवार को कक्षा एक से तीन तक के बच्चे शामिल हुए। पहले दिन जिले भर में कुल 37547 के सापेक्ष 34149 छात्राओं ने परीक्षा दी। 3398 बच्चे परीक्षा में शामिल नहीं हुए। सीडीओ व अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को निपुण एसेसमेंट टेस्ट के पहले दिन जिले भर के प्राथमिक विद्यालयों में परीक्षा हुई। अध्यापकों ने कक्षा 1 से 3 तक के छात्र-छात्राओं से प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट्स पर भरवाए। इसके बाद सभी ओएमआर शीट्स को परख ऐप पर स्कैन कर अपलोड किया। जिले भर के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 90 प्रतिशत रही। परीक्षा को लेकर डीएम के निर्देश पर हर न्याय पंचायत स्तर पर दो-दो जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। निपुण परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखा। इस परीक्षा का अभ्यास प्रत्येक शुक्रवार को पिछले एक माह से कराया जा रहा था। इससे बच्चों को इस परीक्षा की संपूर्ण जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा ने तीन विद्यालयों में भ्रमण कर परीक्षा का आकलन किया।

उन्होंने परीक्षा के दौरान प्रत्येक कक्ष में जाकर देखा और व्यवस्थाओं को परखा। उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने भी विद्यालयों का भ्रमण किया। परिषदीय विद्यालय में कक्षा 1 से 3 तक 34149 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। बीएसए मोनिका अहलावत ने बताया कि शनिवार को भी जिले के सभी परिषदीय विद्यालय में कक्षा 4 से 8 तक के छात्र-छात्राओं का निपुण एसेसमेंट टेस्ट लिया जाएगा। इसमें समस्त विद्यार्थी ओएमआर शीट स्वयं भरेंगे।



विद्यालय में निरीक्षण करते सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा, साथ ही परीक्षा में शामिल विद्यार्थी। ● अमृत विचार



मंडी धनौरा में निपुण एसेसमेंट टेस्ट का निरीक्षण करते तहसीलदार और एबीएसए।

### 483 विद्यार्थियों ने छोड़ी निपुण परीक्षा

**गजरौला, अमृत विचार :** परिषद विद्यालयों में शुक्रवार को निपुण परीक्षा हुई। कक्षा एक से तीन के छात्रों ने प्रतिभाग किया। गजरौला ब्लॉक क्षेत्र के 130 विद्यालयों में 5115 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। 483 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शनिवार को कक्षा चार से आठ तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा होगी। ओएमआर शीट पर छात्र-छात्राओं ने निपुण असेसमेंट परीक्षा (नेट) की परीक्षा दी। छात्र-छात्राओं का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए शासन के निर्देश पर परीक्षा कराई जा रही है। कई स्कूलों में छात्र-छात्राएं ओएमआर सीट नहीं भर पाए। शिक्षकों को मदद करनी पड़ी। बीईओ के मुताबिक पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई है। शनिवार को कक्षा चार से आठ तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराई जाएगी।

### 162 विद्यालयों में 4550 बच्चों ने दिया निपुण एसेसमेंट टेस्ट

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को पहले दिन छात्र-छात्राओं ने ओएमआर शीट पर निपुण एसेसमेंट टेस्ट दिया। दो दिवसीय परीक्षा के पहले दिन कक्षा एक से तीन तक के परीक्षार्थी शामिल हुए। विकास खंड क्षेत्र में कक्षा-1 से कक्षा तीन तक के नामांकित कुल 4919 बच्चों में 4550 यानी 90 फीसदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। ब्लॉक स्तर पर जिले व तहसील स्तरीय अधिकारियों के सचल दल ने निरीक्षण किया। ब्लॉक में शांतिपूर्वक परीक्षा हुई। इस दौरान जलीलपुर मुंगरा में 100 प्रतिशत व कंपोजिट विद्यालय ढ्योटी में 90 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी व अधिशासी अधिकारी ने विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर माफी, प्राथमिक विद्यालय पालनपुर, कमेलपुर प्रथम व द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय रामपुर तागा द्वितीय, अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा ने कंपोजिट विद्यालय ढ्योटी, देहरी बुजुर्ग, अम्हेड़ा का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र के 162 परिषदीय स्कूलों में कक्षा 1 से से 3 में अध्यनरत 4919 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 4550 ने परीक्षा दी। इसमें 52 विद्यालयों में 100 प्रतिशत उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि परीक्षा के बाद सभी विद्यालयों ने ओएमआर शीट को परख ऐप पर अपलोड किया। शनिवार को कक्षा चार से आठ तक कक्षाओं के छात्राओं की परीक्षा होगी। इस दौरान न्याय पंचायत आजमपुर विद्यालय में पवन कुमार, ढ्योटी में कुलवंत सिंह, ढींगरा में वीरेंद्र सिंह, चकनवाला में राजकुमार पाल व चुचौला कलां में दयानंद सिंह मौजूद रहे।

## रमाबाई महाविद्यालय में पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स टीम ने 25 से 28 नवंबर के बीच विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित 39वीं अंतर्महाविद्यालयी एथलेटिक मीट में प्रतिभाग किया। टीम ने छह पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में 7 सदस्यीय महिला खिलाड़ी व 9 सदस्यीय पुरुष खिलाड़ियों का दल बरेली पहुंचा था। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीते।

महिला टीम की खिलाड़ी झलक चाहल ने अलग अलग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक, मंतशा ने रजत पदक जीता। गुरवेन्दर सिंह ने स्वर्ण, नितेश कुमार व नवनीत कौशिक ने एक-एक रजत पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय की दोनों टीमों ने तीन-तीन पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सैंकी, मुस्कान, रोशनी, श्वेता, प्राची, रिंकु, लवकुश, सलमान, आर्य देवजय, शिवा कुमार, राजेश ने सराहनीय प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. एमए गौरी समेत स्टॉफ ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित खेलों में शानदार प्रदर्शन करने पर हर्ष व्यक्त किया। शुक्रवार को महाविद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।



रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में मौजूद विजेता खिलाड़ी व अन्य।

## भदौरा में जलभराव, ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भदौरा गांव में मुख्य मार्ग पर गंदगी व कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। शुक्रवार को गांव में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। पूर्व प्रधान मुकेश सिंह ने कहा कि गांव में सफाई व कीटनाशक का छिड़काव कराने के नाम पर रुपये निकाले जाते हैं। खड़ंजे की ईंटों को उखाड़कर अपने निजी कार्य में लिया गया और बेचा गया है।

गांव में एक जाति विशेष के मोहल्ले में सफाई नहीं कराई जा रही है। ग्राम पंचायत निधि से भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा। मुख्य मार्ग पर जलभराव से लोगों को परेशानी हो रही है। कीचड़ में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। इस दौरान हरलाल सिंह, किरनपाल सिंह, संजय सैनी, जयवीर प्रजापति, शीशपाल सिंह, राजीव कुमार, धर्म सिंह, जगदेव सिंह, सुरेश सिंह, बबलू सैनी, लाखन सिंह, कांशीराम, सूरजीत सिंह, भोले सैनी, जगदीश प्रजापति आदि शामिल रहे।



भदौरा गांव में मार्ग पर जलभराव के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बच्चे की जान गई

**बदायूं अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दरामनगर निवासी अनमोल पुत्र लाखन अपनी पत्नी फूलवती और दो साल के बेटे प्रभाशंकर के साथ गुरुवार शाम रिश्तेदारी से बाइक से लौटकर अपने घर जा रहे थे। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सोवनपुर के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन प्रभाशंकर की मौत हो चुकी थी। चिकित्सक ने उसकी मौत की पुष्टि की। घायल दंपती का इलाज किया जा रहा है।

## डिडौली पुलिस ने दो शातिर चोरों को माफिया घोषित किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डिडौली थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर दो शातिर चोरों को चिन्हित कर माफिया घोषित किया है। दोनों शातिर चोरों पर 50 चोरी के मुकदमे न्यायालयों में विचारधीन है।

प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान क्षेत्र में चलाया गया था। इस अभियान के दौरान क्षेत्र के दो शातिर चोरों को चिन्हित कर उनको माफिया घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन शातिर चोरों को माफिया घोषित किया गया है उनमें वाजिद उर्फ भूरा पुत्र जहीर गांव मूढाइम्मा 40 वर्ष डिडौली और रोहित उर्फ लाल पुत्र महेन्द्र सिंह डिडौली 37 वर्ष शामिल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वाजिद पर 41 मुकदमें चोरी, नकबजनी के चल रहे है। जबकि रोहित पर 9 मुकदमें चल रहे है। दोनों ही शातिर किस्म के चोर है इन्होंने असमोली,संभल, डिडौली, अमरोहा देहात, में चोरी नकबजनी की वारदातों को अंजाम दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इन दोनों शातिर चोरों की दहशत से क्षेत्र के लोगों में भय भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि अन्य अपराधियों की भी तलाश की जा रही है। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए की गई है।

## सार संक्षेप

### जमीन के विवाद में किसान को मारी गोली

**बिसौली, अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर एक पक्ष के कुछ लोगों ने किसान पर हमला कर दिया। विरोध पर मारपीट की कर किसान को गोली मार दी। इससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के बयान लिए। इसमें उन्होंने चार लोगों पर आरोप लगाया है। घायल को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी रमाकांत (45) पुत्र सुम्मेरी मछली पालन करते हैं। गुरुवार रात वह मछली पालन फार्म पर सोए थे। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे चार लोग असलाह लेकर फार्म पर पहुंचे। सोते समय ही रमाकांत को पीटने लगे। रमाकांत ने विरोध किया तो हमलावरों ने उनकी पीठ पर गोली मार दी। रमाकांत के परिजन और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। परिजन भी आ गए। घायल को बिसौली के सीएचसी ले जाया गया। यहां सीओ बिसौली अजय कुमार सिंह ने पहुंचे। पीड़ित का बयान लिया गया। घायल ने चार हमलावरों के नाम बताए।

### चाकू से हमला, बचाने आए भाई के सिर में मारी रॉड

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी सोहिल पुत्र सलीम ने तहरीर देकर बताया कि सात नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे वह गांव खैरपुर खैराती की बाजार में टेंपो से अपने भैंस नीचे उतार रहे थे। कौल्हाई की बाजार में हुई कहासुनी के चलते मोहल्ला पट्टी यकीन निवासी मोहसिन पुत्र मोहम्मद उमर, उसका भाई वसीम, छोटा पुत्र खचेड़ू ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। चाकू सोहिल के चेहरे पर लगा। छोटे भाई सोहिल ने बचाने का प्रयास किया तो छोटा ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी। सोहिल बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर सोहिल के ताऊ हबीब ने बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से पीटा। लोहे की किसी चीज से हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोग पहुंचे तो हमलावर आइंदा देख लेने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### हर्ष फायरिंग करने वाले पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** हर्ष फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना अलापुर पुलिस हरकत में आई। हर्ष फायरिंग करने वालों के बारे में जानकारी की। उप निरीक्षक की तहरीर पर पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज की है। बेटे ने अपने पिता की रायफल और रिवाल्वर से शादी समारोह में फायरिंग की थी। सोशल मीडिया पर 27 नवंबर को एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें मंच पर दूल्हा-दुल्हन बैठे थे। दो युवक रायफल या बंदूक से फायरिंग कर रहे थे। वीडियो में उनका चेहरा स्पष्ट नहीं हो रहा था। पुलिस के पास तक वीडियो पहुंची तो प्रभारी निरीक्षक ने जांच कराई। जांच में पता चला कि वीडियो 25 नवंबर का है। गांव चितौरा निवासी विशाल पुत्र बाबू की बारात गांव ग्योतिधर्मपुर निवासी रविंद्र कुमार पुत्र प्रेमशंकर की बेटी से शादी के लिए आई थी। शादी में अलापुर क्षेत्र के गांव नगरिया हरिदास निवासी अशोक कुमार शर्मा पुत्र छोटे लाल और उनके बेटे निखिल कुमार शर्मा उर्फ सनी शामिल हुए थे। अशोक कुमार शर्मा के पास रायफल व रिवाल्वर के लाइसेंस हैं। निखिल कुमार ने अपने पिता के लाइसेंसी रिवाल्वर व रायफल से जयमाला के समय भीड़ होने के बाद भी फायर किए थे।

## 4 हजार में मनचाहा प्यार, फतेह खान पहाड़ में फैला रहा जाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दिल के मारे हों या फिर किसी बड़ी मुसीबत में फंसे लोग। ऐसे लोगों को अगर काम बनता दिखता है तो वह हर किसी पर भरोसा कर लेते हैं। हर वो काम करने को भी तैयार हो जाते हैं, जिस पर भरोसा करना मुश्किल हो। लोगों की ऐसी ही मजबूरियों का फायदा उठाने के लिए एक महागुरू पहाड़ पर जाल बिछा रहा है। दावा कर रहा है कि सिर्फ 4 हजार रुपये में वह लोगों को उनका मनचाहा प्यार दिला सकता है।

खुद को महागुरू फतेह खान बताने वाला यह बाबा मुरादाबाद का रहने वाला है। इन दिनों शहर व पहाड़ में इसके गुर्गे गली-गली फैले हुए हैं। लोगों को यहां-वहां, किसी लावारिस खड़ी मोटर साइकिल पर, किसी दुकान या किसी पार्क में बड़ी संख्या में विजिटिंग कार्ड मिल रहे हैं। इस कार्ड पर कथित महागुरू का व्हाट्सएप नंबर भी लिखा है। ये महागुरू खुद को वशीकरण और मुठकरनी का स्पेशलिस्ट बताता है और कार्ड में लिखता है कि वह मनचाहा प्यार दिला सकता है, प्रेमी-प्रेमिका को वश में करा सकता है, नशा छुड़वा सकता है, जमीनी झगड़े पल भर में निपटा सकता है।

### एनडीपीएस एक्ट में दो लोगों को हुई सजा

**बदायूं, अमृत विचार:** एनडीपीएस एक्ट में दो लोगों को कोर्ट ने तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मुजरिमों को पुलिस ने वर्ष 2005 में अफीम डोडा का चूरा ले जाते हुए पकड़ा था।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस अतुल कुमार सिंह के मुताबिक थाना कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक ध्यान सिंह ने 19 नवंबर 2005 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब वादी ध्यान सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त कर रहे थे तो छोटी जियारत के रास्ते कुरऊ की ओर से दो व्यक्ति अपने कंधे पर एक-एक बोरा रख आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों पीछे मुड़कर चलने लगे।

## नगर में ई-रिक्शा से लगा जाम, फंसे लोग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में आंबेडकर पार्क से लेकर इंद्रा चौक तक ई-रिक्शा से शुक्रवार को जाम लग गया। मार्ग पर ई-रिक्शा एवं वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी हुई। इंद्रा चौक के पास लगे जाम को खुलवाने के लिए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता ने ई-रिक्शा एवं वाहनों को कतार में लगवाया।

घंटों की मेहनत के बाद वह जाम खुलवाने में सफल हुए। व्यापारी नेता सचिन गुप्ता ने बताया कि अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के कारण बाजारों में जाम की समस्या बनी रहती है। कई बार शिकायत दर्ज करने के बाद भी अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।



नगर में ई-रिक्शा से लगे जाम में फंसे वाहन सवार लोग। ● अमृत विचार

## शाहजहांपुर में प्राचीन पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का निकलना जारी

# सिंधौली के गांव गोरारायपुर में निकली प्राचीन गढ़ी की नींव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के गांव गोरारायपुर में खुदाई के दौरान ईंटों की नींव मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं क्षेत्र में हो रही हैं। माना जा रहा है कि यह नीव किसी प्राचीन सभ्यता का अवशेष हो सकती है। जिले में प्राचीन पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का निकलना लगातार जारी है।

अभी हाल ही में निगोही में महाभारत कालीन अस्त्र शस्त्र,क्रांतिकारियों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली मैच लॉक रायफल निकली थीं वहीं कुछ दिन पूर्व जलालाबाद से एक गुप्तकालीन मंदिर ही जमीन से बाहर आ गया था। ताजा मामले में



खुदाई में निकली नींव।

ग्राम प्रधान के बेटे संजय दीक्षित जब मनरेगा के तहत किसी निर्माण को लेकर खुदाई कार्य करा रहे थे उसी दौरान लगभग 20 फुट लंबी नीब सामने आई। यह पूर्ण रूप से ईंटों की बनी हुई है।

इसकी जानकारी मिलने पर एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष विकास खुराना ने बताया कि यह नीव गढ़ी का हिस्सा हो सकती है। चूंकि बस्ती का प्राचीन इतिहास रहा है। इसलिए यहां और भी अवशेष मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। डॉ. खुराना ने कहा कि अगर और व्यापक खुदाई का कार्य कराया जाए तो जनपद के लिए अन्य प्राचीन अवशेष सामने आ सकते हैं, जो पुरातात्विक विभाग के लिए अचंभित करने वाले होंगे। इस टीले की ओर सबसे पहला ध्यान संयुक्त प्रांत के पहले पुरातात्विक महानिदेशक एए फ्यूहरर ने आकर्षित किया था। उन्होंने इसके उत्खनन के लिए वर्ष 1892 में पहल भी की थी किंतु योजना को मूर्त रूप नहीं मिल सका। शाहजहांपुर का ब्रिटिश कालीन गजेटियर इसे चीन-भारत यात्रा मार्ग का महत्वपूर्ण पड़ाव बताता है। यहां तक कि मशहूर चीनी यात्री फ़हियाँन ने अपने यात्रा वृतांत में यहां स्थित एक बड़े बुद्ध बिहार का उल्लेख किया है जहां यात्री विश्राम कर आगे बढ़ते थे। यहां गूजर,पासी,अहीर जातियों की अधिकता थी।

बारहवीं सदी में यह स्थान विख्यात कठेरिया राजपूत पीठ के रूप में स्थापित हो गया था। इस समय तक जनपद के उत्तरी सेहरामऊ स्थित ज्ञात प्राचीनतम नगर इसका टप्पा भर था। जब अकबर ने अपने तेरहवें वर्ष में इस क्षेत्र में पहला जिला कांट ओ' गोला सरकार बनाया तब यह स्थान उसका मुख्यालय बना। रुहेला काल में जब जिले के अंतरिक प्रबन्धन के कार्य हुए तब गोरा महाल को तोड़ दिया गया और इसके दस घटक बने । इनमें इस्लामाबाद जीवन या मुर्तजाबाद,औरंगाबाद,हवेली का कुछ हिस्सा मिलकर पुवायां परगना,हवेली पिलखुआ को मिलाकर बड़ा गांव परगना बनाया गया। इस गढ़ी के पास ब्रिटिश काल में खन्नौत नदी का गोरा नौका घाट जिले के सुरम्य प्राकृतिक घाटों में एक था। वस्तुतः गोरा रायपुर जिले के प्राचीनतम इतिहास से लेकर वर्तमान समय तक का साक्षी है।अगर इसकी एक बार विधिवत खुदाई हो जाए तो जनपद के प्राचीन गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना हो सकती है।

### क्षेत्र प्राचीन गढ़ी के रूप में अस्तित्व में था: विकास खुराना



एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष विकास खुराना ने बताया कि यह क्षेत्र प्राचीन गढ़ी के रूप में अस्तित्व में था। बताया कि पुरातात्विक महानिदेशक ने क्षेत्र के उत्खनन के लिए प्रयास किए थे, लेकिन इस पर काम नहीं हो सका था। खुदाई के दौरान मिली नीव किसी प्राचीन बस्ती का संकेत दे रही है। ईसा पूर्व छठी सदी में यह प्राचीन अहिच्छत्र जानपद के अंतर्गत स्थित गढ़ी थी। यहां अभी तक अहिच्छत्र और कुषाण कालीन सिक्के बहुतायत में मिलते रहें हैं।

# वाराणसी का यूपी कॉलेज फिर चर्चा में, मुद्दा गरमाया

## 6 साल पहले यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड ने ठोका था दावा

- शुक्रवार को लगभग 500 नमाजी कालेज परिसर में पहुंच गए

वाराणसी, एजेंसी

वक्फ की संपत्तियों को लेकर अक्सर विवाद होता रहा है। केंद्र सरकार भी संसद के वर्तमान सत्र में वक्फ संशोधन बिल लेकर आने वाली है. इसके पक्ष-विपक्ष में पूरे देश में माहौल गरम हैं. ऐसे में वाराणसी में भोजूबीर स्थित उदय प्रताप कॉलेज ( यूपी कॉलेज ) को लेकर मुद्दा गरमाया हुआ है। यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ की तरफ से उदय प्रताप कॉलेज की जमीन को वक्फ की संपत्ति होने का दावा किया गया है। इस लेकर एक नोटिस 2018 में दिया गया था। अब 6 साल बाद एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा चार दिन पहले कालेज के स्थापना दिवस समारोह में कहा गया था कि भूमि उपलब्ध होने पर यहां युनिवर्सिटी बनाई जाएगी। इस बयान के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया। कालेज परिसर में नवाब टोंक की मस्जिद और एक मजार भी है। मजार को कचनार शाह की मजार के नाम से जाना जाता है। मस्जिद में काफी समय से मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने के लिए आते हैं।

शुक्रवार को अचानक जुमे की नमाज पढ़ने के लिए कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद में लगभग 500 नमाजी पहुंच गए जबकि पूर्व में वहां दो-चार लोग ही आते थे। जानकारी होने के बाद कॉलेज परिसर में फोर्स तैनात कर दी गई। हालांकि माहौल पूरी तरह शांत रहा। 2018 में 115 वर्ष पुराने संस्थान पर यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के सहायक सचिव आले अतीक ने वक्फ एक्ट 1995 के तहत 2018 में कालेज प्रबंधक को नोटिस भेजा गया था। प्रबंध कमेटी की ओर से इसका जवाब भी दे दिया गया था. यूपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ डीके सिंह डॉ डीके सिंह ने बताया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड की तरफ से सैकड़ों एकड़ में फैले यूपी कॉलेज कैंपस पर दावा ठोका गया था. जिसका जवाब देकर बताया गया था कि इस कॉलेज की स्थापना इंडोनमेंट ट्रस्ट के द्वारा की गई है। ट्रस्ट की जमीन न तो खरीदी जा सकती है और न ही बेची जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस जवाब के बाद बोर्ड की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।



### कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

यूपी कॉलेज को वक्फ बोर्ड के नोटिस के मामले में छात्रों के गुस्से के बाद कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। कैंपस में पीएसी और पुलिस की तैनाती कर दी गई है और संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही है। यूपी कालेज परिसर छावनी में तब्दील हो गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसको लेकर उदय प्रताप कॉलेज में छात्रों और कॉलेज प्रशासन के साथ बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि नोटिस 2018 का है और कॉलेज प्रशासन ने साक्ष्यों के साथ जवाब दिया है। अब फिर मामला गरमाने पर प्रशासन सतर्क हो गया है।

## आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं।

करीब पांच वर्ष पहले नोएडा के तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने हिमांशु कुमार पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। बता दें कि इस मामले में विजिलेंस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। इसमें बीते वर्ष अप्रैल माह में हिमांशु को क्लीन चिट मिल गई थी।

# विपक्ष भयभीत,अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

## टीम भावना व एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। योगी ने चुनाव से पहले ही बनाई गई जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उप्र. उप चुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया।



शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा विपक्ष : भूपेंद्र

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष अपनी पराजय सुनिश्चित मानकर नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है। हमें विपक्ष की झूठ और नकारात्मक राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देना है, उनका पर्दाफाश करना है।

### उप चुनाव में विजयी 7 प्रत्याशियों की दिलाई शपथ

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

## रोहिंग्या, बांग्लादेशी को घुसपैठ कराने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** देश में घुसपैठ और मानव तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य को एटीएस ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से गुरुवार देर शाम को दबोच लिया। बांग्लादेश और रोहिंग्या को भारत में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कराने, उनके पहचान पत्र बनवाने का काम एक सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा है। इस सिंडिकेट के 11 सदस्य पहले से ही गिरफ्तार किए गए है। पकड़े गये आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मो. अब्दुल्ला उर्फ अबू सालेह मंडल उर्फ अब्दुल्ला गाजी है। वह म्यांमार के अकयाब मांगडू स्थित दामनखाली का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि उसने कई नाम से अपना भारतीय पहचान पत्र बनवाया है।

# एससी-एसटी एक्ट की कार्यवाही को दी जा सकती है चुनौती: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि उपरोक्त अधिनियम के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही पर न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोर्ट सीआरपीसी की धारा 482 के अनुसार अपने अधिकार क्षेत्र के तहत विचार कर सकती है। ऐसे मामलों में हस्तक्षेप के संबंध में कोई कठोर नियम नहीं है।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के गुलाम मुस्तफा मामले का हवाला देते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत जब कोर्ट संपूर्ण कार्यवाही का संज्ञान लेती है तो वह समन आदेश आदि की सत्यता और वैधता की जांच भी कर सकती है, लेकिन जब संपूर्ण कार्यवाही धारा 482 के तहत चुनौती के अधीन नहीं होती तो अभियुक्त के लिए एकमात्र रास्ता एससी/एसटी अधिनियम की धारा 14 ए के तहत अपील दाखिल करना होता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने अभिषेक अवस्थी उर्फ भोलू अवस्थी सहित दर्जनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट के समक्ष मुद्दा था कि क्या कोई व्यक्ति किसी भी अंतरिम आदेश का विरोध किए बिना एससी/एसटी अधिनियम के तहत पूरी कार्यवाही को सीआरपीसी की धारा 482 के तहत हाईकोर्ट में चुनौती दे सकता है, जिस पर कोर्ट ने तथ्यों की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि कोर्ट सीआरपीसी की धारा 482 के तहत संपूर्ण कार्यवाही पर संज्ञान लेते समय समन आदेश की वैधता को भी परखती है। कोर्ट ने याचिका को विचार कर यथोचित आदेश पारित करने को संबंधित पीठ के समक्ष भेज दिया।

## तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

# 2 ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी। वर्तमान में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का कुल घाटा एक लाख 10 हजार करोड़ बताया जा रहा है।

### बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे।

## वर्ग पहेली-267

**बाएं से दाएं**

1. वध, मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 7 | | |
| 8 | | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | ■ | ■ | 2 सें | ■ | ■ | 3 फ़ |
| त | ■ | ■ | 4 स | ह | चा | री |
| ति | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ज़ा |
| ■ | 5 नि | वे | शि | त | ■ | ■ |
| ■ | रो | ■ | प | ■ | ■ | 6 चिं |
| ■ | ध | ■ | ■ | ■ | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | ■ | ड़ा |

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |

### सुडोकू - 179 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10 .29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 12 .35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृष** – आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** – आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह** – आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

**कन्या** – आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

**धनु** – आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

**मकर** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

**मीन** – आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मि. इंडिया – दोपहर : 12 .11
रास्कल्स – रात : 07 .16

**&pictures**
टॉइलेट-एक प्रेम कथा – सुबह : 10 .52
विवाह – रात : 07 .30

**Sony Pix**
बैटमैन बिगिन्स – सुबह : 11 .01
द 355 – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
किसी का भाई किसी की जान – सुबह : 10 .49
औरों में कहां दम था – रात : 08 .00

**Zee Action**
बदला नाग का – सुबह : 11 .23
मोहरा – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10 .49 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की – अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

## एक नजर

### जीजेईपीसी ने हीरे पर नए मानकों को अपनाया

**मुंबई।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने हीरे के बारे में अमेरिका के संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) की तरफ से जारी नए दिशानिर्देशों को अपना लिया है। एफटीसी के ये दिशानिर्देश उपभोक्ताओं को हीरे खरीदते समय सही निर्णय लेने में मदद करेंगे।

### जीसीसीए की भारतीय शाखा से एनसीबी ने किए दो करार

**नई दिल्ली।** भवन निर्माण सामग्री बनाने वाली इकाइयों के फोरम नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटीरियल्स (एनसीबी) ने सीमेंट उद्योग में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटाने के नए तरीकों की खोज करने के लिए ग्लोबल सीमेंट एंड कंक्रीट एसोसिएशन (जीसीसीए), की भारतीय शाखा के साथ दो करार किए हैं।

## मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपए चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1070 डीएमओ-820 बोल्ड-1135
**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1070 बोल्ड- 1120 डीएमओ- 890

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 79,500 |
| चांदी आभूषण | 92,100 |

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि गुरुवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सिंतबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 , 0.4 , 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

## राष्ट्रीय

# वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : मोदी

## विपक्ष पर प्रधानमंत्री ने किया कटाक्ष, बोले- सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते।

उन्होंने कहा कि इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और गुस्सा जनता पर निकालने लगे हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

### राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा कि इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

## गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

# टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

नई दिल्ली, एजेंसी

### मंदिरों में प्रसाद का मामला



- सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

## मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

### अजमेर दरगाह



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

## वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

## मप्रः खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

**खंडवा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि यह घटना गुरुवार आधी रात की है जब जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को उल्टा करके बुझाने के लिए पानी से भरे कंटेनर में डाला जा रहा था, तभी आग की लपटें धधक उठीं। कुछ सेकेंड तक इन लपटों से आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों द्वारा 2009 को मारे गए पुलिसकर्मी सीताराम सहित तीन लोगों की याद में हर साल ये जुलूस निकाला जाता है।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

# लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में



**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

### इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के .राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

### इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

### आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठीं वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।



## गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

सिंगापुर, एजेंसी

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

## खेल डायरी

### मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रेक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

### हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

## कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

# बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

कैनबरा, एजेंसी



**मैच : सुबह 9:10 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश :** जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है। टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

**मेलबर्न।** नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी श्रृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

### राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

**कैनबरा।** चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें। अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

## बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

पुणे, एजेंसी

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

## ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

क्राइस्टचर्च, एजेंसी



- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर

‹‹ पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बॉलीवुड हलचल



### बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

### पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति



**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

### मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूज़ा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

ब्यूरो, देहरादून



- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राहुल शर्मा द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक-सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034* इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

### अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है। फोर्ब्स पत्रिका ने आनंद को मलेशिया का छठा सबसे अमीर व्यक्ति बताया था जिनकी कुल संपदा 5.1 अरब डॉलर की है।

### खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर–पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया।

### ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले स्काई न्यूज और द टाइम्स ऑफ लंदन समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्यः संरा

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

### चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर 1,900 हुई

**बीजिंग।** कृत्रिम प्रजनन पद्धति के इस्तेमाल के बाद चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर लगभग 1,900 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भालू के परिवार के ये सदस्य गोल चेहरे, मोटे शरीर और शरीर पर सफेद तथा काले बालों के विशिष्ट निशान के लिए पहचाने जाते हैं। इनकी आबादी बढ़ने के साथ ही ये लुप्तप्राय से संवेदनशील श्रेणी में आ गये हैं। चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि विशाल पांडा का प्रजनन सबसे कठिन प्रक्रिया थी।

## चक्रवात की आशंका



आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

## डेमोक्रेटिक सांसदों को बम विस्फोट की मिली धमकी

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी के कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के कम से कम चार सांसदों को उनके घरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सांसदों एवं उनके कार्यालयों ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों जिम हिम्स, जो कोर्टनी, जॉन लार्सन और जहाना हेस ने उन्हें धमकियां मिलने की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि उसे सांसदों की संपत्तियों पर विस्फोटक सामग्री से संबंधित कोई सबूत नहीं मिला।

राज्य से प्रतिनिधि सभा के पांचवें डेमोक्रेटिक सदस्य रोसा डेलाउरो और कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सीनेटर को भी धमकियां मिली हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले, अमेरिका में कैबिनेट स्तर के कई मनोनीत और शीर्ष प्रशासनिक अफसरों को धमकी मिली थी।

# भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत



वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

## भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।



जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

### बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**ढाका।** बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

### ब्रिटेन के सांसद ने हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला संसद में उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की। ब्लैकमैन ने सांसदों को बताया उन्हें (दास) बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में यह फैसला देने का प्रयास किया गया कि इस्कॉन को देश से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए, जो हिंदुओं पर सीधा हमला है।

### चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश



बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

**ढाका।** बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन–देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन–देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबां लगाने की मांग की।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस ) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि जय अंबे सोसायटी, तीसरे फाटक के पास, गांव आरभडा, ओखा मंडल, देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने



गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी। इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।

## कैमरून में नाव पलटी, 20 की मौत

**याउंडे।** कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई, जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है, इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

# अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- वायु सेना निरंतर परीक्षण के लिए 259 मिसाइलों का करेगा उपयोग

अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है।

जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है। सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है।

## चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर की आलोचना

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते दक्षिण प्रशांत की अपनी यात्रा के दौरान हवाई और गुआम में ठहरेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है। लाइ शनिवार को ताइवान से मार्शल द्वीप समूह, तुवालु और पलाऊ की यात्रा के लिए रवाना होंगे जो ताइवान के तीन राजनयिक सहयोगी हैं। लाइ के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह अमेरिका के प्रांत हवाई और अमेरिकी क्षेत्र गुआम में रुकेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है।

# वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति बनाने के करीब पहुंचे

**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

- पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का मिला समर्थन

प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए।

पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है। वहीं, कुछ प्लास्टिक उत्पादक और सऊदी अरब सहित तेल एवं गैस उत्पादक देशों ने प्लास्टिक उत्पादन को संधि में शामिल किये जाने का विरोध किया।

## युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान

**बेरूत।** लेबनान के प्रधान मंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

# रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

**सियोल, एजेंसी**

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते



हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।

## उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

**खगोल विज्ञान** चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

# वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है । मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैनेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।



### लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

**नैनीताल :** ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।